श्री श्वेत मलिक (पंजाब)ः आपके शासन में कश्मीर जला है। ...(**व्यवधान**)...

---

*Expunged as ordered by the Chair.

श्री गुलाम नबी आज़ादः सर, मैं ...(**व्यवधान**)...

†**جناب غلام نبی آزاد :** سر، میں---(مداخلت)---

श्रीमती विप्लव ठाकुर (हिमाचल प्रदेश)ः यह बड़े अफसोस की बात है कि ...(**व्यवधान**)...

सभा के नेता (श्री अरुण जेटली)ः माननीय सभापति जी, जम्मू-कश्मीर आज sensitive स्थिति में है और इसलिए आवश्यकता है कि यह सदन उसके संबंध में जहां तक संभव हो, एक आवाज़ में बोले। ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापतिः आप सुन लीजिए। ...(**व्यवधान**)... आप बात को सुन लीजिए। ...(**व्यवधान**)... Please sit down. ...*(Interruptions)*... Please allow the Leader of the House. ...*(Interruptions)*...

श्री अरुण जेटलीः इसलिए ऐतिहासिक दृष्टि से कई ऐसे विषय हैं, जहां पर हमारे आपस में मतभेद रहे हैं, लेकिन आज उपयुक्त समय नहीं है कि हम उन विषयों को लेकर इस बहस को किसी और दिशा में ले जाएं। ...(**व्यवधान**)... मैं नेता प्रतिपक्ष से और बाकी सभी सदस्यों से आग्रह करूंगा कि जहां तक संभव हो, ...(**व्यवधान**)... बहस का एक राष्ट्रीय दृष्टिकोण हम मद्देनज़र रखें। ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापतिः शरद जी, आप कुछ कहना चाहते हैं? आप बोलिए।

श्री शरद यादव (बिहार)ः सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से एक विनती करना चाहता हूं कि यहां पर जो भी सदस्य बोल रहे हैं और ट्रेज़री बैंच के मित्रों से मेरा कहना है कि आपका वक्त आएगा, आप अपनी तरफ से सारी बात रख सकते हैं। नेता विपक्ष अपनी बात रह रहे हैं। हम एक-दूसरे की बात सुनें। कश्मीर के मामले में लोगों की दो राय नहीं है, एक राय है, लेकिन बीच में कोई बात कहता है, तो उस पर रिएक्ट करने की जरूरत नहीं है। हम एक-दूसरे को सुनने का काम करें।

श्री सभापतिः थैंक्यु शरद जी। Please resume. ...*(Interruptions)*... Let us proceed. ...*(Interruptions)*...

श्री गुलाम नबी आज़ादः सभापति महोदय, मैं लीडर ऑफ द हाउस और होम मिनिस्टर की बहुत कद्र करता हूं। मैंने शुरू में ही कहा था कि मेरी कोई intention नहीं है कि आज पुरानी चीज़ों को उठाया जाए। हम भी पुरानी चीज़ों को उठाएंगे कि 1947 में आपका क्या रोल रहा और हमारा क्या रोल रहा, फिर हम इस बहस से हट जाएंगे। मेरा आपसे निवेदन है कि जो पार्लियामेंटरी चीज़ें नहीं हैं, उन पर आपको क्या तकलीफ होती है? हम अपोजिशन में हैं। आप चाहते हैं कि हम भी सरकार की ज़बान बोलें, तो फिर हमें घर बैठना चाहिए। हम अपोजिशन में हैं, तो अपोजिशन की भाषा बोलेंगे। जब आप यहां पर लीडर ऑफ द अपोजिशन थे, तो हम आपको सुनते थे। रूलिंग पार्टी के मेम्बर्स को, मिनिस्टर्स को तो सूझबूझ है और वे सुनते हैं। ...(**व्यवधान**)...

[श्री गुलाम नबी आज़ाद]

† **جناب غلام نبی آزاد :** سبھا پتی مہودے، میں لیڈر آف دی ہاؤس اور ہوم منسٹر کی بہت قدر کرتا ہوں۔ میں نے شروع میں ہی کہا تھا کہ میری کوئی انٹینشن نہیں ہے کہ آج پرانی چیزوں کو اٹھایا جائے۔ ہم بھی پرانی چیزوں کو اٹھائیں گے کہ 1947 میں آپ کا کیا رول رہا ہے اور ہمارا کیا رول رہا ؟ پھر ہم اس بحث سے ہٹ جائیں گے۔ میرا آپ سے نویدن ہے کہ جو ان-پارلیمنٹری چیزیں نہیں ہیں، ان پر آپ کو کیا تکلیف ہوتی ہے؟ ہم اپوزیشن میں ہیں۔ آپ چاہتے ہیں کہ ہم بھی سرکار کی زبان بولیں، تو پھر ہمیں گھر بیٹھنا چاہئے۔ ہم اپوزیشن میں ہیں، اپوزیشن کی بھاشا بولیں گے۔ جب آپ یہاں پر لیڈر آف دی اپوزیشن تھے، تو ہم آپ کو سنتے تھے۔ رولنگ پارٹی کے ممبرس کو، منسٹرس کو تو سوجھہ بوجھہ ہے اور وہ سنتے ہیں ...(مداخلت)...

श्री शरद पवार (महाराष्ट्र): मिनिस्टर सुनते नहीं हैं। ...(**व्यवधान**)... ये भी सुनते नहीं हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री गुलाम नबी आज़ाद: नये-नये मिनिस्टर हैं। पहली दफा बने हुए मिनिस्टर हैं, जो पुराने मिनिस्टर हैं, चाहे इधर वाले हों, चाहे उधर वाले हों, उनको पता है कि किस सीमा में रहना है, नये मिनिस्टरों को पता नहीं होता है। ...(**व्यवधान**)...

† **جناب غلام نبی آزاد :** نئے نئے منسٹر ہیں۔ پہلی دفعہ بنے ہوئی منسٹر ہیں، جو پرانے منسٹر ہیں، چاہے ادھر والے ہوں، چاہے ادھر والے ہوں، ان کو پتہ ہے کہ کس سیما میں رہنا ہے، نئے منسٹروں کو پتہ نہیں ہوتا ہے...(مداخلت)...

MR. CHAIRMAN: Please proceed. ...*(Interruptions)*...

श्री गुलाम नबी आज़ाद: "नाम सिकंदर रखने से, वक्त सिकंदर हो न सका।" ...(**व्यवधान**)... इसलिए जो वजीर-ए-आज़म ने कहा कि इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत को हमने आगे चलाना है। मैं अटल बिहारी वाजपेयी जी की बहुत कद्र करता रहा, बहुत अरसे तक मैं पार्लियामेंटरी अफेयर्स मिनिस्टर रहा और वे विपक्ष के नेता था, तो मुझे उनके साथ बहुत समय तक काम करने का मौका मिला। कुछ चीज़ें थीं, जो अटल जी के मुंह से ही अच्छी लगती थीं। वे सब के मुंह से अच्छी नहीं लगती हैं। हमारे भूतपूर्व प्रधान मंत्री जी यहां पर बैठे हैं, जो बातें इनके मुंह से अच्छी लगेंगी, शायद वे मेरे मुंह से अच्छी नहीं लगेंगी, क्योंकि उसमें इंसान का character भी उसी ढांचे का होना चाहिए। वह कश्मीरियत, इंसानियत और जम्हूरियत उनके मुंह से अच्छी लगती थी। मैं यह नहीं कहता कि उस

†Transliteration in Urdu script.

कश्मीरियत, जम्हूरियत और इंसानियत के नाते कश्मीर का कितना हल निकला, मैं उसमें नहीं जाना चाहता हूं, लेकिन वे कई चीज़ों पर यकीन करते थे - इंसानियत पर भी, जम्हूरियत पर भी और लोकतंत्र पर भी। जब दूसरे लोग बोलते हैं, जो इन चीज़ों पर विश्वास ही नहीं रखते हैं, तो बड़ा अटपटा लगता है। आज हमारी लड़ाई कश्मीर में जम्हूरियत, इंसानियत और कश्मीरियत की है। कश्मीरियत क्या है? यह sufism है। कुछ लोग अलाहिदगी पसंद हो सकते हैं, अलाहिदा देश बनाने की बात करने वाले हैं, लेकिन वहां communalism नहीं है। There is a difference between communalism and separatism. Separatism के नारे हैं। यह ठीक है कि militants ने कश्मीरी भाइयों को भगाया, लेकिन militants मुसलमानों को कौन सा छोड़ रहे हैं? आप देखिए कि कितने मारे हैं, जितने मारे हैं, उनमें 95 per cent तो मुसलमान हैं। Militants का कोई धर्म नहीं होता है, कोई मज़हब नहीं होता है, militants तो militants हैं। चाहे वह कश्मीर का militants हो, चाहे पंजाब का militants हो, चाहे वह दुनिया का कोई भी ISIS का militants हो, उसका कोई मज़हब नहीं है। चाहे वह कोई भी आतंकवादी हो, उसका काम है आतंक पैदा करना, लेकिन कश्मीर फिरकापरस्त नहीं है, वह सेक्युलर है। आज उसी कश्मीरियत और इंसानियत का जो खात्मा किया जा रहा है, That is not flowing through democracy but through the barrel of the gun in the form of the pellet guns.

आज जम्हूरियत का, इंसानियत का और कश्मीरियत का कत्ल हो रहा है, यही तो हम कहते हैं कि इसका हल निकालें और सब मिलकर निकालें। इसके हल के लिए आप बैठेंगे, हम बैठेंगे। मैं यह बात पहली दफा नहीं कह रहा हूं, मैं परसों भी यह कह चुका हूं। जब मैं 1947 में पैदा भी नहीं हुआ था, तब से यह चल रहा है। यह कई दफा हुआ और मेरे मुख्य मंत्री के वक्त में भी हुआ। अगर मुझे अच्छी तरह याद है, तो मेरे वक्त में 5 लोग मारे गए थे, फिर PDP ने support withdraw किया, उसके बाद भी यह दो महीने तक चला, क्योंकि जम्मू के लोगों ने economic blockade किया। उस economic blockade के खिलाफ कश्मीरी POK की तरफ चलने लगे। फिर फायरिंग हुई और उसमें 55 लोग मरे, लेकिन तब तक मैं चीफ मिनिस्टर नहीं था, लेकिन मेरे अपने वक्त में भी मैंने इसको झेला। जब हमारी और फारुक साहब की गवर्नमेंट थी, उस वक्त भी हुआ, तो आज हम कश्मीर के ऊपर किसी को इल्जाम नहीं लगा रहे हैं। मैं बार-बार कहता हूं कि कश्मीर की स्टेट गवर्नमेंट, चाहे वह मेरे वक्त की हो, फारुक साहब के वक्त की हो, उमर साहब के वक्त की हो, मुफ्ती साहब के वक्त की हो या फिर महबूबा जी के वक्त की हो, यह नार्मल लॉ एंड ऑर्डर नहीं है। माफ कीजिए, जम्मू और कश्मीर में लॉ एंड ऑर्डर केवल कश्मीर पुलिस नहीं करती है, पैरामिलिट्री फोर्सेज़ और पुलिस दोनों करती हैं, हिन्दुस्तान के बाकी हिस्से में लोकल पुलिस करती है। पिछले 25-26 साल से, जब से यहां militancy शुरू हुई है, दोनों मिलकर करते हैं। वहां का लॉ एंड ऑर्डर मध्य प्रदेश और राजस्थान का लॉ एंड ऑर्डर नहीं है। जम्मू और कश्मीर में चाहे किसी की भी गवर्नमेंट हो, इस स्टेट के पास इतने रिसोर्सेज़ नहीं हैं। हम डेवलपमेंट के लिए, विकास के लिए, पैसे के लिए और तनख्वाह के लिए सेन्टर की गवर्नमेंट पर निर्भर रहते हैं। हमारे रिसोर्सेज़ न होने के बराबर हैं। यहां से अगर कोई यह कह दे कि महबूबा मुफ्ती को सुलझाना चाहिए, तो माफ कीजिए, I think, you are asking for too much. यह उसके वश का नहीं है, मेरे वश का नहीं था, उमर साहब और फारुक साहब के वश का नहीं है, क्योंकि हमारे पास इतनी ताकत नहीं है, इतने रिसोर्सेज़ नहीं हैं, हमारे पास मैनपावर नहीं है, हमारे पास इतने सिक्योरिटी फोर्सेज़ नहीं हैं और सिक्योरिटी फोर्सेज़ रेज़ करने के लिए हमारे रिसोर्सेज़ नहीं हैं। डॉक्टर

[श्री गुलाम नबी आज़ाद]

साहब अच्छी तरह से जानते थे, अक्टूबर, 1947 में जब कबाइली आए थे, तब भी गवर्नमेंट ऑफ इंडिया को उस तरफ रुझान करना पड़ा था। अगर यहीं से फोर्सेज़ नहीं पहुंचाई जाती तो क्या का क्या हो जाता। तो हम निर्भर हैं, हम क्यों नहीं निर्भर होंगे, आप सुबह-शाम कहते हैं, Jammu and Kashmir is the integral part of India. But 'integral part of India' should not be on the paper only. There should be integration of minds; there should be integration of hearts. What we are asking for is this. Yes, Jammu and Kashmir is the integral part of India but what about the integration of hearts between the people of Kashmir and the people of India; what about the integration between the Governments, the federal Government and the State Government? There has to be some coherence, there has to be some integration, and there has to be some love and affection. There is some pain, agony, which we are not feeling. अगर होती तो 32 दिन के बाद स्टेटमेंट मध्य प्रदेश से नहीं बल्कि इस सदन के अंदर आता। यह दर्द यहां से, जब दिल से निकलेगा, तो इस की आवाज कश्मीर तक पहुंचेगी, लेकिन अगर जुबान से कहेंगे, तो वह चारदीवारी में गायब हो जाएगा।

माननीय चेयरमैन साहब, हम ने कुछ कदम उठाए थे। मैं यह नहीं कह सकता कि वे conclusion तक पहुंचे। मुझे खुशी है कि मैं उस समय चीफ मिनिस्टर था और डा0 मनमोहन सिंह जी प्राइम मिनिस्टर ऑफ इंडिया थे, उस समय तीन राउंड टेबल कान्फ्रेंस हुईं और उन तीनों राउंड टेबल कान्फ्रेंस की सदारत जनाब डा0 मनमोहन सिंह जी ने की। पहली राउंड टेबल कांफ्रेंस 25 फरवरी, 2006 को नई दिल्ली में हुई, दूसरी दो दिन की राउंड टेबल कान्फ्रेंस 24-25 मई, 2006 को श्रीनगर में हुई और तीसरी राउंड टेबल कान्फ्रेंस नई दिल्ली में 24 अप्रैल, 2007 को हुई। मुझे खुशी है कि सभी पॉलिटिकल पार्टीज - चाहे वह कांग्रेस है, नेशनल कांग्रेस है, पीडीपी है, बीजेपी है, सीपीआईएम है, सीपीआई है, पीपुल्स डेमोक्रेटिक फोरम है, समाजवादी पार्टी है, बीएसपी है, रीजनल ethnic groups लद्दाख के हैं, कारगिल के हैं, कश्मीरी पंडितों की 3 ऑर्गनाइजेशंस हैं, पुन्नून कश्मीर, कश्मीरी पंडित समिति, गुज्जर representatives, बकरवाल representatives, पहाड़ी representatives, Scheduled caste representatives, Sikh representatives, डोगरा सभा, जम्मू कश्मीर, ये तमाम 60-65 के करीब लोगों ने उस में शिरकत की थी। सिर्फ हुर्रियत ने उसे नहीं माना, बाकी इन राउंड टेबल कान्फ्रेंस में सभी religious groups, पॉलिटिकल पार्टीज, ethnic groups, तीनों रीज़ंस ने इन में शुमूलियत बड़ी अच्छी तरह से की। सर, उन राउंड टेबल कान्फ्रेंस के बाद 5 वर्किंग ग्रुप्स बने और मुझे यह कहते हुए खुशी है कि हमारे आज के वाइस प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया और हमारे चेयरमैन, राज्य सभा जनाब मोहम्मद हामिद अंसारी साहब उस Human right commission के और confidence building measures across the segments of the society के भी चेयरमैन थे। सर, इसके तहत कई सिफारिशात आईं, उनमें से कई लागू हुई हैं और मुझे यह कहते हुए खुशी है कि militancy widows को अलग से तो नहीं, लेकिन जो पैसा आम widows का मिलता है, वह उन्हें भी दिया गया।

कश्मीरी पंडितों के बारे में यहां चर्चा होती है। मुझे यह कहते हुए खुशी है कि प्रधान मंत्री जी ने जो स्कीम शुरू की और पैसा दिया, मेरे वक्त में ही उस से जम्मू में 5,242 फ्लैट्स बने और वहां hundred percent occupancy है। हमने employees के लिए कश्मीर के काजीकुंड में 225 फ्लैट्स,

शेखपुरा बडगाम में 200, फुलवामा में 60, कुपवाड़ा में 60, बारामूला में 125 फ्लैट्स बनाए। फिर कश्मीरी पंडितों के लिए 300 बनाए। हमने उन्हीं के लिए स्पेशली नौकरियां कीं और उसके तहत 1,750 लोग तभी उन नौकरियों में लगे और वही वहां कश्मीर में ट्रांजिट कैम्प्स में रहते हैं। बाद में उनके 900 लोगों की भर्ती के लिए एक और advertisement निकाला गया था, लेकिन कश्मीरी पंडित भाई आपस में कोर्ट में चले गए।

इसी तरह से दूसरे Confidence building measures के तहत उस समय श्री एम. के. रसगोत्रा, पुराने फॉरेन सेक्रेटरी की अगुवाई में strengthening relations across the line of control पर बहुत काम हुआ। उस वक्त के वज़ीर-ए-आज़म डा0 मनमोहन सिंह जी और यूपीए की चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी और उस वक्त के मुख्य मंत्री जनाब मुफ्ती मोहम्मद सईद की मौजूदगी में 25 अप्रैल को मुजफ्फराबाद के लिए उडी से रोड सर्विस शुरू की गई। इन दोनों जगहों से ट्रेड शुरू हो गया। हमने इसको भी implement किया।

तीसरी बात, economic development की थी। श्री सी. रंगराजन जी उसके चेयनमैन थे। उस economic development में रोड़, रेलवे, कम्युनिकेशन, डीज़ल, टूरिज्म आदि के मुद्दे थे। वज़ीर-ए-आजम ने 22 टूरिज्म अथॉरिटीज़ दीं, तब वे मुकम्मल भी हो गईं। वैली के अंदर तमाम रेलवे लाइन्स बिछाई गईं। मुझे याद है कि मुझे तीन या चार दफ़ा, डा. मनमोहन सिंह जी के साथ और यूपीए की चेयरपर्सन, सोनिया गाँधी जी के साथ जाने का मौका मिला। जम्मू प्रोविंस के भी एक हिस्से बनिहाल तक, बारामूला से लेकर बनिहाल तक, पूरी वादी में और जम्मू के कुछ हिस्से तक, रेल सर्विस शुरू की गई।

इसी तरह से अगर मैं ensuring good governance के बारे में, उसके लिए उठाए गए बहुत सारे कदमों के बारे में बताऊंगा, तो शायद यहाँ पर आधा घंटा लगेगा, लेकिन मेरे पास उतना समय नहीं है। एक रिपोर्ट, जो बहुत sensetive है, जिस पर पूरे सदन को, पूरी पार्टीज़ को काम करना होगा, क्योंकि वह काम किसी एक पार्टी के बस का नहीं है, that is, strengthening relation between the State and the Centre. उसमें बहुत सारी चीज़ें हैं। उनमें democracy, secularism, devolution of power, etc. ये तमाम चीज़ें हैं। इसकी रिपोर्ट थी। इसके जो चेयरमैन थे, वे Late (Justice) Saghir Ahmed थे, He was a retired Supreme Court Judge. Prior to that, he was the Chief Justice of High Court. यह सब्जेक्ट जितना complex था, उतना ही इसमें समय लगा। वह रिपोर्ट 2009, 10 में आई थी, तब तक तो यूपीए-2 भी बन गई थी। मैं भी वहाँ से आया, लेकिन उसमें भी, अभी तक कुछ नहीं हो पाया है। मेरे कहने का मतलब है कि इस तरह से इक़दामात उठाए गए।

यूपीए-2 में, डा. मनमोहन सिंह की लीडरशिप में एक बहुत बड़ा काम हुआ था, जिसको हमने बहुत फॉलो अप किया था। कश्मीर के लिए "उम्मीद" स्कीम, अर्थात् आशा, यह जो स्कीम है, जो "उम्मीद" स्कीम बनाई गई, It was meant for Women's Self Help Groups. इसमें बहुत काम हुआ है, "उड़ान" स्कीम, Udaan was meant for providing jobs to the educated unemployed. इस स्कीम में बहुत काम हुआ है, जयराम रमेश जी, इसको मॉनिटर करते थे, वे रूरल डेवलपमेंट मिनिस्टर थे, "हिमायत" *Himayat* was meant for providing jobs to school and college

[श्री गुलाम नबी आज़ाद]

dropouts. इसमें बहुत काम हुआ है, Then we had the JKEDI for entrepreneurship development. इसमें भी बहुत काम हुआ है। ये बहुत सारी चीज़ें हैं।

हमारी यूपीए-1 और यूपीए-2 में बहुत सारे confidence building measures हुए। इनमें से कइयों को लागू किया गया है। मैंने शुरू में ही कहा था कि मैं यह नहीं कह सकता कि "सब दूध का दूध और पानी का पानी" हो गया है, क्योंकि कश्मीर बड़ा complex मामला है। यहाँ पहले नंबर पर पॉलिटिक्स आती है, दूसरे नंबर पर economics आती है और तीसरे नंबर पर employment और अन्य चीज़ें आती हैं। जहाँ हम employment provide करने की बात करेंगे, जहाँ तक हम सड़कों और रोड्स की बात करेंगे, बिजली और पानी की बात करेंगे, वहाँ अगर हम वहाँ की पॉलिटिकल की बात नहीं करेंगे, तो मेरे ख्याल से हम बिल्कुल गलत रास्ते पर जा रहे हैं। इसलिए हमारी आज की मांग की जो मंशा थी, वह चाहे मेरी पार्टी की रही हो या मेरे साथियों की रही हो, वह यही मंशा थी कि कश्मीर में आज 32, 33 दिनों से कर्फ्यू लगा है और हज़ारों लोग जख्मी हैं, वे चाहे सिक्युरिटी फोर्सेज़ के लोग हों, चाहे सिविलियन्स हों। हमें जहाँ सिविलियन्स के मरने और जख्मी होने का दुख है, वे चाहे बच्चे हों, बहू, बेटियाँ हों, औरतें हों, बूढ़े हों या नौजवान हों, हमें जितना उनके लिए दुख और अफ़सोस है, उतना ही दुख और अफ़सोस, हमारे जो सिक्योरिटी फोर्सेज़ के लोग हैं, उनके लिए भी है, फिर वे चाहे जे. एंड के. पुलिस के हों, सीआरपीएफ के हों - आख़िरकार वे भी तो किसी के बच्चे हैं, वे भी हमारे देश का हिस्सा हैं, हमारे मुल्क का हिस्सा हैं, उनको जो काम दिया गया है, वे वह काम करते हैं, लेकिन जब भी वे लक्ष्मण रेखा क्रॉस कर देते हैं, तो उस लक्ष्मण रेखा को क्रॉस करने पर उनकी निन्दा भी होती है। सिक्युरिटी फोर्सेज़ का काम लॉ एंड ऑर्डर को मेंटेन करने का होता है, लेकिन उसमें दोनों तरफ से नुक़सान होता है। यह ठीक है कि पब्लिक का, सिविलियन्स का बहुत नुकसान हुआ है, तब ऐसे में, जब पार्लियामेंट चल रही है तो यह अल्मिया बनता है, जरूरी बनता है कि हम, तमाम पॉलिटिकल पार्टीज़, वे चाहें विपक्ष की पॉलिटिकल पार्टीज़ हों या सत्ताधारी पॉलिटिकल पार्टी हो, रूलिंग पार्टी हो, हम सभी को उनके दुख और दर्द में शामिल होना चाहिए। इस पूरे सदन को, पार्लियामेंट को कश्मीर के अवाम से, बच्चों से, नौजवानों से एक अपील करनी चाहिए कि वे अमन और शान्ति बहाल करें, ताकि हम सब मिल कर उनकी खुशहाली के लिए, जम्मू-कश्मीर के लोगों की खुशहाली के लिए, उन बच्चों के मुस्तक़बिल के लिए कुछ कर पाएँ। मेरे ख्याल में इस तरह की आवाज इस सदन से जानी चाहिए; इस तरह की आवाज, इस तरह की अपील इस पार्लियामेंट से जानी चाहिए। यह माँग करने का हमारा यही मकसद था। इसके साथ ही वहाँ All-Party Delegation जाना चाहिए। माननीय गृह मंत्री जी वहाँ गए, ठीक है, आप एक दफा हो आए, लेकिन मुझे लगता है कि आने वाले हफ्ते-दस दिन के अन्दर अगर इसके जाने का announcement भी हो जाए, तो अच्छा होगा, क्योंकि दो दिन के बाद पार्लियामेंट का सेशन खत्म हो जाएगा, तो सभी एमपीज़ अपना-अपना प्रोग्राम बनाएँगे, फिर उनको ढूँढना मुश्किल होगा। आज और कल के अन्दर अगर इसी सदन में All-Party Delegation की date का announcement हो जाए, तो अच्छा होगा। एक All-Party Meeting यहाँ भी हो जाए, एक All-Party Delegation कश्मीर चला जाए, यह हमारी माँग है। आपका बहुत-बहुत शुक्रिया जनाब-ए-सदर।

† **غلام نبی آزاد** : "نام سکندر رکھنے سے، وقت سکندر ہو نہ سکا" ...(مداخلت)...

اس لئے جو وزیر اعظم نے کہا کہ انسانیت، جمہوریت اور کشمیریت کو ہم نے آگے چلانا ہے۔ میں اٹل بہاری واجپئی جی کی بہت قدر کرتا رہا، بہت عرصے تک میں پارلیمنٹری افیئرس منسٹر رہا اور وہ وپکش کے نیتا تھے، تو مجھے ان کے ساتھ بہت وقت تک کام کرنے کا موقع ملا۔ کچھ چیزیں تھیں، جو اٹل جی کے منھ سے ہی اچھی لگتی تھیں۔ وہ سب کے منھ سے اچھی نہیں لگتی ہیں۔

ہمارے سابق پردھان منتری جی یہاں پر بیٹھے ہیں، جو باتیں ان کے منھ سے اچھی لگیں گی، شاید وہ میرے منھ سے اچھی نہیں لگیں گی، کیوں کہ اس میں انسان کا کریکٹر بھی اسی ڈھانچے کا ہونا چاہئے۔ وہ کشمیریت، انسانیت اور جمہوریت ان کے منھ سے اچھی لگتی تھی۔ میں یہ نہیں کہتا کہ اس کشمیریت، جمہوریت اور انسانیت کے ناطے کشمیر پر کتنا حل نکلا، میں اس میں نہیں جانا چاہتا ہوں، لیکن وہ کئی چیزوں پر یقین کرتے تھے — انسانیت پر بھی، جمہوریت پربھی لوکتنتر پر بھی۔ جب دوسرے لوگ بولتے ہیں، جو ان چیزوں پر وشواس ہی نہیں رکھتے ہیں، تو بڑا اٹپٹا لگتا ہے۔ آج ہماری لڑائی کشمیر میں جمہوریت، انسانیت اور کشمیریت کی ہے۔ کشمیریت کیا ہے، یہ صوفی-ازم ہے، کچھ لوگ علیحدگی پسند ہو سکتے ہیں، علیحدہ دیش بنانے کی بات کرنے والے ہیں، لیکن وہاں کمیونلزم نہیں ہے۔

There is a difference between communalism and separatism. Separatism کے نعرے ہیں۔ یہ ٹھیک ہے کہ ملیٹینٹس نے کشمیری بھائیوں کو بھگایا، لیکن ملیٹینٹس مسلمانوں کو کون سا چھوڑ رہے ہیں؟ آپ دیکھیئے کہ کتنے مارے ہیں، جتنے مارے ہیں، ان میں 95 فیصد تو مسلمان ہیں۔ ملیٹینٹس کا کوئی دھرم نہیں ہوتا ہے، کوئی مذہب نہیں ہوتا ہے، ملیٹینٹس تو ملیٹینٹس ہیں۔ چاہے وہ کشمیر کا ملیٹینٹس ہو، چاہے پنجاب کا ملیٹینٹس ہو، چاہے وہ دنیا کا کوئی بھی ISIS کا ملیٹینٹس ہو، اس کا کوئی مذہب نہیں ہے۔ چاہے وہ کوئی بھی آتنک وادی ہو، اس کا کام ہے آتنک پیدا کرنا، لیکن کشمیر فرقہ پرست نہیں ہے، وہ سیکولر ہے۔ آج اسی کشمیریت اور انسانیت کا جو خاتمہ کیا جارہا ہے، That is not flowing

†Transliteration in Urdu script.

[श्री गुलाम नबी आज़ाद]

through democracy but through the barrel of the gun in the form of the pellet guns.

آج جمہوریت کا، انسانیت کا اور کشمیریت کا قتل ہورہا ہے، یہی تو ہم کہتے ہیں کہ اس کا حل نکالیں اور سب مل کر نکالیں۔ اس کے حل کے لیے آپ بیٹھیں گے، ہم بیٹھیں گے۔ میں یہ بات پہلی دفعہ نہیں کہہ رہا ہوں، میں پرسوں بھی یہ کہہ چکا ہوں۔ جب میں 1947 میں پیدا بھی نہیں ہوا تھا، تب سے یہ چل رہا ہے۔ یہ کئی دفعہ ہوا اور میرے مکھیہ منتری کے وقت میں بھی ہوا۔ اگر مجھے اچھی طرح یاد ہے، تو میرے وقت میں پانچ لوگ مارے گئے تھے، پھر پی ڈی پی نے سپورٹ وتھڈرا کیا۔ اس کے بعد بھی یہ دو مہینے تک چلا، کیوں کہ جموں کے لوگوں نے economic blockade کیا۔ اس economic blockade کے خلاف کشمیری POK کی طرف چلنے لگے۔ پھر فائرنگ ہوئی اور اس میں 55 لوگ مرے، لیکن تب تک میں چیف منسٹر نہیں تھا، لیکن میرے اپنے وقت میں بھی میں نے اس کو جھیلا۔ جب ہماری اور فاروق صاحب کی گورنمنٹ تھی، اس وقت بھی ہوا، تو آج ہم کشمیر کے اوپر کسی کو الزام نہیں لگارہے ہیں۔ میں بار بار کہتا ہوں کہ کشمیر کی اسٹیٹ گورنمنٹ، چاہے وہ میرے وقت کی ہو، فاروق صاحب کے وقت کی ہوں، عمرصاحب کے وقت کی ہو، مفتی صاحب کے وقت کی ہو یا پھر محبوبہ جی کے وقت کی ہو، یہ نارمل لا اینڈ آرڈر نیں ہے۔ معاف کیجئے، جموں و کشمیر میں لااینڈ آرڈر صرف کشمیر پولیس نہیں کرتی ہے، پیراملٹری فورسیز اور پولیس دونوں کرتی ہیں، ہندستان کے باقی حصے میں لوکل پولیس کرتی ہے۔ پچھلے 25-26سال سے، جب سے یہاں militancy شروع ہوئی ہے، دونوں ملکر کرتے ہیں۔ وہاں کا لا اینڈ آرڈر مدھیہ پردیش اور راجستھان کا لااینڈ آرڈر نہیں ہے۔ جموں وکشمیر میں چاہے کسی کی بھی گورنمنٹ ہو، اس اسٹیٹ کے پاس اتنے ریسورسیز نہیں ہیں۔ ہم ڈیولپمنٹ کے لیے، وکاس کے لیے، پیسے کے لیے اور تنخواہ کے لیے سینٹر کی گورنمنٹ پر منحصر رہتے ہیں۔ ہمارے ریسورسیز نہ ہونے کے برابر ہیں۔ یہاں سے اگر کوئی یہ کہہ دے کہ محبوبہ مفتی کو سلجھانا چاہیئے، تو معاف کیجئے، I think, you are asking for too much. یہ اس کے بس میں نہیں ہے، میرے بس میں نہیں تھا، عمرصاحب اور فاروق صاحب کے بس میں نہیں ہے، کیوں کہ ہمارے پاس اتنی طاقت نہیں ہے، اتنے ریسورسیز نہیں ہیں، ہمارے پاس مین پاور نہیں ہے، ہمارے پاس اتنے سیکورٹی فورسیز نہیں ہیں اور سیکورٹی فورسیز ریز کرنے کے لیے ہمارے ریسورسیز نہیں ہیں۔ ڈاکٹرصاحب اچھی طرح سے جانتے تھے، اکتوبر 1947 میں جب قبائلی آئے تھے، تب بھی گورنمنٹ آف انڈیا کو اس طرف رجحان کرنا پڑا تھا۔ اگر یہیں سے فورسیز نہیں پہنچائی جاتی تو کیا کا کیا ہوجاتا۔ تو ہم منحصر ہیں، ہم کیوں نہیں منحصر ہونگے، آپ صبح شام کہتے ہیں،

Jammu and Kashmir is the integral part of India. But 'integral part of India' should not be on the paper only. There should be integration of minds; there should be integration of hearts. What we are asking for is this. Yes, Jammu and Kashmir is the integral part of India but what about the integration of hearts between the people of Kashmir and the people of India; what about the integration between the Governments, the federal Government and the State Government? There has to be some coherence, there has to be some integration, and there has to be some love and affection. There is some pain, agony, which we are not feeling.

اگر ہوتی تو 32 دن کے بعد اسٹیٹمینٹ مدھیہ پردیش سے نہیں بلکہ اس سدن کے اندر آتا۔ یہ درد یہاں سے، جب دل سے نکلے گا، تو اس کی آواز کشمیر تک پہنچے گی، لیکن اگر زبان سے کہیں گے، تو وہ چہاردیواری میں غائب ہوجائے گا۔

مانیئے چئیرمین صاحب، ہم نے کچھ قدم اٹھائے تھے۔ میں یہ نہیں کہہ سکتا کہ وہ کنکلوژن تک پہنچے۔ مجھے خوشی ہے کہ میں اس وقت چیف منسٹر تھا اور ڈاکٹر منموہن سنگھ جی پرائم منسٹر آف انڈیا تھے، اس وقت تین راؤنڈ ٹیبل کانفرنس ہوئیں اور ان تینوں راؤنڈ ٹیبل کانفرنسز کی صدارت جناب ڈاکٹر منموہن سنگھ جی نے کی۔ پہلی راؤنڈ ٹیبل کانفرنس 25 فروری 2006 کو نئی دہلی میں ہوئی، دوسری دو دن کی راؤنڈ ٹیبل کانفرنس 25-24 مئی 2006 کو سری نگر میں ہوئی اور تیسری راؤنڈ ٹیبل کانفرنس نئی دہلی میں 24 اپریل 2007 کو ہوئی۔ مجھے خوشی ہے کہ سبھی پالیٹیکل پارٹیز، چاہے وہ کانگریس ہے، نیشنل کانفرنس ہے، پی ڈی پی ہے، بی جے پی ہے، سی پی آئی ایم ہے، سی پی آئی ہے، پیوپل ڈیموکریٹک فورم ہے، سماجوادی پارٹی ہے، بی ایس پی ہے، ریجنل ethnic groups لداخ کے ہیں، کارگل کے ہیں، کشمیری پنڈتوں کی تین آرگنائزیشنس ہیں، پُنون کشمیر، کشمیری پنڈت سمیتی، گوجرrepresentatives ، بکروار representatives پہاڑی ریپریزنٹیٹیو، Scheduled caste representatives،

[श्री गुलाम नबी आज़ाद]

سکھ representatives ڈوگرا سبھا، جموں وکشمیر، یہ تمام 65-60 کے قریب لوگوں نے اس میں شرکت کی تھی۔ صرف حریت نے اسے نہیں مانا، باقی ان راؤنڈ ٹیبل کانفرنس میں سبھی مذہبی گروپ، پالیٹیکل پارٹیز، ethnic groups تینوں ریجنس نے ان میں شمولیت بڑی اچھی طرح سے کی۔ سر، ان راؤنڈ ٹیبل کانفرنس کے بعد پانچ ورکنگ گروپ بنے اور مجھے یہ کہتے ہوئے خوشی ہے کہ ہمارے آج کے وائس پریزیڈینٹ آف انڈیا اور ہمارے چئیرمین، راجیہ سبھا جناب محمد حامد انصاری صاحب اس Human right commission کے اور confidence building measures across the segments of the society کے بھی چئیرمین تھے۔ سر، اس کےتحت کئی سفارشات آئیں، ان میں سے کئی لاگو ہوئی ہیں اور مجھے یہ کہتے ہوئے خوشی ہے کہ militancy widows کو الگ سے تو نہیں، لیکن جو پیسہ عام widiows کو ملتا ہے، وہ انہیں بھی دیا گیا۔

کشمیری پنڈتوں کے بارے میں یہاں چرچہ ہوتی ہے۔ مجھے یہ کہتے ہوئے خوشی ہے کہ پردھان منتری جی نے جو اسکیم شروع کی اور پیسہ دیا، میرے وقت میں ہی اس سے جموں میں 5,242 فلیٹس بنے اور وہاں hundred percent occupancy ہے۔ ہم نے employees کے لیے کشمیر کے قاضی کنڈ میں 225 فلیٹس، شیخ پورا بڈگام میں 200، پلوامہ میں 60، کپواڑہ میں 60، بارہمولہ میں 125 فلیٹس بنائے۔ پھر کشمیری پنڈتوں کے لیے 300 بنائے۔ ہم نے انہی کے لیے اسپیشلی نوکریاں کیں اور اس کے تحت 1,750 لوگ تبھی ان نوکریوں میں لگے اور وہی وہاں کشمیر میں ٹرانزٹ کیمپس میں رہتے ہیں۔ بعد میں ان کے 900

لوگوں کی بھرتی کے لیے ایک اور advertisement نکالا تھا، لیکن کشمیری پنڈت بھائی آپس میں کورٹ میں چلے گئے۔

اسی طرح سے دوسرے Confidence building measures کے تحت اس وقت شری ایم کے رسگوتر، پرانے فارین سکریٹری کی اگووانی میں strengthening relations across the line of control پر بہت کام ہوا۔ اس وقت کے وزیر اعظم ڈاکٹر منموہن سنگھ جی اور یوپی اے کی چیرپرسن شریمتی سونیا گاندھی اور اس وقت کے مکھیہ منتری جناب مفتی محمد سعید کی موجودگی میں 25 اپریل کو مظفرآباد کے لیے اوڑی سے روڈ سروس شروع کی گئی۔ ان دونوں جگہوں سے ٹریڈ شروع ہو گیا۔ ہم نے اس کو بھی امپلیمینٹ کیا۔

تیسری بات، اکونومک ڈیولپمینٹ کی تھی۔ شری۔ سی۔رنگا راجن جی اس کے چیئرمین تھے۔ اس اکونومک ڈیولپمینٹ میں روڈ، ریلوے، کمیونی کیشن، ڈیزل، ٹورزم وغیرہ کے مدّعے تھے۔ وزیر اعظم نے 22 ٹورزم اتھارٹیز دیں، تب وہ مکمل بھی ہو گئیں۔ ویلی کے اندر تمام ریلوے لائنس بچھائی گئیں۔ مجھے یاد ہے کہ مجھے تین یا چار دفعہ، ڈاکٹر منموہن سنگھہ جی کے ساتھہ اور یو۔پی۔اے۔ کی چیئرپرسن، سونیا گاندھی جی کے ساتھہ جانے کا موقع ملا۔ جموں پرووِنس کے بھی ایک حصے بانیہال تک، بارہمولا سے لیکر بانیہال تک، پوری وادی میں اور جموں کے کچھہ حصے تک، ریل سروس شروع کی گئی۔

اسی طرح سے اگر میں insuring good governance کے بارے میں،اس کے لئے اٹھائے گئے بہت سارے قدموں کے بارے میں بتاؤں گا، تو شاید یہاں پر آدھا گھنٹہ لگے گا، لیکن میرے پاس اتنا وقت نہیں ہے۔ ایک رپورٹ، جو بہت sensitive ہے، جس پر پورے سدن میں، پوری پارٹیز کو کام کرنا ہوگا، کیوں کہ

[श्री गुलाम नबी आज़ाद]

وہ کام کسی ایک پارٹی کے بس کا نہیں ہے، that is, strengthening relation between the State and the Centre. اس میں بہت ساری چیزیں ہیں، ان میں democracy, secularism, devolution of power, etc. یہ تمام چیزیں ہیں۔ اس کی رپورٹ تھی۔ اس کے جو چیئرمین تھے، وہ مرحوم (جسٹس) صغیر احمد تھے، He was a retired Supreme Court Judge. Prior to that, he was the Chief Justice of High Court. یہ سبجیکٹ جتنا کومپلیکس تھا، اتنا ہی اس میں وقت لگا۔ وہ رپورٹ 2009،10 میں آئی تھی، تک تک تو یوپی۔اے۔-2 بھی بن گئی تھی۔ میں بھی وہاں سے آیا، لیکن اس میں بھی، ابھی تک کچھ نہیں ہو پایا ہے۔ میرے کہنے کا مطلب ہے کہ اس طرح سے اقدامات اٹھائے گئے۔

یوپی۔اے۔-2 میں، ڈاکٹر منموہن سنگھ جی کی لیڈر شپ میں ایک بہت بڑا کام تھا، جس کو ہم نے بہت فالو اپ کیا تھا۔ کشمیر کے لئے "امید" اسکیم، یعنی آشا، یہ جو اسکیم ہے، جو "امید" اسکیم بنائی گئی۔ It was meant for Women's Self Help Groups. اس میں بہت کام ہوا ہے، 'اڑان' اسکیم، *Udaan* was meant for providing jobs to the educated unemployed. اس اسکیم میں بہت کام ہوا ہے، جے رام رمیش جی، اس کو مانیٹرنگ کرتے تھے، وہ رورل ڈیولپمینٹ منسٹر تھے، "حمایت" *Himayat* was meant for providing jobs to school and college dropouts. اس میں بہت کام ہوا ہے، Then we had the

JKEDI for entrepreneurship development. اس میں بھی بہت کام ہوا ہے۔ یہ بہت ساری چیزیں ہیں۔

ہماری یوپی اے-1 اور یوپی اے-2 میں بہت سارے confidence-building measures ہوئے۔ ان میں سے کئیوں کو لاگو کیا گیا ہے۔ میں نے شروع میں ہی کہا تھا کہ میں یہ نہیں کہہ سکتا کہ 'سب دودھ کا دودھ اور پانی کا پانی" ہو گیا ہے، کیوں کہ کشمیر کا بڑا کومپلیکس معاملہ ہے۔ یہاں پہلے نمبر پر پالیٹکس آتی ہے، دوسرے نمبر پر اکانومکس آتی ہے اور تیسرے نمبر پر امپلائیمینٹ اور دیگر چیزیں آتی ہیں۔ جہاں ہم امپلائمینٹ پرووائڈ کرنے کی بات کریں گے، جہاں تک ہم سڑکوں اور روڈس کی بات کریں گے، بجلی اور پانی کی بات کریں گے، وہاں اگر ہم وہاں کی پالیٹکس کی بات نہیں کریں گے، تو میرے خیال سے ہم بالکل غلط راستے پر جا رہے ہیں۔ اس لئے ہماری آج کی مانگ کی جو منشا تھی، وہ چاہے میری پارٹی کی رہی ہو یا میرے ساتھیوں کی رہی ہو، وہ یہی منشا تھی کہ کشمیر میں آج 32،33 دنوں سے کرفیو لگا ہے اور ہزاروں لوگ زخمی ہیں، وہ چاہے سیکورٹی فورسیز کے لوگ ہیں، چاہے سویلئنس ہوں۔ ہمیں جہاں سویلئنس کے مرنے اور زخمی ہونے کا دکھ ہے، وہ چاہے بچہ ہو، بہو، بیٹیاں ہوں، عورتیں ہو، بوڑھے ہو یا نوجوان ہوں، ہمیں جتنا ان کے لئے دکھ اور افسوس ہے، اتنا ہی دکھ ار افسوس، ہمارے جو سیکورٹی فورسیز کے لوگ ہیں، ان کے لئے بھی ہے، پھر وہ چاہے جے اینڈ کے پولیس کے ہوں، سی آر پی ایف کے ہوں، آخروہ بھی تو کسی کے بچے ہیں، وہ بھی ہمارے دیش کا حصہ ہیں، ہمارے ملک کا حصہ ہے، ان کو جو کام دیا گیا ہے، وہ ، وہ کام کرتے ہیں، لیکن

[श्री गुलाम नबी आज़ाद]

جب کبھی وہ لکشمن ریکھا کراس کر دیتے ہیں،، تو اس لکشمن ریکھا کو کراس کرنے پر ان کی نندا بھی ہوتی ہے۔ سیکورٹی فورسیز کا کام لاء اینڈ آرڈر کو مینٹین کرنے کا ہوتا ہے، لیکن اس میں دونوں طرف سے نقصان ہوتا ہے۔ یہ ٹھیک ہے کہ پبلک کا، سویلنس کا بہت نقصان ہوا ہے، تب ایسے میں، جب پارلیمنٹ چل رہی ہے تو یہ المیہ بنتا ہے، ضروری بنتا ہے کہ ہم، تمام پالیٹکل پارٹیز، وہ چاہیں ویکش کی پالیٹکل پارٹیز ہوں یا سٹہ دھاری پارٹی ہو، رولنگ پارٹی ہو، ہم سبھی کو ان کے دکھہ اور درد میں شامل ہونا چاہئے۔

اس پورے سدن کو، پارلیمنٹ کو کشمیر کے عوام سے، بچوں سے، نوجوانوں سے ایک اپیل کرنی چاہیئے کہ وہ امن اور شانتی بحال کریں، تاکہ ہم سب مل کر ان کی خوشحالی کے لیے، جموں وکشمیر کے لوگوں کی خوشحالی کے لیے، ان بچوں کے مستقبل کے لیے کچھ کرپائیں۔ میرے خیال میں اس طرح کی آواز اس سدن سے جانی چاہیئے، اس طرح کی آواز، اس طرح کی اپیل اس پارلیمنٹ سے جانی چاہیئے۔ یہ مانگ کرنے کا ہمارا یہی مقصد تھا۔ اس کے ساتھ ہی وہاں آل پارٹی ڈیلی گیشن جانا چاہیئے۔ مانیئے گرہ منتری جی وہاں گئے، ٹھیک ہے، آپ ایک دفعہ ہوآئے، لیکن مجھے لگتا ہے کہ آنے والے ہفتے دس دن کے اندر اگر اس کےجانے کا اناؤسمینٹ بھی ہوجائے، تو اچھا ہوگا، کیوں کہ دو دن کے بعد پارلیمنٹ کا سیشن ختم ہوجائے گا، تو سبھی ایم پیز اپنا اپنا پروگرام بنائیں گے، پھر ان کو ڈھونڈنا مشکل ہوگا۔ آج اور کل کے اندر اگر اسی سدن میں آل پارٹی ڈیلی گیشن کی تاریخ کا اعلان ہوجائے، تو اچھا ہوگا۔ ایک آل پارٹی میٹنگی یہاں بھی ہوجائے، ایک آل پارٹی ڈیلی گیشن کشمیر چلا جائے، یہ ہماری مانگ ہے۔ آپ کا بہت بہت شکریہ جنابِ صدر

श्री शमशेर सिंह मन्हास (जम्मू और कश्मीर): Respected चेयरमैन साहब और सदन में बैठे माननीय सदस्यगण, अभी हमारे विपक्ष के नेता, गुलाम नबी आज़ाद साहब आधे घंटे से ज्यादा बोल रहे थे। बोलते हुए उनका focus एक ही चीज पर था कि प्राइम मिनिस्टर सदन में क्यों नहीं आए। हम कहते हैं कि कश्मीर पर चर्चा हो, कश्मीर इश्यू क्या हे, कश्मीर की बात क्या है, कश्मीर पर कैसे बोलना चाहिए, कश्मीर में क्या होना चाहिए, अगर वे इस पर बात करते, तो बहुत अच्छा होता। मैं भी, गुलाम नबी आज़ाद साहब और डा. कर्ण सिंह जी भी, हम तीनों जम्मू region के रहने वाले हैं। जम्मू की बात किए बिना हम कश्मीर की बात कैसे कर सकते हैं? मैं एक बात अवश्य कहना चाहूँगा कि जब भी हम कश्मीर की बात करते हैं, कश्मीर इश्यू पूरे देश में चलाया जाता है, अगर entirety में देखा जाए, तो जम्मू, कश्मीर और लद्दाख, ये तीन अलग-अलग regions हैं। तीनों का अलग-अलग culture है। तीनों को मिलाकर पूरा जम्मू-कश्मीर बनता है। अगर हम जम्मू की बात न करें, केवल कश्मीर की बात कहें, तो लद्दाख अधूरा रह जाएगा और जम्मू अधूरा रह जाएगा। अगर जम्मू में किसी किस्म की turmoil होती है, तो मैं आपको बता देना चाहता हूँ कि जम्मू एक ऐसा एरिया है, जहाँ 500 किलोमीटर से ज्यादा सीमा पाकिस्तान के साथ लगती है, पाकिस्तान वहाँ पर नित्य प्रतिदिन कोई न कोई वारदात करता रहता है, लेकिन वहाँ पर रहने वाला व्यक्ति, वहाँ पर रहने वाला समाज वहाँ पर किस प्रकार पहरेदारी करता है और कैसे जम्मू और कश्मीर को बचाने का प्रयास करता है।

हम सोचते हैं कि कई बार यहाँ पर हाउस में चर्चा होती है कि unemployment की वजह से कश्मीर में ऐसे हालात हो रहे हैं। मैं आपको बता देना चाहता हूँ कि 55 परसेंट लोग जम्मू में बसते हैं। वहाँ आज भी जम्मू region के 7 लाख से ऊपर नौजवान ऐसे होंगे, जो unemployed होंगे, जो graduation, post-graduation, specialized professional degrees लेकर बैठे होंगे। क्या वे gun नहीं उठा सकते थे? क्या वे आजादी के नारे नहीं लगा सकते थे? यह लड़ाई केवल जम्मू-कश्मीर की नहीं है, बल्कि यह लड़ाई राष्ट्रवाद और अलगाववाद की है। राष्ट्रवाद क्या होना चाहिए, राष्ट्रवाद के प्रति क्या सोच होनी चाहिए? लद्दाख में हमारे हजारों नौजवान होंगे, मगर वहां के नौजवान इस प्रकार के विचार नहीं रखते। उन्होंने हमेशा डिमांड की होगी कि हमें यूनियन टेरिटरी दी जाए और जब से देश आजाद हुआ, तब से ये बातें हो रही हैं, लेकिन उनको आजादी यानी कि यूनियन टेरिटरी नहीं मिली, फिर भी वे देश के साथ जुड़े हुए हैं। हमारे बहुत से मित्र जब इस पर बात करते हैं, तो जम्मू-कश्मीर न कह कर केवल कश्मीर कहते हैं और कहते हैं कि हमें कश्मीर जाना है। वे जम्मू के बारे में अनभिज्ञ होंगे, जम्मू क्या है, लद्दाख क्या है, उसके बारे में बहुत कम जानते होंगे। हमें पहले जम्मू और लद्दाख को भी जानना पड़ेगा। आज वहां जो टर्मोइल है, उसमें कश्मीर या कश्मीरियों के साथ हमें हमदर्दी है, हमें दुख है कि जो कुछ हो रहा है, उसे तो संभालने की जरूरत है, लेकिन कश्मीर के सारे के सारे लोगों का कहें कि वहां पर जो लगभग पचास लाख लोग रहते हैं, वे सारे के सारे इस प्रकार की वारदातें करते होंगे, ऐसा नहीं है। अगर इस प्रकार होता, तो 65 परसेंट लोग जो लोकतंत्र में विश्वास रखते हैं, वे डेमोक्रेसी मे हिस्सा नहीं लेते। उन्होंने इस देश के साथ जुड़ने में हिस्सा लिया है। वे देश के साथ चले हैं, उन्होंने डेमोक्रेसी पर विश्वास किया है। वहां जरूर कुछ लोगों की इस प्रकार की आंख बनी है, इस प्रकार की नजर है। यह सब कैसे हो गया? हम नहीं चाहते थे कि इस प्रकार का हो, हम नहीं चाहते थे कि ये सारी चीज़ें हों। आज कश्मीर की बातें आती रहती हैं, आप सब जानते होंगे। मैं एक बात पूछना चाहता हूँ, आज़ाद साहब, आप मुख्यमंत्री रहे हैं, टोडा में बहुत बड़ा टर्मोइल हुआ था और

[श्री शमशेर सिंह मन्हास]

टोडा के लिए 1994 में भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक बहुत बड़ा सत्याग्रह हुआ था कि वहां कैंटोनमेंट बननी चाहिए और वहां के लोकल लोगों को, नौजवानों को बीडीसी कमेटीज बनाकर कहा जाए कि इस उग्रवाद और आतंकवाद से लड़ो। जब तक वहां का लोकल व्यक्ति, स्थानीय व्यक्ति, स्थानीय समाज खड़ा नहीं होगा, तब तक इस प्रकार की वारदातों से दूर नहीं हुआ जा सकता। आज हम कह सकते हैं कि पूरे देश से फौज में जो लोग आए हैं, वे अपने लोग हैं, वे जम्मू-कश्मीर की सीमाओं पर बैठे हुए हैं, जम्मू-कश्मीर को बचाने के लिए शहादत दे रहे हैं। वे तो शहादत दे ही रहे हैं, जिस प्रकार पूरा इंडिया, पूरे भारत का समाज कश्मीर के साथ हमदर्दी रखता है, इस हमदर्दी की वजह से जम्मू-कश्मीर भारत के साथ लगा हुआ है। उनकी भावनाओं के साथ हम कभी भी खिलवाड़ नहीं कर सकते, कभी खिलवाड़ होते हुए देख नहीं सकते, लेकिन हो क्या रहा है? यहां पर नित्य प्रतिदिन अलगाववादी नेता, हिजबुल मुज़ाहिद्दीन के नेता, लश्कर-ए-तैयबा के नेता, जिनकी पूरी आस्था दूसरे स्थानों से है, जो दूसरी जगहों से प्रेरणा लेकर कार्य कर रहे हैं, क्या वे अपनी प्रेरणा के चलते इस समाज को, इस देश को जुड़ने देंगे? मैं चाहता हूँ कि यह हाउस बैठ कर विचार करे, सोचे कि यह जो टर्मोइल खड़ा हुआ है, उसका कारण क्या है और उसकी बारीकियों में जाने का प्रयास करें।

महोदय, जम्मू-कश्मीर आज से नहीं, शायद बहुत से लोगों को पता नहीं होगा, हमारे महाराजा अधिराज डा. कर्ण सिंह जी यहां बैठे हैं, पूरा देश गुलाम था, गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था और 15 अगस्त को आजाद हुआ था, लेकिन जम्मू-कश्मीर कभी गुलाम नहीं रहा। उससे पहले भी जम्मू-कश्मीर गुलाम नहीं था। वहां महाराजा हरि सिंह जी की हुकूमत थी, जो डा. साहब के पिताश्री थे। उन्होंने वहां के समाज को किस प्रकार एक माला में पिरो कर रखा, कैसे पूरे समाज को चलाने का प्रयास किया, कैसे वहां पर डेवलपमेंट हो, उस पर विचार किया? आज हम छुआछूत का मुद्दा लेकर चलते हैं, लेकिन सबसे पहले महाराजा हरि सिंह जी ही थे, जो एक दलित व्यक्ति को अपने साथ लेकर मंदिर में गए और कहा कि तुम मेरे साथ पूजा करो। जब वहां के पुजारी ने कहा कि मैं इसे नहीं आने दूंगा, तब उन्होंने कहा कि मैं पुजारी को उठा कर बाहर फेंक सकता हूँ, लेकिन यह दलित मेरे साथ पूजा करने के लिए जाएगा। जम्मू और कश्मीर वह धरती है। जम्मू का समाज इस प्रकार का है। हमारे महाराजाओं से हमें यह प्रेरणा मिलती है। आप वहां जाएंगे, तो आपको वहां पर कहीं पर भी छुआछूत नहीं दिखेगी। इसका कारण क्या है? इसका कारण यह है कि वहां पर इस प्रकार का संस्कार हमें पुरखों से मिला है। संस्कारों से जुड़ा हुआ वहां का समाज, जीवित संस्कारी समाज कभी यह नहीं चाहेगा कि हम अलग हों। आज हम कश्मीर की बात कर रहे हैं। आज़ाद साहब अच्छी प्रकार से जानते होंगे कि वहां गुज्जर और बक्कर वालों की कोई लड़ाई नहीं है। वहां पर जो पहाड़ी क्षेत्र हैं, वहां पर भी कोई लड़ाई नहीं है। चन्द किते में थोड़ा सा समाज, चंद लोग इस लड़ाई को लड़ना चाहते हैं। वही अलगाववादियों के हाथों खेल रहे हैं।

अगर आप कभी कश्मीर जाएंगे, तो आपको वहां पर सड़कों पर पत्थर नहीं मिलेंगे। पर, आप जानना चाहेंगे कि पत्थर आते कहां से हैं? पत्थर लाने वाले कौन व्यक्ति हैं और इन बच्चों के हाथों में पत्थर देने वाले कौन हैं? इनके द्वारा हजारों रुपए ट्रॉली और ट्रक वालों को दे दिए जाते हैं और उनसे कहा जाता है कि आप रात में सड़कों पर पत्थर फेंक दो। वे सुबह आकर बच्चों को कहते हैं कि ये पत्थर उठा लो, लेकिन उन अलगाववादी नेताओं से एक बार तो पूछा जाए कि जिन बच्चों के हाथों में

12.00 Noon

आज किताब चाहिए, जिन बच्चों के हाथों में आज लैपटॉप चाहिए, देश को आगे बढ़ाने के लिए जिन बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाना चाहिए, जिन बच्चों का ऐसा कैरियर बनना चाहिए, ताकि भविष्य में वे अपने पैरों पर खड़े हो सकें, लेकिन आज वे बच्चे यह नहीं कर पा रहे हैं। यह हमारे लिए चिंता का विषय होना चाहिए कि उन बच्चों को कैसे संभाला जाए? लेकिन जब चीजें बढ़ती हैं, तो बढ़ने के बाद लगता है कि वहां पर किस प्रकार की मंशा और किस प्रकार की सोच नित्य प्रतिदिन आगे बढ़ रही है? इस सोच को हमें समझना पड़ेगा।

1947 से लेकर आज तक का सारा लेखा-जोखा देखा जाए। आज जो सलाउद्दीन इनका बहुत बड़ा नेता बना हुआ है, वह कश्मीर से उठ कर वहां पर गया था। शायद आज़ाद साहब जानते होंगे कि 1987 में उसने कश्मीर से चुनाव लड़ा था। वह क्लीन स्वीप था, वह वहां से हार गया था। वह क्यों हारा? उसके पीछे बहुत बड़ी दास्तां है। मैं उस सच्चाई को खोलना नहीं चाहता हूँ। यह जो उग्रवाद पनपा है, यह क्यों पनपा है? यह अलगाववादी नेता आगे बढ़े, तो क्यों बढ़े? उसके कारण को खोजना पड़ेगा।

आज कश्मीर को जिस प्रकार की दलदल में फेंका गया, कश्मीर को आज जिस प्रकार से बढ़ाया जा रहा है... बंधु, मैं आपसे एक निवेदन करना चाहता हूं कि जब भी आप कश्मीर पर विचार करें, तो बात केवल कश्मीर की नहीं, बल्कि जम्मू, कश्मीर और लद्दाख की है। जब से यह सरकार आई है, सबसे पहले, अगर आपने देखा होगा, तो वहां वातावरण बिल्कुल शांत रहा। हमारे मरहूम मुफ्ती साहब वहां इसका नेतृत्व कर रहे थे, वे वहां के मुख्य मंत्री थे। उनकी मंशा हमेशा यह रही कि जम्मू और कश्मीर का विकास कैसे हो, जम्मू और कश्मीर के समाज का उत्थान कैसे हो, जम्मू और कश्मीर के नौजवानों की भलाई कैसे हो, जम्मू और कश्मीर के नौजवानों का कैरियर कैसे बने? इस प्रकार की सोच मरहूम मुफ्ती साहब की थी। वे हमेशा कहते थे कि जब मैं पूर्व प्रधान मंत्री, श्री अटल बिहारी वाजपेयी से मिलता हूँ, तो मुझे हर प्रकार की प्रेरणा के साथ वह सब कुछ मिलता था, जो मैं मांगता था। वे वहां के मुख्य मंत्री थे और अटल जी यहां पर प्रधान मंत्री थे। उस समय उन्होंने विकास की जो राह चुनी और अटल जी ने इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत, तीनों को लेकर जो कहा, पूरी कश्मीरी अवाम उसके साथ खुश थी। वही आवाज़ आज भी हम लेकर जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि मध्य प्रदेश से प्रधान मंत्री जी बोले या सदन में नहीं बोले, कम से कम उन्होंने कहा कि मैं वही आवाज़, वही मंशा, वही इच्छा और वही इच्छाशक्ति के साथ चल रहा हूँ, जो अटल जी ने हमें दिखाई थी, मैं अटल जी की राह पर ही चल रहा हूँ।

और वहां के समाज को जिस प्रकार की भी जरूरत होगी, वहां पर समाज को जैसे भी मुझे बचाना होगा, वह बचाने का प्रयास करूंगा। किन्तु वहां क्या हो रहा है कि नित्य प्रतिदिन कोई न कोई ऐसे कारनामे हो रहे हैं, कुछ ऐसी वारदातें हो रही हैं, जिन वारदातों की वजह से ये सारी चीज़ें हो रही हैं। हमने जब से सरकार संभाली है पिछले दो वर्षों में, वहां पर दो एम्स दिए गए हैं, सेंट्रल यूनिवर्सिटी तो ऑलरेडी कांग्रेस के समय थी, लेकिन बहुत बड़ा संघर्ष जम्मू वालों को करना पड़ा था, जिसकी वजह से वह मिला था। अभी परसों ही हमारे प्रकाश जावडेकर जी वहां गए थे और खास करके कश्मीर के आई.आई.टी. कॉलेज के लिए सौ करोड़ कर स्पेशल पैकेज़ देकर आए हैं। तो आप कश्मीर के बारे में क्यों नहीं सोच रहे, कश्मीर के उत्थान के बारे में क्यों नहीं सोचते हैं? वहां आई.आई.एम. बनने जा रहा

[श्री शमशेर सिंह मन्हास]

है और शायद आपको मालूम है, आप सब जानते हैं, मेरे सामने हमारे मित्र, वरिष्ठ नेता बैठे हुए हैं, उनके समय से ही शोरावती में मेडिकल कॉलेज खुला है। उस समय एम्स दूसरी जगह नहीं बनाया जा सकता था, लेकिन उसकी तर्ज पर पी.जी.आई, चंडीगढ़ और दूसरा शोरावती इंस्टीट्यूट वहां पर खोला गया था। वहां पर विकास की राह चली है, क्यों नहीं चली, किन्तु जो बात असत्य है, वह यह है कि जब कभी बात यहां के लोगों के साथ होती है, चर्चा होती है तो वे कहते हैं कि वहां के लोग अनएम्प्लॉइड हैं, इसलिए ये सारी वारदातें कर रहे हैं - ऐसी बात नहीं है। लद्दाख और जम्मू के लोग भी इस प्रकार की आवाज क्यों नहीं उठाते? जो जम्मू को बचाने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर रहे हैं, और खास कर जम्मू में हमारे फौजियों द्वारा जिस प्रकार शहादत दी गई, केवल फौजी ही नहीं, सी.आर.पी.एफ., बी.एस.एफ. के लोगों ने भी शहादत दी। वहीं दूसरी ओर जम्मू कश्मीर पुलिस की ओर से हजारों के हिसाब से लोगों ने शहादत दी है तथा जम्मू को बचाने का प्रयास किया है। इस प्रकार का प्रयास एक बार नहीं अनेकों बार चलता रहेगा और जम्मू-कश्मीर भारत का मुकुट मणि है, उसके लिए आगे बढ़ने का प्रयास किया जाएगा। अभी 80 हजार करोड़ का पैकेज़ प्रधान मंत्री जी द्वारा यहां पर घोषित हुआ था, वहां पर 34 हजार करोड़ रुपए नेशनल हाईवे के लिए दिए गए थे। खासकर वहां पर एक और बात बताना चाहता हूं कि स्टेट्स को जो सहायता दी जाती है, उसका 14.3 प्रतिशत, यानी सबसे ज्यादा सहायता जम्मू-कश्मीर को दी गई है, ताकि जम्मू-कश्मीर ठीक प्रकार से चले, जम्मू के अवाम को ठीक प्रकार से सुविधा मिल सके। इन सुविधाओं को मिलने के लिए हर प्रकार का प्रयास हो रहा है। वहां पर कई योजनाएं पड़ी हुई हैं। मैं एक बात अवश्य पूछना चाहूंगा कि जो मेरे मित्र सामने बैठे हुए हैं, 1947 से पहले जो वैस्ट पाकिस्तान से आए हुए रिफ्यूजी हैं, आज तक उनको जम्मू-कश्मीर में नागरिकता नहीं मिली - वह क्यों नहीं मिली? न तो वे जम्मू-कश्मीर के बाशिन्दे बन पाए और न वे भारत के बन पाए। वहां पर वे न नौकरी ले सकते हैं और न कॉलेज में पढ़ सकते हैं, न वे स्कूल में पढ़ सकते हैं। वह स्टेट सब्जेक्ट माना जाता है। बताइए आपके पास है या नहीं है? इस मुद्दे का हल आज तक क्यों नहीं किया गया? जबकि नेशनल कान्फ्रेंस ने वहां पर 29 साल 73 दिन सरकार चलाई और 25 साल कांग्रेस के मित्रों ने अपने सहयोगियों के साथ सरकार चलाई होगी। इन 54 वर्षों में क्या किया गया, यह हम सब जानते हैं। इन 54 वर्षों में उसका हल क्यों नहीं हुआ? क्यों नहीं इसका हल निकालने का प्रयास किया गया, अलगाववादियों और राष्ट्रवादियों के बीच में कैसे फर्क नहीं निकाला गया? तीन बार बैठ कर समझौते किए गए। उन समझौतों की वजह से क्यों नहीं सारी बातें हल हुईं? ये हल होनी चाहिए थीं। इसलिए मित्रों, अंत में मैं आपसे इतना ही कहूंगा कि कश्मीर मे केवल चंद लोग बैठे हुए हैं। सारा कश्मीर जल नहीं रहा है, कश्मीर में सारा अवाम खतरे में नहीं है। मैंने जैसे कहा कि गुज्जर, बक्करवाल, पहाड़ी आज भी सिलसिला ठीक प्रकार से चल रहा है, केवल कश्मीर में बैठे हुए चंद लोग हैं, जो अलगाववादियों के इशारे पर चल रहे हैं। उनके इशारों पर चलते हुए ऐसी स्थिति देश के सामने आ रही है। आपके द्वारा भी शायद कई बार उनके सामने टीयर गैस चलती थी, उसके बाद रबर की बुलेट चलती थी, अब पैलेट गन का, जैसे-जैसे आधुनिक युग आता जाएगा, वैसे-वैसे उसी प्रकार की चीज़ें आती हैं। मैं अब तक जो-जो कुछ हुआ है, उसके लिए मैं खुद दर्द महसूस करता हूं। कश्मीरी भाई मेरे अपने हैं, क्योंकि मैं वहाँ का रहने वाला हूँ। कश्मीर अपना है, क्योंकि मैं उसके साथ जुड़ा हुआ हूँ। वह भारत माँ का मुकुट-मणि है और उस मुकुट मणि को कोई भी खराब करे, यह मैं

कदापि सहन नहीं करता। मैं खासकर भारतीय जनता पार्टी की ओर से अपनी भूमि, जम्मू-कश्मीर के लोगों का भला करने के लिए हर समय तत्पर हूं। मैं आप सबसे निवेदन करूँगा कि आप सब भी मिल-बैठकर कश्मीर की इस समस्या को सुलझाने का प्रयास करें, इतना ही मुझे कहना है।

प्रो. राम गोपाल यादव (उत्तर प्रदेश): श्रीमान्, मैं आज़ाद साहब और श्री शमशेर सिंह जी को सुन रहा था। कश्मीर की समस्या अब इतनी आसान नहीं रह गई है कि हम वहाँ लोगों को कुछ सुविधाएं दे दें और उस समस्या का निराकरण हो जाए। जिस तरह का जहर वहां के लोगों के मन, दिल और दिमाग में inject किया जा रहा है, उसके चलते चाहे आप वहाँ जितनी सुविधाएँ दें, मुझे नहीं लगता कि उसका निराकरण हो पाएगा, बल्कि उसका जो मूल स्रोत है, जब तक आप वहाँ स्ट्राइक नहीं करेंगे, तब तक कश्मीर में आप कुछ भी नहीं कर सकते हैं। आखिर यह समस्या पैदा क्यों हुई, यह सब जानते हैं। मैं पिछली हिस्ट्री को रिपीट नहीं करना चाहता हूं, लेकिन मैं बहुत संक्षेप में यह जरूर कहना चाहता हूं कि हम लोगों से अतीत में गलतियां हुई हैं और उसका खामियाजा अब सब लोग भुगत रहे हैं। हम समाजवादी शुरू से ही देश के पार्टिशन के विरोध में थे। यह जो विभाजन हुआ, वह भारत के लिए नासूर बन गया। इसका नतीजा यह हुआ कि सन् 1947 से लेकर अब तक कई बार पाकिस्तान से युद्ध हो चुके हैं। हम युद्ध के बाद की स्थिति से भी लाभ उठा सकते थे और पाकिस्तान को इस स्थिति में कर सकते थे कि वह कश्मीर में कोई हरकत न कर सके। ऐसी स्थितियाँ आईं, लेकिन उनको हमने गंवा दिया। देश में 562 देसी रियासतें थीं और वे सब गृह मंत्रालय के अधीन थीं। सरदार पटेल साहब के अधीन जितनी आईं, वे सब ठीक हो गईं। केवल कश्मीर को विदेश मंत्रालय के अंदर रखा गया, जो पंडित जवाहरलाल नेहरू के पास था। युद्ध के बाद इस मामले को यूएनन में रेफर कर दिया गया। यह सबसे बड़ी गलती थी। जब हमारी सेनाएँ Pakistan-occupied Kashmir को वापस लेने के लिए बढ़ रही थीं, तो पंडित जी अगर कुछ दिन और रुक जाते तो जो मुजफ्फराबाद और मीरपुर हैं, वे सब हमारे अधिकार में होते। यह बहुत बड़ी गलती थी, जिसकी सज़ा हम भोग रहे हैं। इसके बाद, सन् 1965 में युद्ध हुआ। आप जानते हैं कि हमारी सेनाएँ लाहौर में इछोगिल नहर के इस तरफ वाले किनारे तक पहुँच गई थीं, जहाँ से रायफल की गोली भी लाहौर में जा सकती थी। हमारी आर्मी सियालकोट के बिल्कुल नजदीक जाकर knock करने लगी थी। हमारी सेनाएँ जैसलमेर वाले इलाके में सारे रेगिस्तानी इलाकों को पार करके लड़कर, मरकर पाकिस्तान के किनारे पहुँच गई थीं। अगर ताशकंद समझौते के जरिए जीती हुई जमीन को वापस नहीं दिया जाता, तो पाकिस्तान की कभी हिम्मत नहीं हो सकती थी, क्योंकि वह जानता था कि एक दिन में लाहौर चला जाएगा, सियालकोट चला जाएगा और इधर वाले हिस्से में भी हिन्दुस्तान की आर्मी आ जाएगी। ये बहुत बड़ी गलतियाँ हमसे हुई हैं।

सन् 1971 के युद्ध के बाद पाकिस्तान के 93,000 सैनिक हमारी कैद में थे, जिन्होंने आत्मसमर्पण किया था। अगर शिमला समझौते में थोड़ी-सी और सख्ती की जाती तो अच्छा होता, क्योंकि उनके लोग हमारे पास इतने बड़े पैमाने पर थे कि हम उनको दबाकर कुछ और ले सकते थे, लेकिन उनको इतनी बड़ी तादाद में छोड़ दिया गया और जो समझौता हुआ, उसका पालन भी पाकिस्तान ने कभी नहीं किया। मैंने जो 1965 की ताशकंद समझौते की बात कही थी, आप जानते हैं कि Gilgit से लेकर यह सारा इलाका, उधर कश्मीर का भी हमारे यहां आ गया था। अगर वह हमारे पास रहता, तो हमारे सैनिकों को Siachen Glacier पर रोजाना मरना नहीं पड़ता, कोई जरूरत नहीं थी। वहां पर हमारी

[प्रो. राम गोपाल यादव]

सेना होती। मुझे याद है, जब मुलायम सिंह यादव जी रक्षा मंत्री थे, मैं 2, कृष्णा मेनन मार्ग पर बैठा हुआ था, तब फारुक अब्दुल्ला साहब के नेतृत्व में कश्मीर के सारे दलों के एम.पी., कांग्रेस, बीजेपी, नेशनल कांफ्रेंस, ये सब आए थे और उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह जी, मैं आपको धन्यवाद देने आया हूँ कि 1947 के बाद पहली बार कश्मीर में पिछले चार दिन से हमारे बॉर्डर पर कहीं पर गोली नहीं चल रही है और कोई आदमी नहीं मारा जा रहा है। वह इसलिए, क्योंकि आपको याद होगा, उस वक्त जब वे सियाचिन गए थे, तो वहां पर पाकिस्तान की तरफ से गोलियां चलाई जा रही थीं। उस समय आर्मी के जनरल सिंह साहब थे, तो उनसे रक्षा मंत्री जी ने पूछा कि यह आवाज किस चीज़ की आ रही है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान गोलियां चला रहा है, बमबारी कर रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आप क्या देख रहे हैं, आप क्या कर रहे हैं? तब उन्होंने बताया कि हमें यह हुक्म नहीं है कि हम इस तरह से जवाब दें। उन्होंने कहा, "You do whatever you like." उसके बाद फारुक अब्दुल्ला साहब गए थे, क्योंकि हमारी आर्मी ने वैसा किया जो उसे करना चाहिए था। उस समय ये लोग रक्षा मंत्री से मिलने गए थे कि पहली बार ऐसा हुआ है। आज़ाद साहब, आप तो जानते हैं कि कोई दिन ऐसा नहीं जाता है, जब हमारी आर्मी के, सेना के या नागरिक कश्मीर के बॉर्डर पर न मारे जाते हों। यह बहुत सीरियस मामला बन चुका है। प्रश्न यह है कि इतनी गंभीर स्थिति के बाद भी, उनको पाकिस्तान के द्वारा फंडिंग की जा रही है, आई.एस.आई. और वहां की जो टेरेरिस्ट आर्गनाइजेशन्स हैं, वे कश्मीर के लोगों को, खास तौर से नौजवानों को गुमराह करने की कोशिश करती हैं, उनको बरगलाती हैं, उनको तरह-तरह के सपने दिखाती हैं। उनको ट्रेनिंग के लिए उधर ले जाती हैं और फिर अपने ही लोगों पर हमला करने के लिए उनको तैयार करती हैं। असली मामला यह है कि जब तक पाकिस्तान पर नियंत्रण नहीं किया जाएगा, तब तक कश्मीर में शांति बहाल नहीं हो सकती है। आप जानते हैं कि आज भी कश्मीर में सबसे ज्यादा प्रति व्यक्ति मदद दी जाती है, स्पेशल स्टेटस होने के कारण उसको सबसे ज्यादा मदद दी जाती है। आप हिन्दुस्तान के शेष राज्यों को देख लीजिए कि प्रति व्यक्ति के हिसाब से उनको केन्द्र से कितनी मदद मिलती है और दूसरी तरफ कश्मीर को देख लीजिए कि उसको कई गुणा ज्यादा मदद मिलती है। क्या उससे कुछ सॉल्युशन निकला है?

पाकिस्तान की समस्या यह है कि पाकिस्तान की जनता चाहती है कि हिन्दुस्तान से अच्छे संबंध बने रहें, क्योंकि सबके रिश्तेदार दोनों देशों में हैं। मैं जानता हूं, हमारे इटावा के तमाम परिवार ऐसे हैं, जिनका एक भाई यहां है और दूसरा भाई वहां हैं, भाई यहां है, तो बहन वहां पर है। जब संबंध खराब हो जाते हैं, तो सभी दुखी हो जाते हैं, क्योंकि पाकिस्तान में बहन की शादी हो रही है और भाई इटावा में बैठा हुआ है, क्योंकि उसको वीज़ा नहीं मिल रहा है। अगर कोई कार्यक्रम यहां पर हो रहा है, तो वहां से कोई रिश्तेदार नहीं आ पा रहा है। आम पब्लिक यह नहीं चाहती कि दोनों देशों के रिश्ते खराब हों, लेकिन पाकिस्तान की सेना यह चाहती है कि हमारे रिश्ते खराब रहें, ताकि उसका सत्ता पर किसी न किसी तरह से नियंत्रण बना रहे। पाकिस्तान में चाहे प्रधान मंत्री हो या और कोई व्यक्ति हो, उसको वही बोलना पड़ता है, जो वहां की सेना चाहती है, आई.एस.आई. चाहती है। यह स्थिति है। जो लोग पाकिस्तान गए हैं, वे जानते हैं कि पाकिस्तान में आम आदमी की स्थिति बहुत खराब है, लेकिन जो आर्मी से जुड़े हुए लोग हैं या जो उनके रिश्तेदार हैं, उनके मकान भी बहुत अच्छे हैं, उनके पास गाड़ियां बहुत अच्छी हैं, उन पर कोई कानून नहीं चलता है, सारा पैसा उनके पास है और वहां पर आम

आदमी तबाह है। क्योंकि वहां पर political democracy आने के बाद भी, जनता के, लोगों के प्रधान मंत्री और राष्ट्रपति बनने के बाद भी, उनकी कोई चलती नहीं है। यह बिल्कुल सच बात है, इसलिए यह जो समस्या है, यह इतनी गंभीर हो गई है कि पाकिस्तान किसी प्लेटफार्म पर चाहे जो कहे, लेकिन वह हिन्दुस्तान में किसी न किसी रूप में अशांति पैदा करने की कोशिश करेगा। वह कोशिश कर रहा है कि कश्मीर की जनता को पूरी तरह से हिन्दुस्तान के खिलाफ करे, जो हमारा Pak-occupied Kashmir है, वहां एक ऐसी स्थिति पैदा करे, जिसमें उधर से उसकी आर्मी आए और इधर से यहां की जनता उसको सपोर्ट करे। यह strategy पाकिस्तान की है। वह हमारी आर्मी को, हमारी CRPF को बीच में सैंडविच कर देना चाहते हैं। ऐसी स्थिति पैदा करने की कोशिश की जा रही है। इसलिए माननीय गृह मंत्री जी, अब कहना पड़ेगा कि जब तक पाकिस्तान को दुरुस्त नहीं किया जाएगा, कश्मीर का मामला कभी सुलझ नहीं पाएगा। आप कुछ भी करते रहिए, चाहे आप सिद्धांततः की बात कहिए, लेकिन यह मामला कभी नहीं सुलझ पाएगा। सिद्धांत और व्यवहार में बहुत फर्क होता है। सिद्धांतः आप कहिए कि हम वहां AIIMS बनवा रहे हैं, हमने वहां रेलवे लाइन चालू कर दी। उससे क्या फर्क पड़ा, उसके बाद बढ़ा कि नहीं बढ़ा? हर रोज बढ़ रहा है। जब आज़ाद जी चीफ मिनिस्टर थे, तब था, उससे ज्यादा अब हो गया है। आप सुविधाएं दे रहे हैं, सब कुछ कर रहे हैं, लेकिन यह क्यों बढ़ रहा है? पाकिस्तान का टीवी बकायदा कश्मीर में हर घर में देखा जा रहा है। आप उसको नहीं रोक सकते? उसमें क्या दिखाया जाता है, उसमें रोजाना क्या दिखाया जाता है, आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए उनको शहीद घोषित किया जाता है। हमारी फोर्सेज़ ने 10 जुलाई को encounter में एक आतंकवादी को मार दिया। उसके बाद वहां क्या स्थिति हुई, हम सब जानते हैं। वह एक लीडर था, आतंकवादी था, लेकिन उसके पक्ष में जिस तरह से लोग निकले, वह अविश्वसनीय था। आप यह समझिए कि सीमा तक लोगों के मन में भारतीय फोर्सेज़ के खिलाफ, भारती की आर्मी के खिलाफ जहर भर दिया गया। जहां से जहर आता है, उस रास्ते को आप ब्लॉक नहीं करें और केवल यहां ट्रीटमेंट करते रहें, तो वह तो आता रहेगा। आप यहां ट्रीटमेंट करते रहें और जहर को नहीं रोकेंगे, तो ठीक नहीं होगा। आप यह क्यों नहीं कहते कि Pak occupied Kashmir, जिस पर पाकिस्तान ने कब्जा कर लिया था, वह हमारा कश्मीर है। आप उसको हमें वापस कीजिए। आप पाकिस्तान से मांगिए। यहां तत्कालीन सदर-ए-रियासत बैठे हुए हैं। इनकी रियासत थी, इनका राज था, पूरा मुजफ्फराबाद, मीरपुर और सब आपका था, जब एक्सेशन हो गया तो, वह हिन्दुस्तान का है। आप उसको मांगिए, उसको कभी कोई मांगता ही नहीं है और न ही उसकी कोई बात करता है। वे कश्मीर की बात करते हैं और Pak-occupied Kashmir, जो हिन्दुस्तान का हिस्सा है, कश्मीर हमारा अभिन्न अंग है, उसको मांगने की बात क्यों नहीं करते हैं? नेशनल, इंटरनेशनल फोरम पर जब वह इस विषय को उठाता है, तो आप कहिए कि हम तब बात करेंगे, जब वह हमारे हिस्से को वापस करेगा। जब तक यह नहीं होगा और इस तरह का दबाव नहीं बनेगा, बात नहीं बनेगी।

(**उपसभापति महोदय** *पीठासीन हुए*)

उसने ऐसी स्थिति पैदा कर दी है कि जो Pak-occupied Kashmir है, उसके एक हिस्से को आक्साइचिन चीन को दे दिया और चीन ने वहां आने के लिए सीधा रास्ता बना लिया। हमारी ही जमीन है और वह चीन को दे दी। तो स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि हर स्टेज़ पर यहां आते हैं और तो यहां भी उसी तरह की बात करते हैं। चाहे हुरियत कॉंफ्रेंस हो या कोई और हो इन सभी लोगों को तो हमेशा

[प्रो. राम गोपाल यादव]

समझाने की कोशिश की गई है, मीटिंगें हुईं, वार्ताएं हुईं, लोगों की समझ में भी आ जाता है, लेकिन जो उनके आका पाकिस्तान में बैठे हुए हैं, वे जो आदेश देते हैं, ये उनके हिसाब से काम करते हैं। अब समस्या यह है कि देश को बचाने के लिए कार्रवाई करनी पड़ती है। कहीं आंदोलन होते हैं, तो फोर्स को बल-प्रयोग करना पड़ता है। कल शरद जी ने कहा था और आजा आज़ाद जी ने भी कहा है, यह सही है कि पैलेट गन पर रोक लगनी चाहिए और इसका इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। हमारी फोर्सेज़ किसी और तरह का बल प्रयोग कर सकती हैं, उनको वह बल-प्रयोग करना चाहिए। जब बल-प्रयोग की जरूरत पड़ती है, तो करना ही पड़ता है। अगर कश्मीर को हिन्दुस्तान में बनाए रखना है, तो पूरे कश्मीर की सीमा पर चौकसी तो है ही, लेकिन कश्मीर के अंदर जो आतंकवादी गतिविधियां हैं, उनको भी रोकने के लिए कार्रवाई करनी पड़ेगी। उनके खिलाफ बल प्रयोग करना मजबूरी भी है। उस स्थिति में अगर मैं न भी चाहूं और यह कहूं कि हमारी फोर्स बल-प्रयोग नहीं करेगी, तो इसके यह मायने हैं कि आप कहना चाहते हैं कि पाकिस्तान को यह कश्मीर दे दीजिए। मैंने कहीं पढ़ा है, एक सर्वे में यह कहा गया कि अभी 2014 का चुनाव हो गया, जब इतना भारी voter's turnout हुआ तो उम्मीद थी कि इसकी वजह से लोग यह समझेंगे कि उनका झुकाव डेमोक्रेटिक सिस्टम में है और हिन्दुस्तान के प्रति है, लेकिन घाटी के कुछ जिलों में जो सर्वे हुआ, उसमें आया कि 75 per cent से लेकर 95 per cent तक लोग हिन्दुस्तान में नहीं रहना चाहते, यह स्थिति क्यों आई, जबकि कश्मीर के लोगों को सारी सहूलियतें देने की कोशिश की गई। इसलिए जो चीज निरंतर दिमाग में भर दी जाती हैं, दिमाग से आदमी गाइड होता है। अगर दिल और दिमाग, दोनों में जहर भर दिया जाए, तो फिर वह बच नहीं सकता है। इसका यह कारण है, इसलिए मैंने शुरू में कहा था कि जो रूट है, जो source of poisoning है, जब तक उस पर स्ट्राइक नहीं करेंगे, कश्मीर के लोगों के मन को प्रदूषित करने वाली बातों के मूल स्रोत पर स्ट्राइक नहीं करेंगे-जो स्रोत पाकिस्तान है-तब तक हम कश्मीर में शांति बहाल नहीं कर सकते हैं। ...(**समय की घंटी**)... इसलिए जिस तरीके से हो, आप बेहतर जानते हैं, क्योंकि आप सरकार में बैठे हुए हैं। आप जानते हैं कि किस तरह से करना चाहिए। आपको देश को बचाने के लिए प्रयास करना चाहिए। बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN (Tamil Nadu): Thank you hon. Deputy Chairman. I thank Amma. Please listen to me. *"Kashmir, beautiful Kashmir; Kashmir, wonderful Kashmir."* Sir, this is a popular song in one of the films acted by Dr. Puratchi Thalaivar MGR. I again repeat it, *"Kashmir, beautiful Kashmir; Kashmir, wonderful Kashmir."*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Why don't you sing the entire song?

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN: My senior colleague, Dr. Maitreyan, will be able to sing it fully.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I can allow him, if he is ready. Maitreyan, would you like to try?

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN: Tamil films, acted by MGR or any other

actor, are very, very popular, but the shooting should have taken place in Kashmir. Any film, which has been shot in Kashmir, is very, very popular in Tamil Nadu.

Sir, I would like to make it very clear that from Kashmir to Kanyakumari, India is one. I too belong to Kashmir and Kashmir belongs to me. Here, I would like to reveal one secret. There is a product, which, in English, is called 'saffron', in Tamil, we call it *korosanai.* The Kashmir's saffron is considered to be very good. In Tamil Nadu, every would-be-mother is given saffron because they want a beautiful child. My mother had it, my daughter-in-law had it, my granddaughter will also definitely have it. So, I am proud to say that I belong to Kashmir. After seeing the movies, shot in Kashmir, I wanted to visit Kashmir. And, my this wish was fulfilled when I was in the Public Service Commission. I thank our Chief Minister, Amma, because I was able to visit Kashmir only because of her. Then, as a State guest, I visited many places and temples. I was provided with very good food. I enjoyed it very much. I belong to Thanjavur, in the Cauvery Basin, and so, I was under the wrong impression that Thanjavur was the only fertile land in India. But, I changed my opinion after seeing the agricultural land in Kashmir. Also, the people of Kashmir are very, very nice. I can really quote the names of the Leader of the Opposition, Shri Ghulam Nabi Azad, and the senior leader, Dr. Karan Singh. They show real concern for the development of Tamil Nadu. There is no doubt about it. Dr. Karan Singh is familiar with each and every part of Tamil Nadu. Also, he knows Tamil Nadu's culture and its social fabric. He knows everything about Tamil Nadu. I take this opportunity to thank the Leader of the Opposition, Shri Ghulam Nabi Azad, and Dr. Karan Singh because they had exhibited real concern for the people of Tamil Nadu when our *Amma* was in certain trouble. So, I thank them. In India, everybody feels that he belongs to every part of India.

As a student, I went to AVVM College, Poondi. We used to start from Thanjavur Punnainallur Mariamman Koil, Nagur Dargah and Velankanni Church. We offer prayers in churches, in mosques, in temples. Prof. Ram Gopal Yadav has rightly said that there are no differences amongst the people. The problem lies somewhere else. We must find out as to where the problem lies and, then, should endeavour to remove that problem. That is the only solution. Our hon. Chief Minister, *Amma*, is known for maintaining the integrity of India. The people of Kashmir love Tamil Nadu very much. As an Advocate General, I had an opportunity of being a host for more than fifteen judges and their families, when they visited Chennai. They wanted to visit Marina Beach, Mahabalipuram, Pondicherry. They are fond of seeing the sea. I had arranged all the tours. They had felt very obliged. And, they are still in touch with me. From Chennai High Court also two Judges — the Chief Justice and a very senior Judge — had visited Kashmir. So, there is no difference

[Shri A. Navaneethakrishnan]
between Tamil Nadu and Kashmir. The people of Tamil Nadu pray for a beautiful and peaceful Kashmir. That is also the wish of our hon. Chief Minister, *Amma.* I pray to God for putting an end to terrorism in Kashmir. I thank everybody for having given me this opportunity to speak here.

SHRI DEREK O'BRIEN (West Bengal): Mr. Deputy Chairman, Sir, before I say even one word about the incidents in the last one month, which have happened, or, the discussions we have had—we have a lot to say about it — let me make one message loud and clear, and, that is not for anybody in this House. I must tell our friends in Pakistan, straight talk, "Please do not meddle in our internal affairs; please do not shed crocodile tears; please do not pretend that you have love for the people of Kashmir; please do not give my country any bogus lectures on pluralism and democracy; and, please do not give us *bhashan* from your Generals, your politicians and your establishment, because my family knows Pakistan and my family knows India." Sir, in 1947, my grandfather worked in Kolkata and his younger brother worked close to Kolkata. So, the two brothers were in Kolkata and one brother was in Lahore, and he chose to stay in Lahore. That is one-third of the family and two-thirds of the family are here, the O'Briens. Today, in spite of all our differences, in spite of all the problems which we face today, we are still the O'Briens of India. We can eat what we want, we can pray wherever we want to, we can walk the streets freely, but the O'Briens of Pakistan don't exist any more. This is a fact, Sir. Yes, there are differences. In the last two years, there have been very serious issues. Sometimes, words cannot solve these issues. I wanted to start with the history and, then, come to the present, but, I think, I should start with the present and, then, go backwards in time. So, let me start with yesterday. In Trinamool Congress, when it comes to matters of Foreign Policy, as our own Policy, —whether it is the past; for the last 18 years we have been a party — we have always been with the Government, in the sense we are always with the country. This is not about winning any political points. Sir, yesterday, it was said by the hon. Prime Minister that if those boys and girls had books in their hands, or, laptops in their hands, or, cricket bats in their hands, it would have been better than having stones. Sir, that Statement also concerns me, but my concern is that even if those young boys had laptops, or, books, or, cricket bats, they would have still thrown it at where they wanted to throw it. This is a matter of concern, Sir. So, we need to understand this situation better. Sir, it is one thing that when you are sitting in the Opposition, then, you want to play rambo; but, it is another thing when you come here in the Government. When you come here in Government, you have to have peace and serenity in the Government. Actually, Ram Gopalji, the Professor, has said before about the history which I wanted to say. I will not

go into the history. But, Ram Gopalji, whatever you said on the history, I am completely on the same page as you, as to what you said about whose role, and I do not want to mention too many names here, because people get touchy when you mention names. Sir, this is a human tragedy. This is a tragedy of common people. Who would know Zohra Farooq? She is five-years-old, Sir. What she said in Urdu was translated into English. She said, "We don't burn firecrackers at home, but they now burn firecrackers." This was said by a five-year-old girl. Now, Sir, who is a nationalist and who is a patriot? The nationalist loves his country; the patriot loves the people of this country. It is very important, Sir, at this stage not to make a distinction between Kashmir, the Lion, and Kashmir, the people. This is important, Sir. This is above politics; so, please don't get touchy. Interestingly, a few days ago, there was a speech in the Lok Sabha on behalf of the Government, and I was intrigued to know whose voice it was, who spoke in the Lok Sabha because his views on Kashmir 20-25 years ago and today are different. Maybe, it is a very nice view; it is a good view and it is often criticized as being a view because he is a Muslim. Sir, I need to bring this point out today because he — this gentleman — believed that Sardar Patelji also had some views on Kashmir and even Shri Shyama Prasad Mukherjee was a stumbling block. Sir, I welcome the person the BJP chose to speak that day in Parliament. Maybe, today, it is the BJP and the NDA who are taking a different look at Kashmir. The person who said all these words — last week only — was Mr. M.J. Akbar. Now, Mr. M.J. Akbar is a friend of mine. So, I don't want to embarrass him and this is not the occasion to embarrass anyone. But if the BJP is looking at somebody like Mr. M.J. Akbar who wrote that book on Kashmir — and I am not here to publicize his book because he is your Minister; it was called 'Kashmir behind the Vale' we want to hear voices like this, and the more we hear voices like this, the more we believe that there will be a chance to solve this issue. It is another matter that when this book was launched in 1992, there were many in your Party who threatened to burn the book.

Sir, let us move on to the Home Ministry. In regard to the Home Ministry today — some of my colleagues are here who are in the Committee with me — there is a meeting called today at 3 o'clock, and, for that meeting, we have been given some background details from the Home Ministry. Now, the Home Ministry has given us the details of the use of pellet guns and I am reading from that report. It says, "In 2010, there were six deaths and 198 injuries and, in 2016, there are three deaths and 78 injuries or 58 injuries." Sir, we have to go beyond these statistics. Otherwise, for the last 70 years, we have gone this way and that way. We need to go beyond these statistics because the more and more I am looking at this, I find there are other examples of this happened in 2008-09; that was the number and now the number is less. Sir, we have to come out of this mentality because

[Shri Derek O'Brien]

unless we come out of this mentality, we will continue to suffer. It is almost like saying, 'There are a few injuries now. So, we have committed a smaller sin.' Sir, it is much beyond that. It is much beyond that. Sir, there is a difference in Kashmir. I was trying to study this in the last two-three days. And what is the big difference in Kashmir? Let us see it even in the last ten years. I don't want to go before that. Sir, I want to make one point in two minutes about what, I think, has changed 'on the ground' in Kashmir. Actually, to use the expression 'on the ground' is incorrect. Sir, in 2011, five-six years ago, the Internet penetration in Kashmir was three per cent. Today, the Internet penetration in Kashmir is almost 25 per cent. Sir, that is a major change that has happened in Kashmir. Today, if you ask me, why the Hurriyat or anyone else doesn't have control over these people, nor do the security forces, it is because how you could have an encounter with YouTube. You can't. The opinion is being made on the Internet. So, Mr. Home Minister, Sir, what saddens me also is, you Tweet out on July the 9th. It is a good Tweet. I quote, "I appeal to the people of Jammu and Kashmir to remain calm and maintain peace. The Centre is working with the State Government." Excellent. But the problem is that when this Tweet went out, the Internet itself was blocked. So, it is a tough call. In fact, in Kashmir, the Internet has been blocked about 13-14 times and I understand if you think so sometimes but that is not the solution. You are not going to get young people in your side if you keep blocking the Internet. The only other State which has blocked it close to 9 times in the last two-three years is a Western Indian State. ...*(Interruptions)*...

AN HON. MEMBER: Gujarat.

SHRI DEREK O' BRIEN: You said it. ...*(Interruptions)*... So, I am also saying it, Sir, because it is a fact. Sir, 'India' is non-negotiable. The 'Indian' is also non-negotiable. Sir, Kashmir is also non-negotiable. But the 'Kashmiri' and his/her welfare also have to be non-negotiable.

Sir, I now come to the issue which started all this — Burhan Wani. Now, Burhan Wani's is the same issue — I am going back to the Internet — because Burhan Wani, thankfully more dangerous on the Internet than he was on the streets. I believe, Burhan Wani is more dangerous in his grave than he was in his living room! And Burhan Wani may be more dangerous dead than he was alive. So, Sir, this is the changing situation in Kashmir. I am not going into the Home Ministry numbers, and we must restrain ourselves. We are a young Party, 18 years old. So, when we are telling the Congress and the BJP, the national parties, to do this, we are saying this with all humility.

Sir, this needs to be done. I want to make a specific recommendation to the Home Minister. You have said that there are four-five different kinds of pellets. I don't want to make this into a pellet discussion. You have asked for two months for that Expert Committee report. Two months is a long time for this. There is enough technology available. Why two months, Sir? Make it two days, make it one week, and let us have that Expert Committee come out with the report, because those pellets are hurting. They are not only hurting the children, but they are also hurting the consciousness of Kashmir.

Sir, I have never tried this before, but I would try it only once. These pellets, I do believe, are hurting the children and also the consciousness of Kashmir. So, I will end with an Urdu couplet.

"एक दो जगह नहीं सारा बदन छलनी है।
दर्द बेचारा परेशां है, किधर से उठे।।"

श्री शरद यादवः माननीय उपसभापति जी, मुझ से पहले बहुत से माननीय सदस्यों ने अपने विचार रखे। गुलाम नबी साहब, राम गोपाल जी से लेकर देरेक साहब तक, सबने जो बातें कहीं, मेरा मानना है कि इन सबकी कही हुई बातें रिकॉर्ड पर आ चुकी हैं, इसलिए मुझे अब इससे आगे कुछ बोलने की जरूरत है।

इस देश में तमिलनाडु में, अम्मा के सूबे में, Periyar से लेकर Annadurai तक कितना बड़ा आंदोलन, Laldenga था। दिग्विजय सिंह जी अभी यहां नहीं हैं, लेकिन मुझे याद है कि बीस बरस तक छत्तीसगढ़ में भंजदेव हर साल झंडा लहराते थे और अपनी आजादी घोषित कर देते थे। यही हाल पंजाब में हुआ, हम सब लोग यहां हैं। पंजाब में कितने समय तक और कितने बड़े पैमाने पर, खालिस्तान के नाम पर कितने तनाव हुए कितनी मुश्किलें आईं, लेकिन पहले के लोगों ने, पहले के सदन ने इन सारी समस्याओं को ठीक से पार करने का काम किया, उनका निदान करने का काम किया।

आज जो समस्या हमारे सामने है, हमें उसका भी निदान करना पड़ेगा। इसके लिए कितनी ही कमेटियां बनी हैं, यहां पूर्व प्रधान मंत्री, डा. मनमोहन सिंह जी बैठे हुए हैं, इन्होंने जम्मू-कश्मीर में गोलमेज़ कॉन्फ्रेंस करवाई थी। मैं उन सब बातों को नहीं दोहराऊंगा, लेकिन उस समय तीन-चार कमेटियां बनी थीं। इस सदन के सभापति, हामिद अंसारी साहब की सदारत में भी एक कमेटी बनी थी। उस समय जम्मू-कश्मीर की ऐसी कोई पार्टी नहीं थी, ऐसा कोई हिस्सा नहीं था, जिसका उस कमेटी में प्रतिनिधित्व न रहा हो। धार्मिक से लेकर सब तरह के लोगों की आम सहमति से उस कमेटी के द्वारा छः मुख्य बिन्दुओं को लिया गया। अगर मैं उन सबको पढ़ने का काम करूंगा, तो बहुत लम्बा समय लग जाएगा और मेरे पास उतना समय नहीं है। उनका शीर्षक था, "Confidence Building Measures Across Segments of Society in the State."

इस वर्किंग ग्रुप में जम्मू-कश्मीर से वास्ता रखने वाली सभी पार्टीज़ और सब तरह के धार्मिक संगठनों के लोग थे। हां, मैं यह मानता हूं कि हुर्रियत उस समय सहमति में नहीं थी।

[श्री शरद यादव]

एक रंगराजन कमेटी थी, जो economic matters पर बनी थी। मैं इनका जिक्र इसलिए कर रहा हूं कि ये सब चीज़ें पहले हो चुकी हैं और आज हम लोग फिर से पुराने इतिहास पर खड़े हैं। चाहे कोई भी सरकार रही हो, अटल जी की सरकार रही हो, मनमोहन सिंह जी की सरकार रही हो या नरेन्द्र मोदी जी की सरकार हो, ये जितने भी प्रयास हैं, ये पहले से किए जाते रहे हैं। सरकारें आती हैं, जाती हैं, लेकिन उनके जो प्रयास हैं, वे हमेशा जारी रहे हैं। चाहे जम्मू-कश्मीर की समस्या हो अथवा देश के दूसरे हिस्से से संबंधित समस्या हो, उन समस्याओं के समाधान के जो रास्ते बने हैं, वे हमेशा हमें एक राह, एक रास्ता दिखाते रहे हैं। हमें उनको खोजना चाहिए।

महोदय, मैं माननीय गृह मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि हमारे जो सभापति जी हैं, हामिद अंसारी साहब, वे स्वयं उस कमेटी में थे। उस कमेटी में कोई मामूली लोगों के दस्तखत नहीं हैं। अभी माननीय सदस्य उन सब लोगों के नामों को पढ़ रहे थे। रात को मैं देख रहा था कि ऐसा कोई सेक्शन या कोई हिस्सा नहीं है, जिस पर उनके दस्तखत न हुए हों। बीजेपी के श्री चमनलाल गुप्ता जी, जो उस समय हमारे सहयोगी थे, उनके दस्तखत भी उसमें थे। आज के डिप्टी सीएम भी उसी कॉन्फ्रेंस में थे। ये सब उस कमेटी की बातों पर सहमति देने वाले, दस्तखत करने वाले लोग थे।

रंगराजन साहब यहीं हैं, ये मुख्य मंत्री रहे हैं, फिर यहां कर्ण सिंह जी भी बैठे हैं। मैं आपसे निवेदन करूंगा कि हम सबने देश में कई बड़े-बड़े सवाल हल किए हैं और अब यह सवाल भी हमको ही हल करना पड़ेगा। प्रधान मंत्री जी ने बोला कि हिन्दुस्तान कश्मीर को बहुत प्यार और मोहब्बत करता है, यह सही बात है, लेकिन यह भी जरूरी है कि वहां के लोग भी हमने मोहब्बत करें, प्यार करें। देश दोतरफा मोहब्बत से बनता है और दोतरफा मोहब्बत से आगे बढ़ता है। इन्हीं कमेटियों में हमने यह फैसला किया था कि कश्मीर के जो नौजवान हैं, वे बड़े पैमाने पर पूरे देश में पढ़ाई करेंगे और हम उनको पूरे देश की यूनिवर्सिटीज़ में लाकर एजुकेशन देंगे।

उपसभापति जी, मैं आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि इस फैसले के बाद कितने बड़े पैमाने पर नौजवान यहां की सारी यूनिवर्सिटीज़ में आए हुए थे? इन यूनिवर्सिटीज़ में आज कितने नौजवान रह गए है और कितने वापस चले गए हैं? मेरा निवेदन है कि आप मेरे इस प्रश्न का जवाब देने का काम जरूर करें।

यहां मैं किसी की राय से सहमत नहीं हो सकता। कश्मीर के लोगों के साथ बराबरी का सलूक करके ही आप हिन्दुस्तान में कश्मीर को रख सकते हैं और कश्मीर के लोगों के दिलों को, उनके मनों को जीत सकते हैं। आज जो स्थिति है, उसमें जिस तरह से लोग बातें कर रहे हैं, उस तरह से इस समस्या का रास्ता नहीं निकलेगा। युद्ध से आपका कोई रास्ता नहीं निकल सकता। एक मौका था, जब आप युद्ध में जीते थे, लेकिन आज युद्ध का मामला नहीं है। आपके और पाकिस्तान के बीच में युद्ध हो ही नहीं सकता है, आप करके देख लेना, दोनों जगह बरबादी हो जाएगी। आज वे हालात नहीं हैं। आज ऐसे हालात हैं कि हमें कश्मीर के लोगों को जीतना होगा। इस तरह कई बार वे जीत गए हैं, हमने कई बार उनको मोहब्बत से अपने साथ लिया है। 1947 में जब कबाइली आए थे, उस समय जम्मू-कश्मीर की जो सियासत थी, उससे उनका समझौता ठीक से नहीं हो पा रहा था। कबाइलियों के आने के साथ

ही एक बड़ा फैसला हुआ और उस विकट परिस्थिति में हमने जम्मू-कश्मीर को बचाने का काम किया। आज सरदार पटेल हमारे बीच में नहीं हैं। मैं मानता हूं कि हिन्दुस्तान में जितना सरदार पटेल ने हिंदुस्तान की एकता के लिए काम किया, वैसे सबने किया, लेकिन उनको जमीनी समझ बहुत थी और उसमें से रास्ता निकालने में वे अपनी तरह के एक अद्भुत इंसान थे। मैंने पंजाब का जिक्र किया। अभी पूरा रेड कॉरिडोर बना हुआ है। हम जूझ रहे हैं या नहीं जूझ रहे हैं? देश को एक रखना है, तो जूझना पड़ेगा। मनमोहन सिंह जी के जमाने में, अटल जी के जमाने में, उसके पहले के जितने प्रयास हैं, मैं आपके माध्यम से होम मिनिस्टर साहब से कहना चाहूंगा कि आप उन सारी चीज़ों को निकालने का काम करें। मेरे पास सारे पेपर्स हैं, आप कहेंगे तो मैं आपके पास कल पहुंचा दूंगा, जितने भी पुराने-पुराने समझौते हैं, वे मेरे पास हैं। आज मुझे मालूम नहीं था कि मौका मिल जाएगा, नहीं तो मैं उनको लेकर आता। आप कहेंगे तो ये सारे पेपर्स, सारी चीजें, सभी वर्किंग ग्रुप्स के जितने भी प्रयास हैं, पेपर्स हैं, आपके पास पहुंचाने का काम करूंगा।

श्री सीताराम येचुरी (पश्चिमी बंगाल): हम लाए हैं। चाहिए, तो दे दें।

श्री शरद यादव: देने चाहिए। मैं इन्हीं की चर्चा कर रहा था, ये मेरे पास थे। ये सब होम मिनिस्ट्री में होंगे। वे पेपर्स किस लिए हैं? वे हमारी सारी सरकारों के अथक प्रयास हैं। मुझे अच्छी तरह याद है, अटल जी के जमाने में हुर्रियत के लोग मिले थे और हुर्रियत के लोगों के साथ सारे संवाद को आडवाणी जी के जिम्मे छोड़ा गया था।

महोदय, मैं आपसे निवेदन करूंगा कि अभी एक-डेढ़ वर्ष पहले ही कश्मीर में 70 फीसदी, 65 फीसदी लोगों ने वोटिंग में हिस्सा लिया है। यह हम क्यों भूल जाते हैं? यह वहां का सच है और हमारे हक में है। जो फैसला वहां कश्मीर के लोगों ने, घाटी के लोगों ने किया है, उसको हम मोहब्बत से क्यों नहीं देखते हैं? आज वहां की जनता में कुछ रंज और अफसोस है और वह हमसे दूर जा रही है। वैसे कई जगहों पर लोग दूर गए हैं, लेकिन देश ने उनको वापस लाने का काम किया है। हमें भी यही प्रयास करना पड़ेगा, इसके सिवाय कोई दूसरा रास्ता नहीं है। गोली से कोई समाधान नहीं होना है। मैं गृह मंत्री जी से बहुत विनम्रता से कहना चाहता हूँ कि यह जो पेलेट गन है, उसके लिए आपने कमेटी बना दी है, लेकिन वहां के लोग उनमें नहीं हैं, हो सकता है, गड़बड़ है, बहुत से लोग काम कर रहे होंगे, लेकिन वे हमारे ही लोग हैं, अगर घर में बेटा या बेटी विद्रोह कर जाते हैं, तो उसको हम वापस लाने के लिए अच्छा सलूक करते हैं या नहीं करते? हम कहते हैं कि कश्मीर हमारा है, कश्मीर हमारा अभिन्न अंग है। मैं कहता हूँ कि अभिन्न अंग है, तो पेलेट गन देश के बाकी किसी इलाके में क्यों नहीं चली? यह जो हरियाणा है, यहां क्या नहीं हो गया, लेकिन हमने वहां पेलेट गन नहीं चलाई। आज साइंस इतना एडवांस हो गई है, सारी चीज़ें बहुत एडवांस हो गई हैं, मैं इस सदन के माध्यम से आपसे विनती करूंगा कि आप तत्काल कोई दूसरा रास्ता निकालिए। आप लोगों को गोली मार दीजिए, लेकिन पेलेट गन ठीक नहीं है। मैं यह मानता हूं कि किसी कीमत पर किसी पर गोली नहीं चलनी चाहिए, लेकिन यह गोली से भी खराब है। इसके कारण हर वह इंसान घिसट-घिसट कर जिएगा। इसको आप तत्काल वापस लीजिए। यह तो इंसान को मारने से भी बुरा अपराध है। जो वहां के लगभग 60-70 लोगों की आंखें चली गई हैं, छोटे बच्चों की आंखें चली गई हैं। वहां लोगों ने पत्थर जरूर उठाए हैं और मैं मानता हूं कि फौज के लोग, पुलिस के लोग, पैरामिलिट्री के लोग बड़े पैमाने पर शहादत दे रहे हैं, मगर देश के

[श्री शरद यादव]

ही दो बेटे लड़ कर जान दे रहे हैं, क्योंकि उस तरफ के लोग जो जा रहे हैं वे भी हमारे हैं और इस तरफ के लोग जो जा रहे हैं वे भी हमारे हैं। जम्मू-कश्मीर से एक माननीय सदस्य बोल रहे थे, मैं मानता हूँ कि वहां की संस्कृति और तहज़ीब हिंदुस्तान के बाकी इलाकों से बहुत आगे थी। लेकिन आज जो हालात बिगड़े हुए हैं, आज तो हालात गंभीर हैं। अगर ये गंभीर सवाल हैं, तो इन सवालों के लिए आप पहल तो कीजिए। आज सदन से यह प्रस्ताव जाना चाहिए, वहां की जनता से हम लोग यहां से विनती करें कि हम सब लोग आपके साथ सब तरह के दुख और सुख को साझा करने के लिए तैयार हैं। वहां आज खाना नहीं है, नाश्ता नहीं है, रोजगार नहीं है, वहां सब कुछ बंद पड़ा हुआ है। आज पूरे कश्मीर की बहुत बुरी हालत है। वहां 32 दिनों से कर्फ्यू है। ऐसे में जो daily कमाता है, जिसको हम अंतिम आदमी कहते हैं, हम रोज सोचते हैं कि हम अंतिम आदमी की जिंदगी बदलनी चाहिए। जो दिहाड़ी मजदूर हैं, उनको दिन भर काम करना पड़ता है, तब कहीं उनकी जिंदगी चलती है। आज वे घर बैठे हुए हैं। पहले यह सिर्फ कस्बों में होता था, लेकिन अब यह गांव तक चला गया है, इसलिए हमारे सामने बड़ी चुनौती है। इस बड़ी चुनौती पर हम सब लोगों को गंभीरता से सोचना चाहिए कि ये हमारे लोग हैं, वे हमसे गुस्सा जरूर हैं, लेकिन हमें उनके साथ मोहब्बत के साथ पेश आना चाहिए, उन्हें मोहब्बत से वापस लाना चाहिए। यदि हम यह काम नहीं करेंगे, तो हमें इतिहास माफ नहीं करेगा।

हमारे पुरखों ने हमें राष्ट्र की एकता और अखंडता की विरासत सौंपी है। यह हमारे ऊपर जिम्मेदारी है। ...*(समय की घंटी)*... यह हमारा फर्ज है, यह पूरी तरह से सारे देश का जनमानस है कि चाहे जितनी.... वे हमारे पास आए थे, वोट डाल कर आए थे, आज वे हमसे दूर हो गए हैं, लेकिन वे हमारे पास भी आए थे। हमें उनके पास आने की बात को नहीं भूलना चाहिए, दूर जाने की बात को भी सहेज करके, तरीके से करना चाहिए। फौज और पुलिस बल से इसको नहीं करना चाहिए। यह सही है कि फौज और पुलिस बल का इस्तेमाल करना पड़ता है, कई बार करना पड़ता है। हमने पंजाब में भी किया, यहां भी करना पड़ेगा, लेकिन इसका प्रयोग एक सीमा तक ही करना चाहिए। मानवीय दृष्टि से उस सीमा तक restrain करके लोगों को आगे बढ़ाने का काम करना चाहिए। मैं फिर कहना चाहता हूँ कि यहां जम्मू और कश्मीर के दो सदस्य हैं, वे चुने हुए प्रतिनिधि हैं, जम्मू के सदस्य बोल चुके हैं, समय हो या न हो, लेकिन इन दोनों सदस्यों को यहां पर बोलने का मौका मिलना चाहिए। यहां पूरे दिल से अपनी बात कहने का मौका सबको देना चाहिए और सबको सुनना चाहिए। मैं आपसे यह विनती करता हूँ कि इन दोनों सदस्यों को बोलने का मौका दिया जाए। सदन से प्रस्ताव पास करके पूरे घाटी के लोगों से, जम्मू और लद्दाख के लोगों से अपील करनी चाहिए कि हम सब आपके दुख और तकलीफ में साथ हैं। आपकी तरफ से इस तरह की बढ़िया अपील जाए और इसलिए जाए, क्योंकि सभापति को भी कश्मीर के मामले में बहुत अनुभव है, वे उसके अध्यक्ष थे। इन्हीं बातों के साथ मैं इतना ही कहना चाहता हूँ कि मैंने जो बातें कहीं, अपनी बातें भी कही हैं, लेकिन मेरे दिल में पूरी तरह से राष्ट्र की एकता का जो मन है, वही बेचैन करके मुझसे बुलवा रहा है। सरकार के साथ हम सब लोग हैं। आप प्रयास कीजिए, हम सब लोग आपके साथ हैं। आप कश्मीर को ठीक बनाइए, वहां के जो लोग दूर चले गए हैं, उनको पास लाइए। आप इसके लिए हर तरह का प्रयास कीजिए। हम चाहते हैं कि हम आपके साथ सहयोग करके चलें, लेकिन पूरा सदन आपके साथ है, पूरा देश आपके साथ है। उसी जिम्मेदारी के साथ आप घाटी के लोगों के साथ भी व्यवहार कीजिए और उनको वापस लाने की कोशिश कीजिए। वे हमारे लोग हैं, अगर वे गुस्सा भी हो गए हैं, तो उनको मोहब्बत से वापस लाने का काम होना चाहिए। मैं इन्हीं बातों के साथ अपनी बात समाप्त करता हूँ, बहुत-बहुत धन्यवाद।

1.00 P.M.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you very much. Next speaker is Mr. Sitaram Yechury. Yechuryji, it is one minute to 1 o' clock. You can start now, and resume at 2 o' clock. ...*(Interruptions)*... One minute time is there, I do not want to waste that. ...*(Interruptions)*...

SHRI SITARAM YECHURY: But, Sir, do not start my time now. ...*(Interruptions)*... I will start but start my time at 2 o'clock! ...*(Interruptions)*... You have already started my time.

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF MINORITY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI MUKHTAR ABBAS NAQVI): Sitaram Yechuryji is a very senior leader. ...*(Interruptions)*... It will be better if he starts at 2 o' clock after lunch.

SHRI SITARAM YECHURY: Sir, we will have the lunch break, and after that I will start my speech. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is okay. ...*(Interruptions)*...

SHRI MUKHTAR ABBAS NAQVI: Sir, one minute before lunch?

...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: How much each minute of Parliament Session costs, you must know. ...*(Interruptions)*...

श्री मुख्तार अब्बास नक़वीः सर, वैसे ही टाइम हो गया।

SHRI SITARAM YECHURY: Will you allow me to speak now and ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no; you start your speech at 2.00 p.m. The House is adjourned till 2.00 p.m.

The House then adjourned for lunch at one of the clock.

The House reassembled after lunch at two of the clock,

MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair*

GOVERNMENT BILL

The Drugs and Cosmetics (Amendment) Bill, 2013

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Jagat Prakash Nadda wants to withdraw a Bill. If the House does not have any objection, I will allow him. It will take only half-a-minute.

SHRI MADHUSUDAN MISTRY (Gujarat): Sir, the Maternity Benefit Bill has been circulated only today. It is being introduced and considered for passing.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. He is only withdrawing a Bill.

SHRI MADHUSUDAN MISTRY: Sorry, Sir.

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI JAGAT PRAKASH NADDA): Sir, I beg to move for leave to withdraw the Bill further to amend the Drugs and Cosmetics Act, 1940.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI JAGAT PRAKASH NADDA: Sir, I withdraw the Bill.

DISCUSSION ON THE PREVAILING SITUATION IN KASHMIR VALLEY–*Contd.*

SHRI SITARAM YECHURY: Sir, this is the third occasion in the last three days when I am rising with a degree of agony, anxiety and anger at what is happening in the Kashmir Valley. सत्ता पक्ष की ओर से हमारे कुलिग ने जो कहा, वह मैंने सुना। जम्मू-कश्मीर के अंदर जम्मू, लद्दाख और बाकी प्रांतों में विकास किस तरीके से होगा, इसके बारे में बात हुई। यह बहुत गम्भीर बात है, उसके बारे में चर्चा होनी चाहिए, लेकिन आज हम सब लोग यहाँ इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि कश्मीर घाटी के अंदर हालात क्या हैं। Today is the thirty-second day of the curfew. There has been a continuous curfew for thirty-two days and every day firing is taking place. Every day somebody is being killed. Every day people are getting injured. Why is this agony and pain continuing unrelenting in the Valley? And how can you stop it? That is the issue before us. We are not talking about the old packages for Kashmir that all of us had announced and why they are not being implemented. They are important. Development of other regions of Jammu and Ladakh is important. But right now the issue is this. What is happening in the Valley? And why are we not able to control it?

SHRI JAIRAM RAMESH (Karnataka): Sir, nobody from the Home Ministry is sitting here.

SHRI MUKHTAR ABBAS NAQVI: Sir, I am taking note of it. He is coming.

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, nobody from the Home Ministry is sitting here. Not even an MoS. Sir, somebody from the Home Ministry should be here. ...*(Interruptions)*... सर, यहाँ कैबिनेट मंत्री नहीं हैं, राज्य मंत्री नहीं हैं, कोई नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

SHRI PRAMOD TIWARI (Uttar Pradesh): Sir, this has been the tradition. ...*(Interruptions)*... Unless he has given it in writing stating that he will not be available. ...*(Interruptions)*...

श्री जयराम रमेशः सर, दो एमओएस हैं, लेकिन यहाँ एमओएस भी नहीं हैं। ...(**व्यवधान**)... अच्छा, एक आ गए हैं। ...(**व्यवधान**)...

SHRI SITARAM YECHURY: Sir, start my time from now. Don't deduct this time from my time.

श्री जयराम रमेशः सर, इनको टाइम पर आना चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री मुख्तार अब्बास नक़वीः चलिए, कोई बात नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

SHRI SITARAM YECHURY: Sir, I am continuing with the same anguish, the same anger and the same anxiety over what is happening after thirty-two days of curfew. We have not come to any way of trying to find a solution to the situation there. I had suggested in the last two days to stop using these pellet guns. Start the political process. Call an all-party meeting in Delhi. Call a meeting in Jammu and Kashmir. Consult all shades of opinion and start the process of a political dialogue without which there cannot be a solution. Unfortunately, till now this has not happened. And I again demand that this should be done immediately. Of course, there is a question of Pakistani interference, cross-border infiltration. All those questions will always be there. I think the whole House, the whole Parliament, the whole country has, without any hesitation, said that that is something which must be stopped. We always stood against it and we will stand against it. They have no business to interfere. That is a different question. But please remember that. Sir, I want you to listen to this point. Even a vulture, when it dips down to eat on the carcass, comes down only when it smells blood. Only when it smells blood that there is a dead carcass, the vulture comes down to feed on that carcass. That blood is being spilt and we are allowing vultures across the border to come and feed on that. Why is that blood being spilt? Why is there a trust deficit today in the Valley? Why is there a degree of

[Shri Sitaram Yechury]

alienation amongst the people? That is the question which needs to be addressed. We have to stop this violence. That is one aspect. But, address the trust deficit. Why is that trust deficit happening? Sir, we have to ponder over that. The people of Kashmir, men and women, at the time of our independence, fought against the Pakistani raiders to defend our independence even ignoring the religious affiliations of the people. Everywhere in North India, particularly in Punjab, and in Bengal, you had communal holocaust; you had Mahatma Gandhi not here at the Red Fort when our flag was flown on the day of Independence. He was there on a hunger strike to stop the communal riots at Noakhali in Bengal. But, in Kashmir, there was not a single communal clash. Please remember that. They started with the aspiration of independence, coming and joining India, and overthrowing the feudal oppression there. It is the only State in the country where the land of the landlords was confiscated without compensation and given to the tillers of the land. ...*(Interruptions)*... It is the only State. ...*(Interruptions)*... You signed that. There is the Maharaja who signed that Bill, who is sitting here with us. It is the only State. The aspiration was for prosperity, unity and maintaining that uniqueness of what is called the *kashmiriyat.* We have talked about the uniqueness of *kashmiriyat.* I have said it here a number of times. I have said that to Dr. *Saheb,* who was then the *Maharaja* of the Dogra Empire. At that point of time, you had the *Pari Mahal* — and he said that it was opposite his house. On the other side of *Pari Mahal,* diagonally opposite, you have the *Shankaracharya*. You had a culture where all religions were intermingling with each other and it was at that Pari Mahal that Dara Shikoh, who ought to have been the *Mughal Baadshah* — that is a different story of history — was inspired to write the treatise called the *Majma-ul-Bahrain:* The Mingling of Two Oceans of *Sufism* and *Vedanta*, and how both of them mingled together for the sake of advancing humanity. That is *kashmiriyat.* There were no communal clashes. It was called the *Wahdat al-wujud,* which means the unity of purpose of life. That is the kashmiriyat that you are talking about, which has to be kept in mind. Why are these people alienated today? We need to address that question. You talked of Article 370. Many people question: Why is it only for Jammu and Kashmir? You have Articles 371, 371A, 371B, 371C, 371D, etc. I am a beneficiary of that. I am a beneficiary of one of those Articles which deal with Telangana. Now, the State is divided. That is a different point. At that point of time, you defined who is a domicile. It was called a mulki. A *mulki* certificate was given — an Andhraite was a *mulki* in Telangana. The Constitution provided me the special right. So, Article 370 is not unique to Jammu and Kashmir only. We have that for many States in the North-East. You had it for other parts of the States in our country. So, what did you promise then? It was the autonomy. One of the Indian Prime Ministers said that sky was the limit for autonomy. You know about

which Prime Minister I am talking about — Mr. P.V. Narasimha Rao. But he said that sky is the limit. We have heard the repetition of what Mr. Atal Bihari Vajpayee said, of the *insaniyat, Kashmiriat* and *Jamhuriat*, democracy, humanity and humanism. The Leader of the Opposition has correctly said that that being repeated by somebody, who does not carry that credibility today, does not make any sense. That is correct. But, remember, Sir, it was not only the slogans that Mr. Vajpayee gave. Mr. Vajpayee, on the 19th of November, 2000, declared what is famously known as the Ramzan ceasefire. He responded to the Hizbul Mujahideen and declared a unilateral ceasefire from India. Mr. Vajpayee did that. Then, on, 22nd January, 2004, Mr. Lal Krishna Advani, as the Deputy Prime Minister, as the Home Minister of India, calls for a round table meeting, going out of the way, calls the leaders of the separatist movement to Delhi for a discussion — the same BJP Government, Sir. So, mere slogans are not sufficient. What is your concrete action? What are you proposing now? How do you want to carry this process forward? If Mr. Vajpayee can declare a unilateral ceasefire, if Mr. Advani can call a round table meeting with the Hurriyat and the separatists, what is preventing this Government from initiating a political dialogue and the political process? I told you, as far as Pakistan is concerned, on that, there is absolutely no different shade of opinion. But, then, with Pakistan, is it not our job to shame Pakistan in the international fora; to tell them how they are interfering in independent affairs of our country? What are you doing with that Indo-Pak dialogue — blow hot, blow cold? When you want to wish Happy Birthday, you suddenly land in Islamabad. Then, after that, you stop all the talks. It has already been said, — my friend Mr. Sharad Yadav has already said it — by giving nuclear parity to Pakistan, you cannot have the option of any war with them. What are the diplomatic channels? How are we using them? Are we using them? Sir, that trust deficit, among the people in Kashmir, is a string of betrayals of the promises that we have made. I have here a whole set of documents. If you want, I will give it to the Home Minister to refresh his memory. They must be there in his files. I have here, all the Working Groups' records. One of these Working Groups was headed by our hon. Chairman at that time, in 2007. All the recommendations are here. These also, I will give to the Government, if they want to refresh their memory. Then, after 2010, we sent an all-party delegation. As, I told you yesterday, the Leader of the House, myself and a few others, went there. After that, we met the Hurriyat leaders. The Government was not very happy but we insisted; we went there and met them. Then, the situation was returning to normalcy. We appointed a team of interlocutors. That team of interlocutors was announced in this House. The team of interlocutors gave their report. Where is that report? Why is it not being placed in the House when it was decided in the House and an announcement was made here? What are those recommendations? You have to address this central question of the promises made to the people of Kashmir at the

[Shri Sitaram Yechury]

time of Independence and the string of betrayals that have happened since then. I can go through the history if you want to hear that; what all happened; what the 1953 understanding was; what happened subsequently with the Sheikh etc. The arrest of the Sheikh, what happened to that? After his untimely death, how undemocratically an elected Government was toppled! We can go into all those issues. But that is not the point. That would not solve the problem today. The problem, today, can be solved only if you initiate a political dialogue on this central issue of the promises made to the people of Kashmir. How are you going to implement that? And, on that, I have been urging upon this Government, all along, that this can only come through an atmosphere of trust. If there is a trust deficit, you have to create an atmosphere of trust. If, every day, you start saying 'abrogate Article 370', are you creating trust? If, every day, you say 'in the name of *gau raksha,* I am going to kill,' are you creating trust? You hang two Muslim youths in Latehar in Jharkhand, on a false allegation; you murder Akhlaq in Dadri, on a false allegation: Is that all creating trust? Love *Jihad, Ghar Wapsi*- this kind of atmosphere that has been created in the whole country, is, actually, vitiating that trust. I want this Government to seriously ponder because the point is to solve the problem in Kashmir, which is, actually, a wound for all of us. It is paining all of us and it should be paining the whole of India. How do you address that point? Create that trust. To create that trust, you will have to show the credibility in creating that trust. Merely repeating, what Shri Atal Bihari Vajpayee said, is not going to create that trust. Create that trust by your behaviour; create that trust by stopping this entire campaign saying 'abrogate Article 370'. Create that trust by stopping this communal polarization that is taking place in the country and only then, can we, actually, create the conditions. When we went to Jammu and Kashmir in 2010, we were told that, at best, there are only 200-300 militants. Today, the Home Ministry's official assessment is that they are something to the tune of thousands. Why did they grow? Why did this happen? Unless you address that central question of the political trust deficit and address these important issues of the promises made to them on the question of autonomy, on the question of Article 370,1 do not think we can resolve this thing. So what is to be done? I urge upon this Government once again. Please discuss all these issues and discuss them with an open mind. Don't fix up any agenda of that nature which is limiting. Discuss that with an open mind, listen to all the ideas and within the framework of what we have promised to the State of Jammu and Kashmir at the time of accession to the Indian Union. We will have to remove all the inadequacies that have happened in the past. At least, start addressing that issue. That is absolutely important. For that, that confidence building is required and, for this, first, take all the political parties here, in the Parliament, on board. Call them together and discuss this issue. Then, you call all the forces, like Mr. Vajpayee

did, like Mr. Advani did, and discuss with them. And then, you please consider sending an all-party delegation to give that confidence to the people that we are there, we are concerned about these issues which have remained unresolved so far. And that, Sir, is what is required right now. Therefore, I end by only re-urging the Government to please start this process of political dialogue. Please stop these pellet guns. Yesterday, I told you that I was ashamed to show you the photograph, but I will show it to you.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I saw it.

SHRI SITARAM YECHURY: Look at this. What is this?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have also seen the inside photo.

SHRI SITARAM YECHURY: Inside photos, I am not showing. What is this? How are you going to get any trust of the people by this? Stop this and immediately start this political process. That is my urging to the Government.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Dilip Kumar Tirkey.

श्री दिलीप कुमार तिर्की (ओडिशा): महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। यह स्पष्ट हो गया है कि कश्मीर में पाकिस्तान आतंकवाद को खुला समर्थन दे रहा है। आज हमारे कश्मीर के यूथ पत्थर पकड़ने पर इसलिए मजबूर हुए हैं, क्योंकि वहाँ पर पाकिस्तान का प्रभाव है, अलगाववादियों का प्रभाव है। महोदय, पाकिस्तान की politics क्या है? पाकिस्तान हमेशा यह चाहता है कि वहाँ जो शासन कर रहे हैं या वहाँ जो आर्मी वाले तैनात हैं, वे भारत के बारे में जो जितना गलत बोलेगा, जितना negative बोलेगा, वह वहाँ पर हीरो है। यही पाकिस्तान की politics है। इतिहास साक्षी है, इसमें कोई शक नहीं है। आज कश्मीर में जो हो रहा है, वे लोग जो चाह रहे हैं, जो अलगाववादी चाह रहे हैं, वही हो रहा है। वहाँ पर हमारे लोग मर रहे हैं, वे यही चाह रहे हैं। आज की तारीख में मेरे ख्याल से लगभग 60 लोग मर चुके हैं और 3,000 से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। वे यही चाह रहे हैं। महोदय, यह हमारे लिए काफी दुख की बात है और सोचने की बात है।

जैसा राम गोपाल यादव जी कह रहे थे कि हमें इसकी root तक जाना पड़ेगा, हमें इसकी जड़ को पकड़ना पड़ेगा, तभी यह problem solve होगी; otherwise, वहाँ पर हमारे youths में इसी तरह की tension बढ़ती रहेगी। अभी उनको healing touch देना चाहिए। उनको healing touch की जरूरत है। हम उनके culture पर गर्व करते हैं। हमें उनके culture के साथ भी मिलना चाहिए। वे हमारे भाई-बहन हैं, हमें उनको ऐसा एहसास कराना चाहिए। इसकी जरूरत है। हम दुनिया को हिंसा नहीं, बल्कि अहिंसा का रास्ता दिखाते हैं। मुझे लगताहै कि वहाँ पर फौज की नहीं, बल्कि dialogue की जरूरत है। वहाँ पर हमारे जितने भी youths हैं, स्कूल, कॉलेज, community है, वहाँ पर जाकर हमें उनसे मिलना चाहिए, उनसे बातें करनी चाहिए, उनके साथ discussion करना चाहिए, तभी उनको एहसास होगा कि हम उनके साथ हैं। आज हम देख रहे हैं कि 5 वर्ष के बच्चे, 7 वर्ष के बच्चे, 12 वर्ष के बच्चे ऐसी घटनाएँ देख रहे हैं। एक तरफ वे पत्थर फैंकना देख रहे हैं, दूसरी तरफ police firing देख

[श्री दिलीप कुमार तिर्की]

रहे हैं। कल वे बच्चे वही सीखेंगे। इसलिए कल को बेहतर करने के लिए हमें उनको समझाना ही होगा। इसके लिए हमें उनके culture के पास जाना ही होगा। अभी भी वहाँ की situation बहुत खराब है, यह सबको मालूम है। हम सब कहते हैं, हमारी पार्टी भी गर्व के साथ कहती है कि जम्मू और कश्मीर हमारे देश का अभिन्न अंग है। महोदय, हमें उनके मन में और दिल में पहुंचना है। सबसे पहले तो मैं सरकार से अनुरोध करूँगा कि हमें यह काम सबसे पहले करना होगा, तभी वहाँ की हालत कुछ सुधर पाएगी। जैसा सभी कह रहे हैं, हम भी यही कहना चाहेंगे कि जितनी जल्दी हो सके, सरकार की तरफ से तुरंत एक All-Party Meeting बुलाई जाए, जितनी जल्दी हो सके, जम्मू-कश्मीर में All-Party Delegation भेजा जाए, ताकि वहाँ के हालात को समझा जाए, उनके साथ बात की जाए।

महोदय, अंत में मैं यही कहना चाहूँगा कि dialogue और political process से ही यह problem खत्म होगी। इसके लिए हमारी सरकार को अपनी ओर से पूरी कोशिश करनी चाहिए, ताकि आगे वहाँ पर इस तरह की घटना न हो। खास तौर से हमारे जितने भी youths हैं, वे पाकिस्तान के प्रभाव से या अलगाववादियों के प्रभाव से ऐसी घटना न करें, जो अभी घट रही हैं। मैं इतना ही कहना चाहूँगा कि सरकार को इसके ऊपर ध्यान देकर काम करना होगा। Thank you, Sir.

So, on the one hand, we see it an internal matter; yes, it is; but it is an integral part of India. Of course, it is. But the exact relationship remains. And also, Jammu and Kashmir is a single State, yes. But, as it is mentioned by Shri Shamsher Singh Manhas and by other people, there are three regions: there is Jammu, there is Kashmir and there is Ladakh. There were five regions actually; two regions are not now in our control, that is, PoJK and Gilgit-Baltistan. There are these regions and they have their own problems and the youth in those regions have their own aspirations which will not necessarily coincide with each other. Therefore, I would submit that the point is well taken that where we have *Jamuriat,* Democracy, where we have *Insaniyat,* humanity and where we have *kashmiriyat,* let us have two more, Jammuiyat and Ladakhiyat. They are also parts of the State. They cannot be brushed aside. I agree that the crisis, at present, is in the Kashmir valley. Please remember that Ghulam Nabi Azad was the first Chief Minister of Jammu and Kashmir from Jammu in 70 years. After Dogra Rule, for the first time, somebody from Jammu became the Chief Minister there. He knows what happens in Jammu and what happens in Kashmir. You remember that Amarnath Yatra land disaster that took place! That disaster in Amarnath Yatra started in Kashmir and then in Jammu. For months and months together, it was going on. So, it is not as if you can brush aside the other two regions. They have their own problems; they have their own aspirations; and, any overall settlement of Jammu and Kashmir will have to take into consideration the varying political aspirations of the three regions.

I am just leaving it at that. I don't want to spell it out further. But this is something very important because we set up Gajendragadkar Commission in 1967 for redressing the regional imbalances. He was the Chief Justice of India, a brilliant man. In 1977, Sikri Commission, headed by another Chief Justice of India, was set up. So many Commissions were set up. Still, the matter is unresolved. So I am making all these points not for scoring political points but simply to submit to this hon. House, through you, Sir, that these are the many dimensions of the problems in Jammu and Kashmir. There is the humanitarian

[Dr. Karan Singh]

dimension; there is the internal-external dimension; there is the dimension of the special position of Jammu and Kashmir; and there is the dimension of regional imbalances and regional problems in Jammu and Kashmir. So, when we are now determined to address the problem in an integrated fashion, we have to keep in mind these various dimensions. That is really what I wanted to put before the House today because I think, perhaps, I am in a better position than most to be quite clear with regard to these various dimensions.

Yes, Sir, economic development is very important. There is no doubt about it. The Prime Minister talks about vikas (development), and as has been mentioned, AIIMs are there, IITs are there, IIMs are there, Central Universities are there, and these are very welcome. Employment, tourism, handicraft, horticulture - so much can be done in the Valley, but it is not only an economic problem; it is a political problem also. This has got to be accepted. Please remember that, if you look upon it only as an economic problem and you just give packages and so many thousand crores of rupees — You can do it. You should do it. We have to do it — that is not going to solve the problem. It is a political problem. It is a complex political problem. And, today, we are facing a situation where there is widespread alienation among the people of the Valley. Young people, intellectuals and everybody seem to be going through some kind of an inner torture.

So, Sir, we have got to put our heads together, we have got to put our hearts together and we have got to do something concrete. An all-party delegation is a good idea, but I would submit, Sir, let us not go there in a hurry. You should not go there in a hurry. You have to do some ground work before you go. आप वहां जाएं और सिर्फ मेहबूबाजी, उनके मंत्रियों, चीफ सेक्रेटरी से मिलकर वापस आ जाएं, तो उसका कोई लाभ नहीं होगा। You have to do a lot of ground work. When you go, you should be able to meet a wide spectrum of people. That work has to be done. But, I would suggest to the Government that what is now needed is an Empowered Group that can take decisions and not just make recommendations. You can take everybody's views, but then some decisions have to be taken. During his tenure, Dr. Manmohan Singh set up all those excellent Round Table Conferences. There was a whole plethora of excellent advices from there. You have to look not only at development but also at politics. So, it is a political problem, an economic problem and a humanitarian problem.

Sir, I would close by saying that this is not only a Kashmiri tragedy; it is a national tragedy. I remember just the day before that event, Srinagar was packed. You could not get a single room. खचाखच भरा हुआ था। Boulevard was packed, the Mughal Gardens were packed. It seemed as if everything was going fine, and then suddenly, this

event happened and the whole situation deteriorated. We cannot allow it to deteriorate further. We have got to stop the deterioration. We have got to get together and we must get out of the negative spiral in this entire thing. And, for this, I am sure all of us will be prepared to support the Government in any positive step. The LoP has said, and everybody else has also said that we are prepared to co-operate, but then something concrete needs to be done this time, so that we can douse the fire that is devouring the most beautiful Valley in the world.

Sir, I will close now. Tripathiji quoted an Urdu couplet. I will close with a Sanskrit verse from the Vedas which exhorts us, "Let us think together; let us work together; let us achieve together; let there be no hatred between us - ऊँ सह नाववतु सह नौ भुनक्तु सहवीर्यं करवावहै तेजस्वि नावधितमस्तु मा विद्विषावहै।"

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you very much for the enlightening talk. Now, Dr. Jitendra Singh.

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF DEVELOPMENT OF NORTH-EASTERN REGION, THE MINISTER OF STATE IN PRIME MINISTER'S OFFICE, THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS, THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF ATOMIC ENERGY, AND THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF SPACE (DR. JITENDRA SINGH): Mr. Deputy Chairman, Sir, when Dr. Radkakrishnan, during his tour of the United States, finished his speech, President Kennedy rose up and said, "it is very difficult to speak after an intellectual giant has finished speaking." In the same way, referring to our fatherly figure, Dr. Karan Singh, I think, the timing that has been given to me is difficult. But, Sir, I shall try to do justice as far as possible.

जम्मू और कश्मीर की चिंता हम सबको है और यह संतोषजनक बात है कि इस तरफ, उस तरफ, कोई भी दल हो, सबको चिंता है। नेता, विपक्ष का जम्मू और कश्मीर से गहरा ताल्लुक है, डा. कर्ण सिंह साहब का है, हमारे पीडीपी के दो साथी और भाजपा के साथी, सबका संबंध जम्मू और कश्मीर से है। मेरा व्यक्तिगत संबंध जम्मू और कश्मीर से है और भारतवर्ष से भी है, इसलिए चिंता उतनी ही है, थोड़ी ज्यादा हो सकती है, कम नहीं है। आपके समक्ष प्रस्तुत होने का मेरा एक ही उद्देश्य था कि काफी दिनों से यह बहस चल रही है inside and outside the House और शायद एक मर्यादा है किं मत्री होने पर intervention के रूप में बोलना जरा कम पड़ता है। कहते हैं,

"मज़बूर बहुत करता था दिल तो जुबां को,

कुछ ऐसी कैफ़ियत है कि कुछ नहीं कहते।"

इसलिए इतने सप्ताह कुछ नहीं कहा, लेकिन लगा कि कहीं न कहीं, as was being rightly

[Dr. Jitendra Singh]

mentioned by Ghulam Nabi Azad ji, Dr. Karan Singh ji and others across the party lines, time has arrived to rise above political lines and I would rather add, शायद छोटा मुंह, बड़ी बात, to face the inconvenient truths and rising above politicking. कभी-कभी जाने-अनजाने में हम वे बातें कह जाते हैं, जो हमें राजनीतिज्ञ या दूसरे पहलुओं से अनुकूल लगती हैं। सबसे पहले तो जम्मू और कश्मीर का विषय क्या है? हम सब जानते हैं, हम सब मानते हैं कि जम्मू और कश्मीर भारतवर्ष का अटूट अंग है। इस पर तो कोई प्रश्नचिन्ह नहीं है, whatever be the status or level of relationship etc. etc., और सन् 1994 में कांग्रेस नेतृत्व की सरकार ने ही सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि जम्मू और कश्मीर को लेकर यदि कोई बकाया विषय है, तो मात्र इतना कि पाकिस्तान के नाज़ायज़ कब्ज़े वाले जम्मू और कश्मीर के हिस्से को किस प्रकार से छुड़ा करके पुनः भारतवर्ष में सम्मिलित किया जाए। I think, that should have ended the matter there. There was a unanimous Resolution, and, then, we should have proceeded forward on those lines. Fortunately or unfortunately, from time to time, we succmbed to certain other temptations. अब कुछ ऐसे प्रश्न पिछले कुछ दिनों से, कुछ सप्ताह से उठ रहे हैं, मुझे लगा कि उनका सामना करना जरूरी है, नहीं तो यह विषय और उलझता जाएगा। हमारे साथी लवाय जी ने ठीक कहा, Jammu and Kashmir has a legacy and it set an example which defied the two-nation theory, and, in fact, vindicated India's stand to become a secular State. It was an example not only for Jammu and Kashmir but it inspired the entire nation also. शायद पुराने लोगों को याद होगा, Progressive Writers' Forum नाम का एक मंच बना, डा. कर्ण सिंह जी उसके गवाह हैं, जिसमें कैफी साहब थे, मोहसिन भोपाली थे, साहिर थे, who actually got inspired by this and opposed the partition of India. That has been the legacy of integration of Jammu and Kashmir with India. जब बंटवारा हो गया, तो साहिर, out of disgust had written,

"वह वक्त गया, वह दौर गया, जब दो कौमों का नारा था,
वे लोग गए इस धरती से, जिनका मकसद बंटवारा था।"

Such was the extent of disgust, and, therefore, a State with a majority Muslim community chose to be part of India. And this got vindication in the following years, not only on this side, but even on the other side. Soon after the assassination of Liaquat Ali Khan, फैज़ ने लिखा था कि "यह दाग-दाग उजाला, यह शबगुज़ीदा सहर, वह इंतजार था जिसका यह वह सहर तो नहीं।" He was trying to say that we had been befooled into believing something which was not actually the truth. He could not say it in so many words. Later on, he even got imprisoned by General Ayub Khan. ...*(Interruptions)*... Therefore, the point is that every nation, and why only nation, every society, at some point or the other, has to draw a bottom line of how far and what not more, and this is also true with the most developed and most liberated democracies of the world. I am just reminded of a small incident which used to be very fondly told by one of the very senior journalists, who later on became a Member of the House, the same House. He is

no more now. After the 1965 war, when President Johnson was the President of the U.S. and Kashmir issue had been in the news all over after the Tashkent Pact and all those things, there were a section of media and the America's Press which was pointing to Kashmir being a disputed case, etc. etc., and accession was being under question mark. So, somebody pointed out to President Johnson: What about Atlanta? What about other States? They also have a history which is to a lesser or a greater extent similar to that because after all it became a conglomeration of the States. So, President Johnson lost his cool and said, "Look here, gentleman, this is a closed chapter. We do not open closed chapters." The problem with us in India — and that is why I have dared to stand up today — is that we do not close chapters. And sometimes when convenience suits us, we open chapters. गड़े मुर्दे उखाड़ लेते हैं, कभी-कभी जब हमें जरूरत हो। I am not saying for myself or others. I am saying for the entire society. And sometimes, I also dread to think that over the years, particularly after these 25 years of a protracted phase of militancy in Jammu & Kashmir, कभी-कभी ऐसा लगता है a message has gone rightly or wrongly that there is a premium on anti-India activism, a premium on anti-India intellectualism. आप हिन्दुस्तान के ऊपर प्रश्नचिन्ह लगाएं तो आपका नाम भी बुलन्द हो जाता है, आपकी किताब भी हिट हो जाती है। I do not know whether it would be parliamentary to say whether sometime somebody could contemplate or give a serious thought to this kind of an intellectual terrorism which is, in itself, going to create a lot of implications. यह बुद्धिजीवियों का एक नया रिवाज है और शायद उसी में ख्याति भी प्राप्त हो जाती है। और उसका नतीजा, परिणाम अनेकों मॉडल पिछले 20 सालों में दिए जा रहे कश्मीर को हल करने के लिए। In spite of what I said a few moments ago that we had already discussed it in 1994 and came to a consensus, do we need another Resolution? And still we are coming up with models, this model, that model, बातचीत होनी चाहिए, नहीं होनी चाहिए, किस के साथ होनी चाहिए, हो तो कब हो, कितनी हो। Can't we come to a consensus on this? और जिसके साथ नहीं हो सकती उसके साथ करने के लिए भी विवाद है। There is a famous English proverb — You cannot shake hands with a clenched fist. And I am proud to say that this quotation was most often quoted by none else but Prime Minister, Mrs. Indira Gandhi. At least, to identify which is a clenched fist, can't we come together, because that is a common enemy to all of us? If we go down to the history, then I can go one century back. That would take long, and it has already been talked about. Dr. Karan Singhji mentioned that even in the Constitution of Jammu & Kashmir, which I am carrying with me, it has been mentioned, "We, the people of the State of Jammu and Kashmir," I will not go into the whole, "having solemnly resolved, in pursuance of the accession of this State to India on the twenty sixth day of October, 1947", as Dr. Sahib was mentioning, "to further define the existing relationship of the State with the Union of India as an integral part." यह भारत का संविधान नहीं कह रहा, यह जम्मू-कश्मीर का संविधान कह रहा है।

[Dr. Jitendra Singh]

Jammu and Kashmir is unique in the sense that it has its own Constitution. The Constitution of Jammu and Kashmir itself says that it is an integral part of India. The House unanimously says this. And still we have to debate what model we have to follow. I will directly come to this because I don't want to take much time of the House. Children are getting killed. And it is everybody's concern. Children are common to us. हमारे यहाँ पंजाब में कहते हैं- *"बच्चे सांझे होंदे ने।"* Children have no religion. Children have no parentage. It does not matter whether it is his child or my child or whether it is a Hindu's child or a Muslim's child or a Sikh's child. When a child is killed, it should awaken the nation's consciousness. But there is something which should not go unnoticed. Most of the children who got killed were the children of the poorest of the poor in the Valley! Who is to answer this? यह प्रश्न अभी तक नहीं आया है। The poorest of the poor have lost their children. And those who have motivated these children to come forward in the name of so-called *Jihad* have very safely kept their children in safe havens in India's Metros and abroad. यह प्रश्न जो शायद inconvenient है, मैं इस सदन में करना चाहता हूं। As Gandhiji once said, "Of what use is the war for freedom if it leaves behind a trail of orphans, bereaved and widows, however holy may be the objective of liberty?" अगर यह जिहाद इतना महान है, इतना पावन है, इतना पवित्र है कि यहाँ से उठकर सीधे जन्नत तक जाने का मौका है, तो जन्नत में जाने का मौका पहले अपने बच्चों को क्यों नहीं दिया जाता? अपने बच्चों को मुम्बई, बेंगलुरू और विदेश में रखा जाए और गरीब के बच्चे को उकसाया जाए कि तुम जन्नत की राह देखो! I think all of us will have to face this and motivate the youth of Jammu and Kashmir. The saving grace today, Sir, in Kashmir Valley is the youth. The youth of today is no longer the youth of twenty-five years ago or of sixty years ago. It is an awakened youth, as Derek rightly said. He is open to the Internet and other means of communications. I am not sure, as he rightly said, whether we should debar them from those means of communications. Let them get exposed and let them learn it. We have to facilitate that. The youth of Kashmir wants to be the beneficiary of India's success story. वह नहीं चाहता कि जिस प्रकार से भारतवर्ष के बाकी युवाओं को इतनी अनगिनत और अद्भुत योजनाओं का लाभ मिल रहा है, उससे वह वंचित रह जाए, लेकिन कुछेक लोग उसको अपने कहकावे में या मजबूर करके ला रहे हैं। The youth is our asset. That is where we have to target. We need to engage them. मेरी एक प्रार्थना है कि हम आँकड़ों में न उलझें। इस सदन में बार-बार यह बात आई। यदि उलझना ही होगा तो उसका उत्तर है। I agree that two wrongs don't make one right. Sir, I will just take three minutes more. Not more than that. I am not repeating even a single word of what I am saying. बार-बार यह कहा गया कि जब से भारतीय जनता पार्टी आई, तो सारा गदर हो गया। I am not trying to be political. I am just trying to educate myself. And if I am wrong, please forgive me. You can accuse me. I can be accused of ignorance but not of wrong facts. I also don't want to match statistics because that is not

fair. We don't have to match how many killings happened under our watch and how many killings happened under your watch.

लेकिन बार-बार यह कहना, इसका क्या अर्थ है? यह कहा गया कि देखिए, 2010 में हमने क्या किया। क्या किया? 100 से अधिक लोग मारे गए। यह भी कहा गया कि देखिए, 2008 में हमने क्या किया। क्या किया? हिन्दुस्तान की तारीख का सबसे बड़ा आंदोलन, अमरनाथ आन्दोलन 2008 में हुआ। नेता, विपक्ष उस समय मुख्य मंत्री थे। I am not casting insinuation. I dare not. He is more than an elder brother to me. I will have to ask for forgiveness in the evening.

श्री गुलाम नबी आज़ादः जम्मू वाला मेरे मुख्य मंत्री रहने के बाद हुआ। ...(**व्यवधान**)...

†قائد حزب اختلاف (جناب غلام نبی آزاد): جموں والا میرے مکھیہ منتری رہنے کے بعد ہوا۔۔(مداخلت)۔

डा. जितेन्द्र सिंहः आपने त्यागपत्र दे दिया था। What I am trying to say is that let us not get into matching figures. This is the wrong that happened. Now, we are living in an evidence-based era. हमारे बच्चे हमारे साथ क्यों नहीं चल रहे? We are unable to carry these youth with us because उन्हें लगता है कि हम असत्य बोल रहे हैं। अगर हम उनके आंकड़ों के आधार पर, तर्क के आधार पर बात करेंगे, तभी हमारा अपना बच्चा हमारे साथ चलेगा। आजकल तो अपने बच्चों से भी बात करनी हो, तो आपको evidence के साथ बात करनी पड़ती है। जब उन्हें लगता है कि हम घुमा-फिराकर बात को manipulate कर रहे हैं, तो वे हम से जुदा हो जाते हैं।

अब यह कहा गया कि साहब, भारतीय जनता पार्टी अगर coalition में न आती, तो सब कुछ ठीक रहता। डा. कर्ण सिंह साहब ने एक बहुत अच्छी बात कही कि इतना बड़ा टूरिस्ट सीज़न कश्मीर में था, 8 जुलाई को इस आतंकवादी युवक की हत्या हुई है, जैसा कि डा. साहब ने कहा कि 7 जुलाई तक वहां होटल तक बुक थे, भारतीय जनता पार्टी और पीडीपी की सरकार मार्च, 2015 से बनी, तो वहां सवा साल तक कुछ नहीं हुआ? रातों-रात ही कुछ हो गया। यदि भाजपा ही एक कारण होती, तो सवा साल में भी कुछ न कुछ होता?

दूसरा सवाल, let us not take this alibi, to settle scores, that it is because of BJP entering into coalition. Then, I will have a counter argument. What happened from 1990 to 2015 was because Congress entered into coalition with PDP and because Congress entered into coalition with National Conference. In other words, if Congress does it, it is okay. If BJP does it, it is wrong. We have to rise above this. And that is what I am trying to say that we need not raise the bogey of this. Of course, if BJP entered into coalition, it was a mandate dictated by the people of the State. We were the two largest parties. ...*(Time-bell rings)*... Just one minute more, Sir. Any other coalition would have been illegitimate. ...*(Interruptions)*...

†Transliteration in Urdu script.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He is concluding.

श्री शरद यादवः उपसभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह कहना चाहता हूं कि आप कोई रास्ता भी बताइए कि क्या हो, किस तरह से हो? आप वहां के रहने वाले भी हैं।

डा. जितेन्द्र सिंहः अगर हम असत्य पर यकीन करके रास्ता ढूंढेंगे, तो रास्ता नहीं मिलेगा। मैं दरवाजे तक आ रहा हूं, फिर रास्ता भी दूंगा। सिर्फ एक-दो मिनट का समय और चाहिए। ऑल पार्टी मीटिंग की बात कही जाती है। यह बहुत बढ़िया बात है। It sounds very good – academically and ideologically. Why not? We have to talk. Why should we not talk? अब मेरा एक छोटा सा प्रश्न है, बुरा न माना जाए। गृह मंत्री जी ने श्रीनगर में दो दिन 23 और 24 तारीख को प्रवास किया। एक नहीं, अनेकों संदेश कांग्रेस पार्टी को भेजे गए कि आकर के मिलिए। सब पार्टियां आकर मिलीं। कांग्रेस पार्टी नहीं मिली। जब आप उनके घर जाइए, तो मिलने से इन्कार है। जब आप दिल्ली लौटकर आइए, तो आपने हमसे मीटिंग क्यों नहीं की? What does this mean? Are we going to expose ourselves to the duplicity to the people of this country and then, try to be credible? Or, are we opening ourselves to the accusation that we speak one language in Srinagar, second in Jammu and third in Delhi? In the days of Internet, we cannot afford to do so. Somewhere, we will have to answer. शायद सदन को इस बात की जानकारी नहीं है। मुश्किल यह है कि हम कुछ बातें खुद भूल जाते हैं, यह हमारे स्वभाव में है, कुछ हमारी याददाश्त कमजोर है और कुछ भुलवाने वाले भी बहुत हैं। लेकिन एक बहुत पुराना गीत है, यहां पर जया बच्चन जी बैठी हैंः-

"तुम मुझे भूल भी जाओ, तो ये हक है तुमको,
मेरी बात और है, मैंने तो मोहब्बत की है।"

जिन्होंने ज़मीन से मोहब्बत है, वे नहीं भूलेंगे। यदि इतनी ईमानदारी के साथ आपको अपना पक्ष रखना था, तो जब आपके घर जाकर मिलने का प्रयास किया गया, तो क्यों नहीं मिले? अब बात हो रही है हुर्रियत की या दूसरे लोगों की, उनसे मिलने में कोई ऐतराज नहीं है। We can talk. The question is: With whom to talk? Who represents Jammu and Kashmir? By Constitution, it is the elected representatives. अब हुर्रियत से मिलने को वहां पर कोई नहीं है। There are members of the civil society. They have never exposed themselves to the test of ballot in the last 25 years. Some of them have been members of the mainstream parties and are still drawing pensions. I don't want to name those individuals. Many of us know about it.

तीसरी बात, आप बात करते हैं, मुझे दुख हुआ, तो स्टेकहोल्डर्स कौन हैं? कश्मीरी पंडित कहां गया? यह कश्मीरियत, जम्हूरियत, इंसानियत, फलानियत, ढिकानियत। Can you have *kashmiriyat* without the presence of Kashmiri-Pandit? फिर, वह शेर है, "मैं चमन में चाहे

कहीं रहूं, मेरा हक है फसल-ए-बहार पे।" *Kashmiri Pandit,* even if he is living outside the Valley, is an equal stakeholder. आरोप यह लगाया जाता है कि वह खुद गया। मोहसिन भोपाली ने कहा था कि "बे-सबब लोग बदलते नहीं मस्कान अपना, तुम ने जलते हुए देखा है नशेमन अपना।" Stakeholders are *Kashmiri Pandits;* stakeholders are the refugees from West Pakistan; stakeholders are the refugees from PoJK; stakeholders are the Sikh community; stakeholder is Jammu; and stakeholder is Ladakh. बात करनी है, तो सबके साथ बात की जाए। मुझे खुशी है कि इस बात पर हमारी सहमति हो पाए और फिर कहीं ऐसा न हो कि इस scoring में हम भूल जाएं, जैसा कि बार-बार कहा, the actual mischief is being perpetrated by Pakistan, and, therefore, we have to come around and, actually, recognise that this is one of the best opportunities to confront Pakistan. The myth of non-State actors has been blown out. We earlier also contended that non-State actor also, as long as it originates from the Pakistan soil, is the responsibility of Pakistan. They have themselves now started confessing it. And the spillovers, as Dr. Saheb was mentioning "किश्तवाड़ में पिछले सप्ताह कुछ थोड़ी सी टेंशन हुई", these are matters of concern, which we will have to look into. Kashmir, as far as we are concerned, the present Government is concerned, is our nerve centre and it is true for all of us ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude now.

DR. JITENDRA SINGH: We cannot forget, we have invested very heavily in Jammu and Kashmir. As far as the party to which I belong, we lost our founder Shri Shyama Prasad Mukherjee on the soil of Jammu and Kashmir. How can we be otherwise? But this is the time to rise above all that. Therefore, without taking much time, I would just sound a note of warning. Sometimes, it happens, जब कोई हालात बिगड़ जाते हैं, तो हमें लगता है, we can oppose. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, it is time to conclude.

DR. JITENDRA SINGH: I am concluding, Sir. लगता है, आज मैं अपोजिशन में हूं, जो रूलिंग पार्टी है, उसको कहा जाए। But let us not forget. If we fall to the temptation of using the bogey of terrorism to settle scores with political adversaries, we may sometimes ourselves succumb to that and that is what has happened in the past. Therefore, the need of the hour is to have political honesty before political approach and not to do or say anything which, directly or indirectly, tends to demoralize the security forces of India. It is because of the security forces that Jammu and Kashmir is today, in the last three days, showing a semblance of normalcy. We are proud of them and we have to reinforce their efforts while, at the same time, discharging our political responsibility in the best honest way possible. Thank you very much.

SHRI K.T.S. TULSI (Nominated): Sir, as we have heard all the stalwarts of the nation already debating on this issue since morning, I have nothing really more to add except to say that I endorse the views of the LoP, Mr. Sharad Yadav, Mr. Sitaram Yechury, Mr. Derek O'Brien and others. I just want to mention that Mr. Sharad Yadav mentioned about Punjab. In Punjab, I was assigned the task of prosecuting 50 of the top A-grade terrorists. But prosecution was one thing. The other is, Punjab is the only example where militancy and terrorism was completely crushed. It was completely eliminated and we have seen thereafter that Punjab became normal because of the magnanimity of the Government. It was by winning the hearts of the people of Punjab that militancy was crushed.

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA) *in the Chair*]

Once people stopped cooperating with militants, then only the security forces can also have an upper hand and root out the problem. That is what is required. What I also want to mention is only one thing. Sikhs in Jammu and Kashmir are extremely insecure. There are only a few lakh Sikhs in the Kashmir Valley, particularly, and they are mostly in rural areas. After Chittisinghpura massacre, where 35 innocent Sikhs were massacred, the Commission of Inquiry was constituted by Justice Rathinavel Pandian, but the report has never been made public. The Sikhs are insecure. I have been getting telephone calls since yesterday that the plight of the Sikhs in Kashmir needs to be addressed and they need to be provided a sense of security in Kashmir. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Now, Mir Mohammad Fayaz; not present.

श्री प्रताप सिंह बाजवा (पंजाब): वाइस चेयरमैन साहब, सब से पहले तो मैं सारे हाउस को इस बात की मुबारकबाद देना चाहता हूं कि आज का level of discussion, बहुत बेहतरीन level of discussion रहा है। सब से बड़ी बात, होम मिनिस्टर साहब बैठे हुए हैं, इस मसले पर सारा हिंदुस्तान एक है कि कश्मीर हमारा अभिन्न अंग है। It is a jewel in the crown. वाइस चेयरमैन साहब, मैं सब से जरूरी बात यह कहना चाहता हूं कि हमारी सहानुभूति हमारे कश्मीरी भाईयों के परिवारों से है, क्योंकि तकरीबन 60 से ज्यादा मौतें, जब से कर्फ्यू लगा है, पिछले एक महीने में हुई हैं। कश्मीर के सारे बच्चे, माताएं, बुजुर्ग हमारे हैं। हमारा खून एक है। वह हमारे देश का टुकड़ा है और paramilitary forces, police forces, armed forces ये सब भी हमारे भाई हैं। यह Indian democracy के लिए बहुत बड़ा चैलेंज है। यह पार्लियामेंट के सामने Indian democracy के सामने और मौजूदा सरकार के सामने एक बहुत बड़ा चैलेंज है कि हम सारी दुनिया को यह बात साबित कर दें कि हमारी इतनी vibrant democracy है कि देश की खातिर, सारी पॉलिटिकल जमातें इकट्ठी होकर, party lines से ऊपर उठकर, अपने देश के लिए हर कुर्बानी देने के लिए तैयार हैं।

मैं टाइम देने के लिए Leader of Opposition का मशगूर हूं। गुरुदासपुर मेरा जिला है और जब

भी जम्मू-कश्मीर को जाना है, गुरुदासपुर होकर जाना पड़ेगा। सर, ये जिस प्रॉब्लम का जिक्र कर रहे हैं, उसे पंजाब ने और हमारे सूबे ने, 15 साल तक टेरेरिज्म की बहुत बड़ी कीमत अदा कर, अपनी छाती पर, अपने परिवारों पर झेला है। सर, 33 हजार पंजाबी टेरेरिज्म के दौरान कुर्बान हुए हैं। मैं कश्मीरी नौजवान बच्चों से अपील करना चाहता हूं कि आप दुनिया का इतिहास पढ़कर देख लीजिए, आप चाहे पहली वर्ल्ड वार की बात करें, दूसरी वर्ल्ड वार की बात करें या पंजाब की करें, हर बात आखिर में टेबल पर ही खत्म होती है। आपकी बात, चाहे वह पॉलिटिकल हो या इकॉनोमिक हो, national interest में हो, मौजूदा सरकार और सभी पॉलिटिकल पार्टीज इकट्ठी होकर सुनें और हिंदुस्तान के Constitution में रहते हुए, जो भी हो सकता हो, मेरी होम मिनिस्टर साहब से अपील है कि उसे हमें करना चाहिए।

सर, पंजाब ने टेरेरिज्म की बहुत बड़ी कीमत अदा की है। होम मिनिस्टर साहब, मेरे अपने पिता, he was a Minister in Punjab, terrorism के दौरान he was assassinated with five other people. We have already suffered. सर, जब हम post-election सारे scenario को स्टडी करते हैं, तो देखते हैं कि वहां 33,000 पंजाबी मारे गए जिसमें 90 परसेंट killings सिखों की थीं and the killings were also by their Sikh brothers. And since then पिछले 20-25 साल से पंजाब की economy अभी तक ट्रैक पर नहीं आ सकी है। आप उन परिवारों को देखिए, जिन्होंने अपने प्यार करने वालों को हमेशा के लिए खो दिया। सर, मैंने चंद दिनों पहले अखबार में पढ़ा कि एक व्यक्ति ने कहा कि मेरे दो लड़के कश्मीर के टैरेरिज्म में चले गए। अब मेरे बेटे नहीं रहे, तो मैंने अपनी नौजवान बेटी को तैयार कर लिया। सर, इस से बड़ी हमारी बदकिस्मती क्या हो सकती है? अभी डा. जितेन्द्र सिंह, माननीय राज्य मंत्री जी बोल रहे थे। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि आज नेशन के सामने यह एक बहुत बड़ा सवाल खड़ा है। कश्मीर हमारा चेहरा है। चाहे जिस्म कितना भी खूबसूरत हो, लोग सब से पहले चेहरे की तरफ देखते हैं कि चेहरा कितना खूबसूरत है। कश्मीर हमारा चेहरा है। यह हमारे क्राउन में jewel है। हमारा कश्मीर के साथ बहुत पुराना ताल्लुक है, क्योंकि महाराजा रंजीत सिंह जी के बाद, चालीस सालों तक, सारा कश्मीर, लेह-लद्दाख भी, यह सारा कश्मीर, उनका हिस्सा था। सदर-ए-रियासत कर्ण सिंह जी का जो परिवार था, जो इनके पूर्वज थे, वे उनके जरनैल थे। गुलाब सिंह जी उनकी आर्मी में जेलर थे। इसकी हिस्ट्री यह है कि उन्होंने यह कश्मीर, बाद में, सिख राज टूटने के बाद भी अंग्रेजों से खरीदना था। मैं आपसे यह विनती करना चाहता हूं, मेरी गुज़ारिश है, इधर जो सवाल तुलसी साहब ने उठाया है, मैं भी उसी सवाल को उठाना चाहता हूं। इधर बहुत सारे stakeholders हैं, लेकन जहां कश्मीरी stakeholders हैं, वहां लद्दाखी भी हैं, वहाँ जम्मू वाले भाई भी हैं। जितेन्द्र सिंह जी ने जहाँ कश्मीरी ब्राह्मण का जिक्र किया है, मैं वहाँ सिख भाईयों का भी जिक्र करना चाहता हूं कि तकरीबन 70 गाँवों में, सवा लाख से ऊपर की आबादी हमारे सिख भाईयों की है। वहाँ पर, अभी तक किसी सिक्ख भाई ने अपना घर नहीं छोड़ा है। किसी गाँव में पाँच रहते हैं, कहीं दस घर हैं। आज से तकरीबन दस, बारह साल पहले चिट्टीसिंहपुरा गाँव में 36 सिख शहीद कर दिए गए थे, उसके बावजूद उन्होंने कश्मीर नहीं छोड़ा। मेरी गुज़ारिश है, मैं आज उनके माइनॉरिटी स्टेटस की बात करना चाहता हूं, क्योंकि कश्मीर में असेम्बली के बिना माइनॉरिटी स्टेटस नहीं मिल सकता है। राजनाथ सिंह जी, मेरी आपसे गुज़ारिश है कि आप जब भी कभी स्टेकहोल्डर्स से बात करें, तब उस टाइम पर सिख भाइयों के माइनॉरिटी स्टेटस की और पंजाबी की बात भी करें। आप कर्ण सिंह जी से बात कीजिए, वे

[श्री प्रताप सिंह बाजवा]

पंजाबी बोलते भी हैं और अंडरस्टैंड भी करते हैं, आप आज़ाद साहब से बात कर लीजिए, जितेन्द्र सिंह जी, जब हम मिलते हैं, तो पंजाबी में बोलते हैं, हमारे जितने कश्मीरी भाई हैं, उनमें चाहे फारुक अब्दुल्ला साहब हों या जो लेट मुफ्ती साहब थे, वे पंजाबी understand करते थे, पंजाबी बोलते थे, लेकिन वे आज पंजाबी को कुछ स्पेशल स्टेटस देने के लिए तैयार ही नहीं है। हमारा इनके साथ बहत करीब का रिश्ता है, क्योंकि अमृतसर शहर है, जब होंद में आया, तब महाराजा रंजीत सिंह जी कश्मीर से special artisans वहाँ लेकर गए। मेरी राजनाथ सिंह जी से गुज़ारिश है कि होम मिनिस्टर साहब, जब कश्मीर शांत रहेगा, तब ही पंजाब शांत रहेगा। पाकिस्तान ने दो दफा पंजाब की सरजमीं पर हमला किया। ...(समय की घंटी)... पहली दफ़ा दीनानगर पर किया, उसके बाद, दूसरी दफ़ा, हमारा जो पठानकोट एयरबेस है, उस पर अटैक किया। You have to be very careful on that. मेरी आपसे विनती है, क्योंकि आपको बाकी सारी बातें पता हैं - जैसे डा. मनमोहन सिंह जी के टाइम में, हमारी टीमें, इंटरलोक्युटर्स और बाकी अन्य टीमें भी वहाँ गई हैं, आपके पास सारा रिकार्ड पड़ा है, इनकी जो recommendations आई हैं, आप उन recommendations को जल्दी ही अमल में लाना शुरू कीजिए। इसके साथ ही मैं इनसे यह बात भी कहना चाहता हूं, आज के अखबार में आया है, ऑनरेबल सुप्रीम कोर्ट ने भी यह बात कही है that human touch is missing in J&K. गवर्नमेंट का जो ह्यूमन टच है, वह होना चाहिए। हम प्रधान मंत्री जी की बहुत इज्जत और सम्मान करते हैं, मगर जो पार्लियामेंट की गरिमा है, उसको बहाल रखना प्राइम मिनिस्टर और गवर्नमेंट का काम है। ...(**समय की घंटी**)... यही स्टेटमेंट, जो प्रधान मंत्री जी ने बाहर जाकर दी है, अगर लोक सभा या राज्य सभा में देते, तो उसका ज्यादा असर होता। मैं आज के टाइम्स ऑफ इंडिया का ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBNESWAR KALITA): Please conclude. Your time is over.

SHRI PARTAP SINGH BAJWA: Sir, just a second. मैं आपको आज के टाइम्स ऑफ इंडिया के एक लेख का लास्ट पैराग्राफ पढ़कर सुनाऊंगा। जितेन्द्र सिंह जी ने जिक्र किया है, मैं कहना चाहता हूं कि जिनके पी.एम.ओ. ऑफिस में वे मिनिस्टर हैं, उनके लीडर का, प्राइम मिनिस्टर का जो स्टेटमेंट है, उसमें मोदी साहब ने आज कहा है and I read, "The Prime Minister said that all political parties want peace in Kashmir and lauded the political class, especially Congress, for making mature attempts in a patriotic atmosphere for a solution to the issue through talks. Even, today, all parties speak in one voice on Kashmir. This is India's strength." This is what the hon. Prime Minister has said. And the Minister must not make statements which are not in line with his own Prime Minister's statements. कृपया करके आप warn मत कीजिए। जितेन्द्र सिंह जी पहली दफ़ा आए हैं, हमारे भाई हैं, इनको रास्ते से गुजर कर ही जम्मू जाना होता है। मेरी विनती है कि 'warning' शब्द ठीक नहीं है।

4.00 P.M.

पंजाब वाले यह 'warning' शब्द इस प्रकार से नहीं लेते, आप किसी को भी warn मत कीजिए। कृपा करके इस word को expunge किया जाए।

आखिर में कश्मीरी नौजवान, बच्चों को आप रोकें। मैं वही बात याद कराऊँगा, जो अल्लामा इकबाल ने कही थी,

"सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा,
हम बुलबुले हैं इसकी, ये गुलसिताँ हमारा।"

इसलिए मेरे भाइयों, हिन्दुस्तान से बेहतर मुल्क कोई नहीं मिलेगा। हमारे सिख भाइयों के साथ पाकिस्तान और अफगानिस्तान में जो हो रहा है, जो क्रिश्चियन भाइयों के साथ, हिन्दू भाइयों के साथ हो रहा है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Please conclude now.

श्री गुलाम नबी आज़ादः सर, मैं इस वक्त माननीय मंत्री को disturb नहीं करना चाहता था, वे हमारे भाई हैं, लेकिन उन्होंने जो मामला उठाया, कोई भी मिनिस्टर सदन को warn नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, 'I would like to warn you' कि इससे बाखबर रहना चाहिए। वह कह सकता है, 'I would like to caution you' or 'caution everybody'. The Prime Minister cannot warn the Members of the Parliament or the Members of the House. आप इसे रिकॉर्ड में देखिए। That should be expunged.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): We will check the records. ...*(Interruptions)*...

SHRI PRATAP SINGH BAJWA: I was on my legs. Sir, I will take just a minute.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): No. You had already concluded.

श्री प्रताप सिंह बाजवाः सर, एक मिनट। मुझे होम मिनिस्टर साहब से एक ही बात कहनी है। जो पाकिस्तान की policy है, उसमें कोई confusion नहीं है। Policies were laid down by late Shrimati Indira Gandhi. How to deal with Pakistan is very, very clear before you. You do not need to adopt any other policy. इसलिए आप वह policy लागू कीजिए, जो स्व. इन्दिरा गाँधी ने पाकिस्तान की तर्ज पर की हुई है और वह उन्होंने करके दिखाई है। आपने 56 इंच की छाती का बहुत दफा ज़िक्र किया, अब कुछ करके तो दिखाएँ। ...(**समय की घंटी**)... थोड़ा सा दम दिखाएँ। संजय सिंह जी, हो मिनिस्टर साहब तो ठाकुर हैं। हमें इस बात का पूरा मान है।

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): आप please conclude कीजिए, आपकी कांग्रेस पार्टी से एक और सदस्य हैं, फिर उनको समय कम मिलेगा।

श्री प्रताप सिंह बाजवा: सर, मैं conclude कर रहा हूँ। आपने देश के साथ जो वादा किया था कि हम पाकिस्तान को ईंट का जवाब पत्थर से देंगे। इसके लिए आप पर पाबंदी किसने लगाई है? आपके सामने policies laid हैं, आप कुछ करके दिखाएँ, तो हमें भी आपकी तारीफ करने का मौका मिल पाएगा। आपकी बहुत मेहरबानी।

डा. विनय पी. सहस्त्रबुद्धे (महाराष्ट्र): आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूँ कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर, जो देश की एकात्मता से जुड़ा हुआ है, अपने विचार रखने का अवसर दिया। वैसे अभी डा. जितेन्द्र सिंह, जो हमारी सरकार के एक प्रमुख राज्य मंत्री हैं, मैं उनका भाषण सुन रहा था, तो मुझे लगा कि उन्होंने बहुत सारे विषयों को स्पर्श किया है। उन बातों को repeat करने की कोई आवश्यकता नहीं। मैं उन्हें repeat न करते हुए संक्षेप में अपनी बात रखने की कोशिश करूंगा।

उपसभाध्यक्ष जी, मैं शुरुआत इससे करूँगा कि कल ही, जिस कार्यक्रम में मैं स्वयं उपस्थित था, प्रधान मंत्री जी ने पुनः एक बार हमारे पूर्व प्रधान मंत्री, अटल बिहारी वाजपेयी जी के उन शब्दों को दोहराया है, जिनमें उन्होंने 'कश्मीरियत, इंसानियत और जम्हूरियत' की बाती की है। मगर शायद पुराने प्रधान मंत्री जी और अभी के प्रधान मंत्री जी ने जो नहीं कहा, जो मैं समझा, मैं उस पर भी थोड़ा कटाक्ष करना चाहता हूँ। मैं एक छात्र के रूप में समझता हूं कि 'कश्मीरियत, जम्हूरियत और इंसानियत' की भाषा 'हिन्दुस्तानियत' के दायरे में होती है, क्योंकि जितनी कश्मीरियत महत्वपूर्ण है, उतनी ही महाराष्ट्र की महाराष्ट्रियत महत्वपूर्ण है, उतनी ही बंगाल की बंगालियत महत्वपूर्ण है। इसलिए कश्मीरियत कोई ऐसी चीज़ नहीं है, जिसके कारण बाकी सारी चीज़ों की अनदेखी की जाए। कश्मीरियत का सम्मान जरूर होना चाहिए, जितना अन्य प्रदेशों की अपनी-अपनी छोटी-छोटी अस्मिताओं का सम्मान भारत माता की जो एक विशाल और सर्वसमावेशी अस्मिता है, उसके दायरे में होता है। मैं मानता हूँ कि हमें इस बात को नहीं भूलना चाहिए।

उपसभाध्यक्ष महोदय, जब मैं सारे भाषण सुन रहा था, तब मुझे लगा कि इस पूरी समस्या के मूल में जो कश्मीर का भारत में विलय हुआ, उससे संबंधित जो भ्रांतियां बनने दीं, रहने दीं, एक दृष्टि से उनको मजबूत करने की भी कोशिशें हुईं, partition के साथ जुड़े हुए जो सवाल हैं, उनके बारे में भी कुछ भ्रांतियाँ बनाई गईं, उनको भी बनने दिया गया और एक दृष्टि से विघटनवाद को भी प्रश्रय दिया गया। जितेन्द्र सिंह जी ने सही कहा कि एक 'intellectual terrorism' का और भारत विरोधी भाषा का प्रयोग कोई करता है, तो उसको बड़ा सम्मान देने की एक पद्धति भी कई और तबकों में चलती रही, उसका भी संदर्भ है। मगर मुझे इसमें एक दूसरी बात भी लगती है। क्या हमारे अंदर कोई बेवजह guilt conscious है? Are we haunted by some kind of an unnecessary, totally unfounded, un-required guilt conscience? मुझे याद आता है, देश के एक पूर्व गृह मंत्री ने एक बार famously यह कहा था, "Kashmir is the saga of broken promises." सदन जानता है कि यह किसने कहा था। अगर एक गृह मंत्री को पुराने जमाने में यह, 'Saga of broken promises', लगता था, तो सवाल यह

उठता है कि ये promises किसने दिए और किसने break किए? और फिर जो promises दिए गए, क्या वे सही promises थे? इसमें कई सारी चीज़ें और भी हैं। अभी हम अलगाववाद की चर्चा करते हैं और यह भी बोलते हैं कि कश्मीर का एक विशेष स्थान है। आर्टिकल 370 की चर्चा भी होती है। मैं सदन को बताना चाहता हूं कि इसी आर्टिकल 370 की आड़ में कई विषयों को कश्मीर तक पहुंचने ही नहीं दिया गया। आज भी 73rd and 74th amendments कश्मीर में लागू नहीं हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हम सब जानते हैं कि कश्मीर में 14 per cent Scheduled tribes की पॉपुलेशन है, मगर उनको वहां पर राजनैतिक आरक्षण उपलब्ध नहीं है। 'Right to Education', जिसके बारे में हमारे विपक्ष के मित्र बार-बार उल्लेख करते हैं, वह कश्मीर में लागू नहीं है। जिस समय यह निर्णय लागू किया गया था, उस समय वहां पर भाजपा की सरकार नहीं थी। मैं मानता हूं कि इस तरीके से विघटनवाद को प्रश्रय देने की व्यवस्था पहले हो गई, जिसके बारे में हमें निश्चित रूप से सोचना चाहिए।

उपसभाध्यक्ष महोदय, यहां पर कई बातों का जिक्र आया और कई बातों का जिक्र नहीं आया। 8 जुलाई को Burhan Wani की घटना हुई। यह Burhan Wani कौन है? उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपको बताना चाहता हूं, आप जरा उसका twitter profile देखिए। उसने tweet किया था, जिसमें, जवान की जब मृत्यु होती है, तब उसको celebrate करने की बात थी। जब चुनाव हुए थे, तब कश्मीर की जनता बड़ी मात्रा में voting के लिए सामने आई, उसके लिए वह कहता है कि इस्लाम की नज़र में यह हराम है। यह कहां की बात है?

केवल इतना ही नहीं, उसने अपनी मृत्यु के कुछ ही दिन पहले यह बात कही थी, "There is only one solution, gun solution, gun solution, gun solution," अगर इस Burhan Wani को महिमामंडित करने की कोशिश होती है, तो क्या हम चुप बैठें? उपसभाध्यक्ष महोदय, यह नहीं हो सकता। जिस दिन यह घटना हुई, मैं आपको उसके बाद की घटना का जिक्र करना चाहता हूं, जो कश्मीर में हुई। वहां पर एक Kokernag नाम का स्थान है, उसके निकट एक Bamdoora नाम का गांव है। महोदय, मैं आपको बताना चाहता हूं कि वहां उद्यमिता का जो वातावरण बना है, तो वहां एक कश्मीरी युवक, जो first generation entrepreneur है, उसने Italian Apple की खेती लगाई। चूंकि उसका उद्घाटन हमारी पीडीपी की नेता और वर्तमान मुख्यमंत्री जी ने किया था, इसलिए जैसे ही Burhan Wani का सारा प्रसंग प्रारम्भ हुआ, उसके बाद उसका सारा बगीचा उखाड़ कर फेंक दिया गया और उसमें आग लगा दी गई। ...(**समय की घंटी**)... केवल उसके बगीचे में ही आग नहीं लगाई गई, बल्कि लगभग 10-12 घरों को भी उसी पद्धति से जला दिया गया। यह कौन सी राजनीति होती है? ये जलाने वाले कौन थे या किन राजनीतिक दलों के लोग थे? मैं मानता हूं कि इन प्रश्नों के जवाब निश्चित रूप से मिलने चाहिए।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हम देखते हैं और यहां पर यह जिक्र भी हुआ है, यह सवाल जम्मू का भी है, लद्दाख का भी है और कश्मीर वैली का भी है। वहां जो समस्या है, वह वैली के मुट्ठी भर लोगों के कारण है और आमतौर पर सिर्फ वैली में ही है। जैसे जम्मू में भठिंडी नाम का स्थान है। कई सारे लोग, जो मूलतः जम्मू के रहने वाले नहीं थे, उन्होंने वहां आकर एक township बना ली। वैली में ऐसी township, जिसमें मूलतः वैली के लोग नहीं हैं, क्यों नहीं बन सकती?

[डा. विनय पी. सहस्त्रबुद्धे]

महोदय, हम जानते हैं कि पुणे, गुवाहाटी और बेंगलुरु जैसे शहर, जब देश के सारे लोग वहां आए, तब prosper हुए और जो आज IT centres बन चुके हैं। यह काम वैली में भी क्यों नहीं हो सकता है? यह काम वैली में भी होना चाहिए, क्योंकि वहां की जनता विकास की प्यासी है, विकास की भूखी है और मैं मानता हूं कि विकास का अधिकार उन सबको भी मिलना चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): अब आप समाप्त कीजिए।

डा. विनय पी. सहस्त्रबुद्धे: सर, मैं समाप्त कर रहा हूं। जब पुराने-पुराने लोग भी समय की सीमा को क्रॉस कर जाते हैं, तो मैं तो नया हूँ, इसलिए आप एक बार थोड़ा माफ कर दीजिए। It is a maiden violation of rules.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): There is nothing like maiclen voilation of rules. Rules are to be obeyed.

DR. VINAY P. SAHASRABUDDHE: I know, Sir. Just give me two minutes. मैं केवल इतना ही कहना चाहता हूं कि वहां की सरकार ने, जो पीडीपी और बीजेपी की सरकार है, इतनी विपरीत परिस्थितियों के बावजूद वहां NEET and CET के entrance exams को बहुत तरीके से संपन्न करवाया। वहां के हर एक जिले में, जितने भी Deputy Commissioner के offices हैं, वे एक helpline centre के रूप में काम कर रहे हैं।

कश्मीर में बहुत अच्छा tourist season चल रहा था, जो दुर्भाग्यवश अब disturb हो गया है, लेकिन इसके बावजूद अमरनाथ की यात्रा बहुत अच्छे तरीके से चल रही है। यहां पर pellet का उल्लेख भी आया है, मगर यह pellet तो 2010 में भी उपयोग में लाया गया था, इसलिए यह केवल इस सरकार के कारण आया है, मैं ऐसा नहीं मानता हूं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, अंत में मैं केवल इतना ही कहना चाहता हूं, हम सब जानते हैं कि जब कश्मीर में कबाइलियों का हमला हुआ था, तब एक मक़बूल शेरवानी नाम का कश्मीर का सुपुत्र था। जो कबाइली आए थे, उसने उनको गुमराह करके, उनके हमले से श्रीनगर को बचाने की कोशिश की थी, लेकिन जब उनके ध्यान में यह आया, तो उसको फांसी के फंदे पर चढ़ा दिया गया। मैं पूछना चाहता हूं और देश पूछना चाहता है कि मक़बूल शेरवानी का जो कश्मीर था, वह मक़बूल भट्ट के कश्मीर में कैसे तब्दील हो गया? मैं पूछना चाहता हूं कि मास्टर अब्दुल अज़ीज जैसा एक व्यक्ति जो देशभक्त था, उसका जो कश्मीर था, वह बुरहान वानी के कश्मीर में कैसे तब्दील हो गया? किन का राज चला था, 60 सालों तक किसने कश्मीर की एकात्मता के साथ खिलवाड़ किया? देश इसका जवाब मांगता है। मैं मानता हूँ और चर्चा में बहुत बार बात आई, 'पॉलिटिकल सॉल्युशन', 'पॉलिटिकल सॉल्युशन', इसमें बहुत सारे विषयों को जितेन्द्र सिंह जी ने, माननीय मंत्री जी ने स्पष्ट किया कि चर्चा किससे करें, कौन से बिन्दुओं पर करें। अंत में देश की एकात्मता के साथ खिलवाड़ करने वालों के मन में कौन से ऐसे सवाल हैं, जिनके जवाब हम दे सकते हैं? बिल्कुल नहीं दे सकते। कश्मीर के विकास के बारे में अगर किसी के मन में सवाल हैं, तो ऐसे कौन से सवाल हैं, जिनका समाधान हम सब मिलकर ढूंढ नहीं सकते? निश्चित रूप से ढूंढ सकते हैं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

मीर मोहम्मद फ़ैयाज (जम्मू और कश्मीर): वाइस चेयरमैन साहब, इस वक्त जो कश्मीर का मौजूदा हालत है, वह बहुत ही गंभीर है। मैं सभी पार्टीज़ का शुक्रिया अदा करूंगा, जिन्होंने कश्मीर में जो हालात बने हुए हैं, उनको लेकर यहां चर्चा में हिस्सा लिया, चिंता जाहिर की। वहां पर 32 दिनों से बंदिश-ए-कर्फ्यू है। इस वक्त कश्मीर के लोग टीवी पर देख रहे हैं, हरेक ने राज्य सभा का चैनल लगाया हुआ है और वह देख रहा है कि आज हमारे इस देश के इस हाउस में कश्मीर पर चर्चा हो रही है। आज़ाद साहब ने कहा, जम्मू कश्मीर पर शायद आज चौथा दिन है, उस हाउस में भी बात हुई, यहां भी हुई। बात किससे करें? यह बात हर जगह उठती है, डेली हमारे टीवी चैनल्स पर उठती है कि अलगाववादियों से बात क्यों करें? लवाय साहब ने कहा, 1947 से लेका 1987 तक, जिनको आज हम अलगाववादी कहते हैं, गिलानी साहब, यह वहां पर हमारे एमएलए थे। यह जो पाकिस्तान में सईद सलाउद्दीन बैठा है, यह बटमालू से इलेक्शन लड़ रहा था, उसका असली नाम मोहम्मद युसुफ शाह है। यह जो यासिन मलिक, कश्मीर में लिबरेशन फ्रंट का चीफ है, वह उस वक्त मोहम्मद युसुफ शाह का चीफ एजेंट था। सर, कहीं न कहीं शायद हमसे भी ज्यादतियां हुई हैं, जिसका खामियाजा आज कश्मीर की अवाम उठा रही है। 1987 में जब वहां पर इलेक्शन में धांधलियां हुईं, यहां पर कांग्रेस की सरकार थी। जम्मू-कश्मीर में आपने पीएम से सीएम बनाया, जम्मू-कश्मीर के लोगों ने वह भी एक्सेप्ट किया। फिर बात यहां इलेक्शन पर पहुंची, जिस दिन काउंटिंग होती थी, जिस गाड़ी में यहां से वोटों के बक्से जाते थे, वहां दूसरी गाड़ी ही अनलोड हुई होती थी। जिनको हम अलगाववादी कहते हैं, उनको अलगाववादी बनाने में हमने भी शायद कहीं गलती की होगी। आज हम कहते हैं कि हम इनसे बात नहीं करेंगे। 2002 में जब लाल किले से जनाब अटल बिहारी वाजपेयी साहब ने ऐलान किया कि जम्मू-कश्मीर में अब जो चुनाव होंगे, वे फेयर होंगे। 2002 में जब चुनाव हुए, तो वहां कांग्रेस और पीडीपी की सरकार बनी। हमारे लीडर जनाब मुफ्ती मोहम्मद सईद साहब वहां के चीफ मिनिस्टर बने। 1999 में पाकिस्तान और हिंदुस्तान के बीच में कारगिल की जंग हुई। उसके बावजूद जब उस वक्त के हमारे वजीरे-ए-आज़म, जब यहां पर एनडीए की सरकार थी, जनाब अटल बिहारी वाजपेयी साहब कश्मीर आए, तो उन्होंने कश्मीर से यह आवाज दी कि हम पाकिस्तान के साथ दोस्ती का हाथ बढ़ाएंगे। हुर्रियत कॉंफ्रेंस के साथ बातचीत शुरू की, 'पोटा' खत्म किया, रास्ते खोलने की बात की। 2002 से 2005 तक वहां पर जो सरकार चली, आपको अगर याद होगा, आज पाकिस्तान के प्रधान मंत्री ने यूएनओ को ख़त लिखा, लेकिन उस वक्त के पाकिस्तान के जनरल मुशर्रफ, जब हालात ऐसे बने, तब उन्होंने कहा कि अब United Nations Resolution की जरूरत नहीं है। 2005 में हमारे आज़ाद साहब वहां के मुख्य मंत्री बने। यहां पर भी सरकार चेंज हुई, यूपीए की सरकार बनी। डा. मनमोहन सिंह जी हमारे वज़ीरे-ए-आज़म बने। इन्होंने शुरूआत की। 2006 में round table conference हुई, वर्किंग ग्रुप बना, जिसमें हमारे ऑनरेबल चेयरमैन साहब एक कमेटी के चेयरमैन थे। 2008 में बदकिस्मती से हालात खराब हुए। यहां से all-party delegation चला गया, वहां लोगों से बात की। 2008 में वहां पर election हुए और नेशनल कॉंफ्रेंस तथा कांग्रेस की सरकार बनी। 2010 में फिर हालात खराब हुए और 120 लड़के शहीद हुए।

आज यह जो पेलेट गन की बात हो रही है, मैं बड़ा खुश हुआ कि हमारे ऑनरेबल एक्स होम मिनिस्टर साहब आज यहां पर हैं। जब मैं सवेरे आया था, तो मैंने इनको बाहर जाते हुए देखा। मैं बड़ा खुश हुआ कि आज कश्मीर पर जो चर्चा है, हमारे एक्स होम मिनिस्टर साहब ने इसमें बहुत कोशिशें

[मीर मोहम्मद फ़ैयाज]

की हैं, क्योंकि पिछले कुछ महीनों से उन्होंने कुछ बयान एनडी टीवी पर दिया, मैं उसको सुन रहा हूँ, शायद मुझे, इंश अल्लाह, यह उम्मीद है कि आज वे इस हाउस में कुछ बात कहेंगे कि वहां पर क्या-क्या चीज़ें हुईं, जब ये वहां पर आए थे और उस पर भी बात होगी।

सर, यह जो वर्किंग ग्रुप बना था, जिसमें सभी पार्टीज़ के लोग थे। उस पर क्या हुआ? उस पर आज़ाद साहब ने रोशनी डाली, लेकिन कितना हुआ? उन्होंने कहा कि हमने पीड़ितों के लिए जम्मू के जगती में कुछ बनाया। उन्होंने यह कहा कि हमने कुछ लोगों को नौकरियां दी, लेकिन इसमें जो बाकी चीजें थीं, उनके बारे में उन्होंने नहीं कहा, जो हमने, यानी कमेटी ने वहां पर कश्मीरियों से वादे किए थे, जिसमें सारी पार्टीज़ के लोग थे, चाहे कांग्रेस हो, बीजेपी हो, एनसीपी हो या सीपीएम हो, जितनी भी पार्टीज़ थीं, उन सबके लोग थे, लेकिन उस पर कोई अमल नहीं हुआ।

हमारे ऑनरेबल एक्स होम मिनिस्टर साहब यहीं हैं। आज हम कह चुके हें कि देश में जितनी आज़ादी गुजरात के लोगों को है, जितनी आज़ादी राजस्थान के लोगों को है, जितनी आज़ादी दिल्ली के लोगों को है, उतनी ही आज़ादी जम्मू और कश्मीर के लोगों को भी है, लेकिन आप देख लीजिए, इस वक्त जो मसला है, यह एक सियासी मसला है। अभी यादव साहब ने कहा कि हमारा जो उस पार कश्मीर है, वहां भी कश्मीर है और यहां कश्मीर है, इसलिए मसला तो है। इसमें 'AFSPA' की बात उठी थी, इसमें लिखा कि जहां-जहां हालात ठीक हुए - जम्मू में कौन-से हालात खराब थे, श्रीनगर में कौन-से हालात खराब थे? उस वक्त के हमारे मुख्य मंत्री, जनाब उमर अब्दुल्ला साहब ने कहा कि हमारा सेक्रेटेरिएट 6 महीने जम्मू में रहता है और 6 महीने कश्मीर में रहता है। ...(**समय की घंटी**)... कुछ जगहों पर जहां अभी जरूरत नहीं है, वहां से हम इसको हटाएंगे।

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): आपका समय समाप्त हो चुका है, अब आप और कितना समय लेंगे?

मीर मोहम्मद फ़ैयाज: सर, मैं दो-तीन मिनट में अपनी बात समाप्त कर दूंगा।

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): ठीक है, आप दो-तीन मिनट में अपनी बात समाप्त कीजिए।

SHRI RAM JETHMALANI: Sir, out of nine minutes, you deduct those seven minutes. ...*(Interruptions)*... All right, Sir. My appeal to this House is that the Kashmir problem has been solved with Pakistan more than three times. One point towards which I would particularly like to draw your attention is that in the 60s, Pakistan started a war of aggression knowing full well that they are attacking us, while we were unarmed and weak. But the Indian Army completely mastered that aggressive attack and that led to another great action of one of the greatest Prime Ministers which India had and he was Lal Bahadur Shastri. What happened was that we got Tashkent Declaration. The Tashkent Declaration had two clauses. One was that neither party shall change the present status quo by force or by violence. And the second one was that neither party shall even carry on any propaganda for changing it. ...*(Time-bell rings)*... If Pakistan wishes to go back on the Tashkent Declaration and other settlements that have taken place, be sure that you will tell Pakistan that it will lose its claim to half of Jammu and Kashmir which Indian generosity had given to it for good. But, we are prepared that we will take it back. ...*(Time-bell rings)*... Sir, I want no talks with Pakistan on this issue. All that you must tell them is that if they want to fight that issue with us, let us go to the International Court of Justice or let us go to the Security Council; and, be sure that they will lose there. Tell them that if they succeed there, we will succumb to the decision of the international community. Today, Sir, please do not carry on with any kind of dialogue with Pakistan, but do carry on every kind of dialogue with the people of Jammu and Kashmir. ...*(Time-bell rings)*... They are our kith and kin, and they are as dear to us as anybody else can be. Sir, so far as I am concerned, you may be pretty sure that I will give my life to keep the people of Jammu and Kashmir as friends of India and I will see to it that the Indian Union with that State is appreciated by everybody including the entire civilised world. I shall spend there a few

[Shri Ram Jethmalani]

years of my life that remain. I am running today the 93rd year of my life. I will devote the remaining part of my life to see that the people of Jammu and Kashmir are happy and that they remain happy, live long and be friends of this country. Thank you.

SHRI ABDUL WAHAB (Kerala): Mr. Deputy Chairman, Sir, I thank you for having given me a chance to speak on this subject. First of all, I completely agree with what our dear brother from Kashmir said. When he was narrating the issue, he was very emotional. I fully agree with my Kashmiri friends, Mr. Ghulam Nabi Azad and his counterpart, Mr. Manhas, the first speaker from the other side. They have given us a clear picture and I am not repeating the same issues. The only thing is, I want to support Mr. Raja on the issue of taking back the Army and the special powers given to the Armed Forces and Paramilitary Forces. Kerala and Kashmir are beautiful States in India. One is the crown; and the other is the God's own country. So, these two States are integral part of India. When some separatists or terrorists make a little noise, please do not take it in a serious way. Media is also covering it in a big way. In Kerala, one or two persons went to ISIS. They are creating all the.....

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Order, please. ...*(Interruptions)*... A lot of noise is coming. ...*(Interruptions)*... Please proceed.

SHRI ABDUL WAHAB: So, my suggestion is, whenever something happens in our country in the name of terrorism and all, we should take stern action but we should not tarnish the whole community for that single incident. That is what is happening in Kashmir also. We have travelled to Kashmir so many times. We know Kashmiris and their patriotism. But, still, some people want only the land and not the Kashmiris. So, we should win the hearts of Kashmiris, as they have mentioned. I hope this will soon be settled by the eminent Home Minister, Raj Nath Singhji. He is a moderate man. He is not like Dr. Subramanian Swamy. ...*(Interruptions)*... So, I hope he will take this issue in the right way. Thank you very much.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: For being brief and to the point, I thank you very much. Now, Shri Biswajit Daimary.

श्री बिश्वजीत दैमारी (असम): सर, मेरे गले में थोड़ी प्रॉब्लम है, तब भी मैं बोलना चाहूंगा। सर, जम्मू और कश्मीर की जो सिचुएशन है, यह आज की नहीं है, बल्कि बहुत पुराने समय से चली आ रही है। बात सिर्फ यह हुई है कि वहां एक महीने से बहुत बुरी हालत है और वहां कर्फ्यू लगाकर रखना पड़ रहा है। वहां की जो यह समस्या है, उसके परमानेंट सॉल्यूशन के लिए सरकार को अच्छी तरह से एक पॉलिसी बनानी चाहिए। अगर हम सिर्फ वहां की वर्तमान परिस्थिति को देखकर कदम उठायेंगे, तो वह कभी भी permanent solution नहीं हो सकता है। अभी की जो situation है, अभी के टाइम की जो

demand है, शायद इसके कारण ऐसा करना पड़ रहा है। मैं आशा रखता हूं कि हमारी केन्द्रीय सरकार की तरफ से अभी जो वहां पर situation है, उसमें normalcy लाने के लिए कोशिश की जाएगी। वहां के जो भी आम आदमी हैं, उन लोगों के साथ बात करते हुए situation को नॉर्मल बनाने के लिए सरकार की तरफ से थोड़ी जिम्मेदारी ली जाए।

सर, इस देश में सिर्फ कश्मीर ही नहीं, नॉर्थ-ईस्ट में भी इसी तरह की situation है। फर्क सिर्फ इतना ही है कि जम्मू-कश्मीर की सीमा पाकिस्तान के साथ लगी हुई है और पाकिस्तान claim करता है कि जम्मू-कश्मीर उनका part है। जम्मू-कश्मीर से कुछ लोग कभी-कभी मुद्दा उठाते हैं कि वे लोग पाकिस्तान के साथ जाना चाहते हैं। शायद नॉर्थ-ईस्ट में भी कुछ लोग भारत से कभी अलग हो जाना चाहते हैं, लेकिन सिर्फ डिफरेंस यह है कि वहां के लोग चीन के साथ, बंगलादेश के साथ, म्यांमार के साथ, भूटान के साथ नहीं जाना चाहते हैं। चीन, बंगलादेश, भूटान या म्यांमार ने कभी भी नॉर्थ-ईस्ट को, वहां के लोगों के साथ मिलकर ले जाना नहीं चाहा, तो फर्क सिर्फ यही है। यह जो समस्या आई है, इसमें सिर्फ हमारी केन्द्रीय सरकार और वहां के लोगों के बीच में जो संपर्क है, इस संपर्क में थोड़ी-सी दूरी रही है। एक-दूसरे के साथ अच्छा सम्पर्क नहीं है।

सर, इस देश को हमने खुद बनाया है। यह भारत geographically एक है, लेकिन ब्रिटिश के समय में यहाँ अलग-अलग शासन व्यवस्था थी, उसमें अलग-अलग राजाओं के द्वारा शासन किया गया था। इसलिए सदियों के बाद इस देश को जोड़कर एक system के अंदर लाया गया। उसके बाद एक-दूसरे की भावना को आपस में मिलाना थोड़ा मुश्किल हो गया। इसको हम लोगों को उस दृष्टि से देखना होगा कि कश्मीर के लोग क्या सोचते हैं, वे कैसे जीना पसंद करते हैं, वहां के लोगों की संस्कृति क्या है, वे रियली किस तरह से रहते आए हैं। वे भारत में रहते हुए किस हद तक हुकूमत कर सकते हैं, इसके लिए उन लोगों से बात करनी जरूरी है। हो सकता है कि वे लोग किसी कारणवश यहां से अलग होकर जाना चाहते हैं। इसलिए उन लोगों की जो बातें हैं, दुख है, गुस्सा है, उसको सुनना बहुत जरूरी है और उनको हम लोगों द्वारा थोड़ी सी importance देना बहुत जरूरी है।

मैं चाहता हूं कि इसी तरह से अगर उन लोगों के साथ बातचीत की जाएगी, तो definitely एक solution आ जाएगा और permanently हमें बार-बार कश्मीर के ऊपर, यहां पर एक दूसरे के साथ argument नहीं करना पड़ेगा।

सर, यह जो Armed Forces Special Powers Act है, यह नॉर्थ-ईस्ट में भी चल रहा है। इस कानून को वहां पर लागू करने के बाद भी, वहां की जो उग्रवाद की समस्या है, जो terrorist activities हैं, उनको यह कानून control नहीं कर पाया है। इसलिए इस कानून के ऊपर सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए। इस कानून के बारे में लोगों की अच्छी धारणा नहीं है। कानून-व्यवस्था को लेकर वहां पर जो army deploy की जाती है, जो paramilitary forces deploy की जाती हैं, वे लोग भी इस कानून की power का misuse करते हैं और इसके बहुत सारे उदाहरण हैं। ...(**समय की घंटी**)... मैं आपके जरिए केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि Armed Forces Special Powers Act के ऊपर भी बात होनी चाहिए। शायद यहां पर कोई नहीं जानता कि इस power को लेकर वहां गांव, अंचल में लोगों के साथ कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है, जिसके कारण आज कश्मीर के कुछ लोग वहां पर संग्राम कर रहे हैं। ...(**समय की घंटी**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

श्री बिश्वजीत दैमारीः सर, मुझे विश्वास है कि कश्मीर के जो लोग हैं, वे भारत के ही लोग हैं और वे भारत के हिसाब से ही जीना चाहते हैं। सिर्फ उनके मन के अंदर कुछ दुख है, कुछ गुस्सा है, इसको हमें अच्छी तरह से समझना चाहिए। उनके साथ बातचीत करने से मैं समझता हूं कि इसका अच्छी तरह से समाधान हो जाएगा, धन्यवाद।

सरदार सुखदेव सिंह ढिंडसा (पंजाब)ः उपसभापति जी, मैं पूरे सदन को बधाई देना चाहता हूं कि जिस तरीके से आज यह debate हुई, सभी सदस्य एक मत से कश्मीर के साथ खड़े हैं और पूरे देश के साथ खड़े हैं। मेरी राज्य सभा में यह तीसरी term है, तो मुझे आज यह मालूम हुआ कि वाकई यह House of Elders है। मैंने आज से पहले कभी ऐसी debate नहीं देखी। मैं यह महसूस करता हूं कि आगे भी जो national issues होंगे, तो जैसे आज सभी पार्टियां एक मत हुई हैं, ऐसी ही आगे भी होंगी। ऐसा मैं महसूस करता हूं।

सर, यह भी सभी जानते हैं कि आज कश्मीर का मसला बहुत grave और serious issue बना हुआ है। हम जानते तो सभी हैं, लेकिन बोलते कम हैं कि यह पाकिस्तान के साथ inter-related है। पाकिस्तान के साथ जितनी देर दुश्मनी रहेगी, उतनी देर वह कोशिश करेगा कि कश्मीर का मसला हल न हो। हमारे देश के प्रधान मंत्रियों ने बड़ी कोशिश की है। श्री लाल बहादुर शास्त्री ने ताशकन्द में समझौता किया, वे नहीं रहे। उसके बाद श्रीमती इंदिरा गांधी ने शिमला समझौता किया और उसके बाद भी कोशिशें होती रही। पहले तो गुजराल साहब ने पहल की थी, लेकिन उनको टाइम नहीं मिला। फिर श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने पहल की, जिनके लिए आज भी कह रहे हैं कि वही formula better है। उन्होंने इतना बड़ा काम किया कि वे बस में बैठकर पाकिस्तान गए और वहां जाकर वे उनके Prime Minister से मिले तथा उनकी बातचीत शुरू हुई। यह उम्मीद थी कि शायद वह मसला हल हो जाएगा, लेकिन आप जानते हैं कि वहां पर न तो political पार्टियों की और न ही political leadership की कोई बात है, वहां पर फौज का राज है। जब उनके Prime Minister ने इस दिशा में काम करना शुरू किया तो ऐसी उम्मीद जगी थी कि शायद यह समझौता हो जाए, लेकिन उन्होंने उसका राज पलट दिया। उसके बाद कश्मीर के लिए जो formula श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने दिया था, आज भी महबूबा जी ने कहा है कि उस formula को लागू किया जाए। डा. मनमोहन सिंह जी ने भी वह formula जारी रखा, लेकिन जब मोदी साहब प्रधान मंत्री बने, तो उन्होंने भी वही formula लागू किया। जब उनकी oath-taking ceremony थी, तो उन्होंने पाकिस्तान के प्रधान मंत्री को बुलाया। उसके बाद आप भी गए, उनके birthday पर भी गए, आप उनको बिना टाइम दिए चले गए। उसके बाद भी वहां आर्मी से डर है। किसी भी political leadership में इतनी ताकत नहीं है कि वह कोई समझौता कर सके। पाकिस्तान हमेशा यह कोशिश करेगा कि कश्मीर का समझौता न हो। आज सभी सदस्यों ने सही कहा है कि वहां पर हमारे बच्चे मर रहे हैं। पाकिस्तान उनके जज्बातों से खेलकर देश के खिलाफ भड़काने की कोशिश करता है। उसका नतीजा यह होता है कि जब वे agitation करेंगे, तो paramilitary forces उनको रोकेंगी। फिर गोलियां भी चलेंगी, लेकिन उससे पूरे कश्मीर के नौजवानों में ऐसी स्थिति पैदा हो गई है कि हमें इस देश में नहीं रहना। इसको दूर करने के लिए सरकार को चाहिए कि जो श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का formula है, उस पर चले।

दूसरा, मैं यह कहता हूं कि जहां तक लोगों के दिल जीतने की बात है, यह बात बाजवा साहब ने भी कही है। जितनी देर लोगों का साथ नहीं मिला, उतनी देर तक कोई अमन नहीं हुआ। जब लोगों ने उनको reject किया, उसके बाद हुआ। वहां पर हमारे बड़े लीडर्स मरे। वहां पर ऐसे हुआ, जैसे आज हो रहा है कि हिन्दू मुसलमान की बात कर रहे हैं। वहां पर सिख और हिन्दुओं की बात चलाई गई। वहां पर हिंदू मर रहे हैं, सिख तो majority में मरे, लेकिन वहां कहा गया कि हिंदू मर रहे हैं, इसलिए हिंदुओं का वहां से जाना शुरू हुआ। उसके बाद जब situation ठीक हुई, तो पंजाब वहां पर आ गया, जहां पर पंजाब को पहले आना था। वैसे ही आपको उन लोगों का दिल जीतना पड़ेगा। अब वह आप किस तरीके से जीतेंगे? सर, कुछ लोग, खासकर वहां के जो नौजवान हैं, जो young blood है, उनके जज़बातों से खेलते हैं। हमारे यहां भी यही हुआ है, लेकिन ये कहते रहे कि सिख मार रहे हैं, लेकिन लीडर तो सारे हमारे मरे। हमारे प्रेसीडेंट संत हरचरण सिंह लोंगोवाल मारे गए। बाजवा साहब ने कहा कि उनके पिताजी चले गए। हमारे भी दो लीडर्स - तलवंडी साहब और टौरा साहब पर हमले हुए। इस तरह वहां पर हजारों आदमी मारे गए।

श्री प्रताप सिंह बाजवाः सरदार बेअंत सिंह मारे गए।

सरदार सुखदेव सिंह ढिंडसाः हां, वे भी मारे गए। लेकिन डिप्टी चेयरमैन साहब हालात तब तक ठीक नहीं हुए जब तक कि लोगों का साथ नहीं मिला। इसलिए मैं समझता हूं कि लोगों का साथ बहुत जरूरी है। ...(**समय की घंटी**)... सर, मैं सिर्फ दो मिनट और लूंगा। होम मिनिस्टर साहब बैठे हैं। तुलसी साहब और बाजवा साहब ने भी अपनी बात रखी कि कश्मीर में सिखों की क्या हालत है? सर, वे भी वहां 75,000 से ज्यादा हैं और 70-80 गांवों में रहते हैं। जब हमारी सरकार थी तो उसमें मैं भी मिनिस्टर रहा हूं। वहां चित्तीसिंहपुरा में 36 सिखों को मार दिया गया था। उस बारे में किसी ने अभी तक रिपोर्ट नहीं दी है। जो कमीशन बना, उसकी रिपोर्ट नहीं आई। मैं चाहूंगा कि उनके लिए भी कुछ किया जाए। सर, उनको मुलाजमत भी नहीं मिलती है। मैं सभी सरकारों के हर चीफ मिनिस्टर से दो-तीन बार मिला हूं और कहा है कि किसी को कोई नौकरी नहीं दी है। सर न ही उन्हें वहां minority status मिला है और न ही उन्हें काउंसिल में कोई रिजर्वेशन है। वहां उनके लिए कोई पैकेज भी नहीं है। ...(**व्यवधान**)... ठीक है, पंडितों के साथ भी बुरा हुआ, लेकिन इसके बावजूद वे तो वहां पर अपना देश समझकर बैठे हैं।

सर, मैं होम मिनिस्टर साहब को इस बात के लिए बधाई देना चाहता हूं कि आज दोनों जगह आपकी सरकारें हैं - सेंट्रल में भी हैं और वहां भी हैं। आपको ऐसा मौका कभी नहीं मिलेगा। अगर कश्मीर का मसला हल होगा, तो इसी से होगा, क्योंकि दोनों जगह आपकी सरकारें हैं, नहीं तो स्टेट में किसी और पार्टी की होती है और सेंटर में किसी और पार्टी की होती है। सर, इतना ही कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। Thank you very much.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now I have four names received after the commencement of the discussion. The subject being very important, I don't mind giving each Member three minutes if the House has no objection.

SHRI NEERAJ SHEKHAR (Uttar Pradesh): What about Mantriji?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mantriji is also included in that. Mantriji, please sit down. I will give you time. I will allow you also. So, if the House has no objection, I will give each Member three minutes because the subject is very important, let us hear them also. Each Member should confine himself to three minutes positively. Mr. Minister.

श्री रामदास अठावलेः डिप्टी चेयरमैन सर, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे बहुत महत्व के विषय पर बोलने का मौका दिया।

सर, हमारा संविधान भारत की एकता और अखंडता को मजबूत बनाता है। आज यहां कश्मीर के बारे में चर्चा हो रही है। मैं कहना चाहूंगा कि,

"जो हमारा है सिर, वह है हमारा कश्मीर, पाकिस्तान चला रहा है वहां तीर।

पाकिस्तान चला रहा है तीर, लेकिन नहीं झुकेगा कश्मीर।"

डिप्टी चेयरमैन सर, कश्मीर कब तक जलता रहेगा?

"कश्मीर कब तक जलता रहेगा,
वहाँ आतंकवाद कब तक पलता रहेगा?

उपसभापति जी, हम सभी लोग पाकिस्तान के लिए आदर व्यक्त करते थे। मैं तीन बार पाकिस्तान होकर आया हूं, पाकिस्तान की जनता भारत के खिलाफ नहीं है। हमारे कश्मीर पर पाकिस्तान ने कब्ज़ा किया। वहाँ पाकिस्तान की आर्मी क्यों आई? जम्मू-कश्मीर राजा हरि सिंह के ताबे में था। जब भारत को 15 अगस्त, 1947 को आज़ादी मिली, तब उन्होंने, पाकिस्तान ने, कश्मीर पर अचानक हमला किया। पाकिस्तान को हमला करने की क्या जरूरत थी? पाकिस्तान आगे आता रहा, पाकिस्तान की आर्मी आगे आती रही। राजा हरि सिंह और पं. जवाहरलाल नेहरू के बीच में एग्रीमेंट हुआ। जब पं. जवाहरलाल नेहरू ने ऐलान किया, तब, उसके बाद कश्मीर का भारत के साथ रहने का एग्रीमेंट हुआ। हम अपने कश्मीर को, अपने भारत से कटने नहीं देंगे। हम अपने सिर को भारत से कटने नहीं देंगे और अपनी अखंडता को मिटने नहीं देंगे।

मैं कश्मीर के तमाम नौजवानों से कहना चाहता हूं कि तुम्हारे ऊपर अन्याय हुआ है, हमारे ऊपर भी अन्याय होता रहा है, दलितों पर रोज अत्याचार होते हैं, लेकिन हम दलितस्तान की मांग नहीं करते हैं। उपसभापति महोदय, हमारे ऊपर रोज हमले हो रहे हैं, लेकिन हम भारत के साथ रहेंगे। हम मर-मिटेंगे, चाहे जो कुछ भी हो जाए, लेकिन हम भारत की एकता के लिए काम करेंगे। हम बाबा साहब अम्बेडकर जी के अनुयायी हैं और बाबा साहब ने हमें बताया है कि देश तुम्हारे धर्म, जाति और भाषा से बहुत बड़ा है, इसलिए भारत कभी नहीं टूटेगा। जो भारत को तोड़ने की कोशिश करेगा, उसका सत्यानाश होगा। भारत कभी भी टूट नहीं सकता है। मैं कश्मीर के नौजवानों से कहना चाहता हूं, सरकार से भी मेरा निवेदन है, उस सरकार ने कुछ नहीं किया, थोड़ा-बहुत किया, आपने भी किया, कांग्रेस पार्टी ने किया, लेकिन आतंकवाद को खत्म करने में आपको सफलता नहीं मिली, हमें भी सवा दो साल होने वाले हैं, लेकिन हमें भी सफलता नहीं मिल रही है। आतंकवाद का सामना कैसे करना है? अगर वहाँ से आर्मी निकालेंगे, तो क्या होगा? ...(**समय की घंटी**)... उपसभापति जी, थोड़ा-सा टाइम और दे दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: All right. Okay.

श्री रामदास अठावले: अगर वहाँ से आर्मी निकाल लेंगे, तो वहाँ के लोगों की रक्षा कौन करेगा? जो innocent लोग हैं, उन पर अन्याय नहीं होना चाहिए। जो आतंकवादी हैं, आर्मी को, उन आतंकवादियों को पकड़ना चाहिए, लेकिन बहुत बार ऐसा होता है कि आतंकवादी छूट जाते हैं और दूसरे लोग पकड़े जाते हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। ...(**समय की घंटी**)...

श्री उपसभापति: बैठिए, बैठिए।

श्री रामदास अठावले: उपसभापति महोदय, इसीलिए मेरा यह कहना है कि इसका जम्मू-कश्मीर नाम है, लेकिन लद्दाख में बुद्धिस्ट कम्युनिटी रहती है, जम्मू में हिंदू कम्युनिटी ज्यादा रहती है, कश्मीर में मुस्लिम कम्युनिटी रहती है, यह बहुत बड़ा national integration and national equality है। इसका नाम Jammu, Kashmir and Laddakh रखना चाहिए। हमारी होम मिनिस्ट्री ने ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: ओ.के., अभी बैठिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री रामदास अठावले: उपसभापति महोदय, मेरा इतना ही कहना है कि यह जो पाक ऑक्युपाइड कश्मीर है, उसके लिए मेरा सरकार से निवेदन है, मेरा पाकिस्तान से भी निवेदन है कि जो पाक ऑक्युपाइड कश्मीर है, जो हमारे भारत का कश्मीर है,उसको जल्दी से जल्दी छोड़ दे। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: ओ.के, बैठिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री रामदास अठावले: थोड़ा-सा ...(**व्यवधान**)... होम मिनिस्टर साहब ...(**व्यवधान**)... अगर वह नहीं छोड़ेगा, तो जो पाक ऑक्युपाइड कश्मीर है ...(**व्यवधान**)... उस पाक ऑक्युपाइड कश्मीर को अपने ताबे में लेना चाहिए ...(**व्यवधान**)... अगर वक्त आ गया तो पाकिस्तान को भी ताबे में लेना चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: ओ.के. बैठिए, बैठिए। All right. ...*(Interruptions)*... Shri Anil Desai now. ...*(Interruptions)*... Mr. Anil Desai, you may start. ...*(Interruptions)*...

श्री रामदास अठावले: पाकिस्तान हमारा है। ...(**व्यवधान**)... वहाँ क्या झगड़ा है? ...(**व्यवधान**)... वहाँ पाकिस्तानी भी हिंदी बोलते हैं। ...(**व्यवधान**)... पाकिस्तान हमारा है। ...(**व्यवधान**)... इस झगड़े को खत्म करना चाहिए। मैं अच्छी बात कह रहा हूं। ...(**व्यवधान**)... अखंड भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए ...(**व्यवधान**)... कश्मीर भारत के साथ रहेगा। ...(**व्यवधान**)... भारत से अलग नहीं होगा। ...(**व्यवधान**)... हम कश्मीर को अलग नहीं होने देंगे। जय भीम, जय भारत।

श्री उपसभापति: ओ.के. बैठिए, बैठिए। Now, Mr. Anil Desai.

SHRI ANIL DESAI (Maharashtra): Thank you, Mr. Deputy Chairman, Sir, for giving me an opportunity to speak on this very serious subject, which is being discussed and debated in the House today. Many speakers, across Party lines, have expressed their feelings. All the hon. Members are unanimously saying that Kashmir is an integral part of India and that we will never give up Kashmir, come what may. आज कश्मीर के जो हालात हो रहे हैं, वे बहुत गंभीर हालात हैं। कश्मीर की जनता, कश्मीर के लोग इन हालातों से जूझ रहे हैं, बेकसूर लोग मारे जा रहे हैं, stone pelting हो रही है। उसी दरमियान हमारे प्रधान मंत्री जी ने जो

[Shri Anil Desai]

बयान दिया है कि कश्मीर के नौजवानों के हाथों में लैपटॉप होना चाहिए, उनके हाथों में कलम होनी चाहिए। मैं यह बात समझता हूं कि यह बहुत अच्छी पहल है, अच्छी शुरूआत है। जिस तरह से मामला बढ़ रहा है, गए 32 दिनों में, महीना हो गया और कश्मीर में कर्फ्यू है, लेकिन अगर हम जड़ की बात सोचें, जैसा येचुरी जी ने कहा कि dialogue should start. We should have dialogue. But with whom should we have a dialogue? Is the Pakistan Government controlling Pakistan? Do they have power? Do we have to have a dialogue with the Pakistan Government which is feeble by itself? It is governed by the Army; it is controlled by the Army; it has substantial power of the ISI. हम किसके साथ dialogue करें? Separatist force से? आज भी अगर हम पाकिस्तान की history देखें, यहाँ पर सारे लोगों ने यह बयान दिया है कि 1947 हो या 1965 हो, 1971 हो या कारगिल का war हो, every time they fought with us, they lost the battle, but, despite all these things, they had continued to foment terrorism in India and the Indian soil. आज जो बातें कही गई हैं, यह जरूर है कि कश्मीर के लोग हमारे भाई हैं, कश्मीर का हर नागरिक हिन्दुस्तान का नागरिक है। कश्मीर के लोगों के लिए जो कदम उठाने चाहिए, जिस तरह से उनकी awareness और conciliation meetings वगैरह की जो बातें कही गई हैं, उनके लिए political process शुरू होनी बहुत जरूरी है। उसके लिए हमारे दिल में कोई नहीं है, लेकिन जैसे महाभारत में शिखंडी की आड़ से प्रघात किया जाता था, बदकिस्मती से कश्मीर के लोगों को लेकर ISI या terrorists या separatists लोग उस तरह की बातें कर रहे हैं। यह process जरूर होनी चाहिए कि इन लोगों के साथ बातचीत की जाए, क्योंकि ये हमारे लोग हैं, ये हिन्दुस्तानी हैं, यह उनका हक बनता है। लेकिन जो वाकयात हुए, जो बातें हुईं, पठानकोट में क्या हुआ, पाकिस्तान ने हमारे साथ किस तरह से सलूक किया? If you go back, तन्खा जी ने कश्मीरियों की बात कही। कश्मीरी पंडितों के साथ जिस तरह का सलूक किया गया, ...(**समय की घंटी**)... I will just take one or two minutes. कश्मीरी पंडितों के साथ जिस तरह का सलूक किया गया, जिस तरह से उनको निकाला गया, आज वे वहां जाना चाहते हैं, लेकिन अगर वहां पर separatist force के जरिए स्टेट गवर्नमेंट भी यह लाइन लेती है, तो यह बहुत गलत है। अटल जी ने जो प्रयास शुरू किए थे, समझौता एक्सप्रेस वगैरह शुरू की थी ...(**समय की घंटी**)... कांग्रेस ने भी अच्छे प्रयास किए थे कि वह वहाँ एक normalcy ले आई। अटल जी ने जो प्रयास किए, आज हम उसी रास्ते पर जरूर जाना चाहते हैं, लेकिन क्या यह संभव होगा? ...(**समय की घंटी**)... How will the normalcy return? Sir, I am making a point. जब कश्मीरी वहाँ से बाहर गए, तब कश्मीरियों के हिन्दुस्तानी होने के नाते शिव सेना प्रमुख, बाला साहेब ठाकरे जी ने उन्हीं कश्मीरियों के लिए ...(**समय की घंटी**)... महाराष्ट्र में हर दरवाजे खोल दिए। ...(**समय की घंटी**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay, all right. There is no time. That is over ...*(Interruptions)*... Nothing more is going on record. Now, Munvvar Saleem. You have only three minutes and not even one minute more.

चौधरी मुनव्वर सलीम (उत्तर प्रदेश) : मान्यवर, मेरी पार्टी की तरफ से माननीय प्रोफेसर साहब ने जो मशविरे दिए हैं, वे इतने concrete और मजबूत मशविरे हैं कि माननीय गृह मंत्री जी अगर उनका संज्ञान लेंगे, तो कुछ बाकी नहीं बचेगा। आज नवाज शरीफ ने UNO को जो खत लिखा है, मैं उसके संदर्भ में एक कवि की चार पंक्तियाँ पढ़ना चाहता हूँ।

"कश्मीर तेरे ख्वाब की ताबीर नहीं है,
कश्मीर में रहना तेरी तकदीर नहीं है।
कश्मीर हमारा है, हमारा ही रहेगा,
कश्मीर तेरे बाप की जागीर नहीं है।।"

मान्यवर, कश्मीर हिन्दुस्तान का वह सूबा था, जब गाँधी जी 1947 में सांप्रदायिक दंगों से परेशान हो गए, तो मरने से कुछ दिन पहले 1948 में वे कश्मीर पहुंचे। गाँधी जी ने उस समय कहा कि कश्मीर की जो मोहब्बत है, जो भाईचारा है, उसे देख कर मेरा दिल इस बात के लिए इत्मीनान जाहिर करता है कि हिन्दुस्तान में इसी तरह की सद्भावना कायम हो जाएगी। कश्मीर में शेख अब्दुल्ला के नेतृत्व में उनके और कश्मीरी पंडितों के बीच जो रिश्ता था, वह इतना मजबूत था, स्वर्गीय हरि सिंह जी का वहाँ के आवाम से जो रिश्ता था, वह इतना मजबूत था कि उसको देख कर यह लगता ही नहीं था कि यहाँ कोई सांप्रदायित दुर्भावना है। मैं आज सदन के माध्यम से कश्मीरी नौजवानों से सिर्फ यह कहने के लिए खड़ा हुआ हूं कि पूरा मुल्क़ और खासतौर से हिन्दुस्तानी मुसलमान उनके साथ हैं, लेकिन उनके सीने पर लगने वाली हर गोली, पाकिस्तान के कारण ही उनके सीने पर लग रही है। उन्हें पाकिस्तान से दूर हो जाना चाहिए। पाकिस्तान की सरहदों से आग बरसती है।

मान्यवर, मैं एमपी बनने के बाद सबसे पहले कश्मीर गया था और मैंने कश्मीर के सबसे सेंसिटिव इलाके, Rajouri से चलकर Mandore में सभा की थी, तालीमी सेमिनार की थी। वहां पर मेरे उत्तर प्रदेश से एक आईपीएस ऑफिसर था, उसने मुझे कहा कि इस मजमे में आप कहीं 'हिन्दुस्तान जिन्दाबाद', 'भारत माता की जय' या 'जय हिन्द' मत बोल देना, लेकिन मैंने Mandore में पूरे मजमे को एड्रेस किया और मजमे को एड्रेस करने के बाद 'हिन्दुस्तान जिन्दाबाद' के अनेक नारे लगवाए और उन्होंने भी मेरे साथ ये नारे लगाए।

मान्यवर, मैं कहना यह चाहता हूं, जैसा कि प्रोफेसर साहब ने कहा कि गंगा गंगोत्री से पाक होगी, तो फिर कानपुर में भी शुद्ध मिलेगी। आतंकवाद सीमा पार से आता है। कश्मीर हमारा है और हमारा ही रहेगा और हमारे कश्मीर में आज भी मोहब्बत की बारिश है। लेकिन माननीय गृह मंत्री जी, वहां जिस गन का इस्तेमाल हो रहा है, उस गन से बड़ा जुल्म हो रहा है, इसके लिए आपके अंदर की मानवीय संवेदनाएं जागनी चाहिए और उन नौजवानों के ऊपर वह गन नहीं चलनी चाहिए। आज अगर आप यह ऐलान करेंगे, तो हमें बहुत अच्छा लगेगा। बहुत-बहुत शुक्रिया, हिन्दुस्तान जिन्दाबाद।

†**چودھری منور سلیم (اترپردیش):** مانیور، میری پارٹی کی طرف سے مانیے پروفیسر صاحب نے جو مشورے دیئے ہیں، وہ اتنے concrete اور مضبوط مشورے ہیں کہ مانیے گرہ منتری جی اگر ان کا سنگیان لیں گے، تو کچھ باقی نہیں بچے گا۔ آج نواز شریف نے UNO کو جو خط لکھا ہے، میں اس کے سندربھ میں ایک کوی کی چار پنکتیاں پڑھنا چاہتا ہوں ۔

کشمیر تیرے خواب کی تعبیر نہیں ہے
کشمیر میں رہنا تیری تقدیر نہیں ہے
کشمیر ہمارا ہے، ہمارا ہی رہے گا
کشمیر تیرے باپ کی جاگیر نہیں ہے

مانیور، کشمیر ہندستان کا وہ صوبہ تھا، جب گاندھی جی 1947 میں سامپردائک دنگوں سے پریشان ہوگئے، تو مرنے سے کچھ دن پہلے 1948 میں وہ کشمیر پہنچے۔ گاندھی جی نے اس وقت کہا کہ کشمیر کی جو محبت ہے، جو بھائی چارہ ہے، اسے دیکھ کر میرا دل اس بات کے لیے اطمینان ظاہر کرتا ہے کہ ہندستان میں اسی طرح کی سدبھاؤنا قائم ہوجائے گی۔ کشمیر میں شیخ عبداللہ کی

†Transliteration in Urdu script.

[चौधरी मुनव्वर सलीम]

قیادت میں ان کے اور کشمیری پنڈتوں کے بیچ جو رشتہ تھا، وہ اتنا مضبوط تھا، مرحوم ہر سنگھ جی کا وہاں کے عوام سے جو رشتہ تھا، وہ اتنا مضبوط تھا کہ اس کو دیکھ کر یہ لگتا ہی نہیں تھا کہ یہاں کوئی سامپردائک دُربھاؤنا ہے۔

میں آج سدن کے مادھیم سے کشمیری نوجوانوں سے صرف یہ کہنے کے لیے کھڑا ہوا ہوں کہ پورا ملک اور خاص طور سے ہندستانی مسلمان ان کے ساتھ ہیں، لیکن ان کے سینے پر لگنے والی ہر گولی، پاکستان کی وجہ سے ہی ان کے سینے پر لگ رہی ہے۔ انہیں پاکستان سے دور ہوجانا چاہیئے۔ پاکستان کی سرحدوں سے آگ برستی ہے۔

مانیور، میں ایم پی بننے کے بعد سب سے پہلے کشمیر گیا تھا اور میں نے کشمیر کے سب سے سینسیٹیو علاقے، Rajouri سے چل کر Mandore میں سبھا کی تھی، تعلیمی سیمنار کی تھی۔ وہاں پر میرے اترپردیش سے ایک آئی پی ایس آفیسر تھا، اس نے مجھے کہا کہ اس مجمع میں آپ کہیں 'ہندستان زندہ باد'، 'بھارت ماتا کی جے' یا 'جے ہند' مت بول دینا، لیکن میں نے Mandore میں پورے مجمع کو ایڈریس کیا اور مجمع کو ایڈریس کرنے کے بعد 'ہندستان زندہ باد' کے انیک نعرے لگوائے اور انہوں نےبھی میرے ساتھ یہ نعرے لگائے۔

مانیور، میں کہنا چاہتا ہوں، جیسا کہ پروفیسرصاحب نے کہا کہ گنگا گنگوتری سے پاک ہوگی، تو پھر کانپور میں بھی شدھ ملیگی۔ آتنک واد سیما پار سے آتا ہے۔ کشمیر ہمارا ہے اور ہمارا ہی رہیگا اور ہمارے کشمیر میں آج بھی محبت کی بارش ہے۔ لیکن مانیئے گرہ منتری جی، وہاں جس گن کا استعمال ہورہا ہے، اس گن سے بڑا ظلم ہورہا ہے، اس کے لیے آپ کے اندر کی مانوی سنویدنائیں جگنی چاہیئں اور ان نوجوانوں کے اوپر وہ گن نہیں چلنی چاہیئے۔ آج

اگر آپ یہ اعلان کریں گے، تو ہمیں بہت اچھا لگے گا۔ بہت بہت شکریہ، 'ہندستان زندہ باد'۔

श्री गुलाम नबी आज़ादः सर, माननीय होम मिनिस्टर जवाब दे रहे हैं, मैं भाषण नहीं करूंगा, मैं उनसे सिर्फ दो सवाल पूछना चाहूंगा और उम्मीद करता हूं कि होम मिनिस्टर साहब इन सवालों का जवाब देंगे।

मुझे बहुत खुशी है कि अभी पौने आठ घंटे तक सदन में कश्मीर पर चर्चा हुई और जब तक माननीय गृह मंत्री जी जवाब देंगे, तब तक शायद पौने नौ घंटे हो चुके होंगे। मैंने अपने 35-36 साल के अरसे में, इतने भरे हुए हाउस में, कश्मीर पर कभी भी इतनी बहस होते हुए नहीं देखी। इसका मतलब यह है कि चारों तरफ से, सभी एमपीज़ और सभी पार्टीज़ ने इसकी गंभीरता को महसूस किया है और सभी ने बहुत ही अच्छे वातावरण में, बहुत ही अच्छे माहौल में यहां बात की है। मुझे उम्मीद है कि इसके बाद जनाब होम मिनिस्टर साहब, पार्लियामेंट की तरफ से, कश्मीरी अवाम को अपील भी करेंगे।

सर, मेरे दो सवाल हैं। एक यह कि इस वक्त कश्मीर वादी में यह आम बात चल रही है कि हफ्ते या दस दिन के अंदर, ज्यों ही अमरनाथ यात्रा खत्म होगी, उसके बाद वैली को आर्मी के हवाले कर दिया जाएगा। मेरे ख्याल में होम मिनिस्टर साहब को यह क्लीयर करना चाहिए, क्योंकि अगर यह बात फैल गई, तो कुछ न होने से पहले ही कुछ हो जाएगा। कश्मीर के हालात को ठीक करने में इस बात का स्पष्टीकरण करना बहुत जरूरी है।

दूसरा, आज सुबह से ही Leader of the House और जनाब होम मिनिस्टर साहब ने सभी political parties को सुना। सभी ने यह बात कही और सभी का यह मानना है कि सिर्फ नौकरी देने से यह मामला हल नहीं होगा और economic packages देने से भी यह मामला हल नहीं होगा। अब तक हम economic packages, नौकरी, सड़क, बिजली, स्कूल, इंस्टीट्यूशन इत्यादि को बहुत पीछे छोड़ चुके हैं। इस वक्त के हालात में उनसे बात करने की जरूरत है।

मैं होम मिनिस्टर साहब से यह गुज़ारिश करूंगा कि क्या आप mainstream political parties के साथ, जो moderates हैं, उनके साथ और कश्मीर में जो दूसरे stakeholders हैं, उनके साथ बात करना शुरू करेंगे? पाकिस्तान के अभी वे हालात नहीं हैं, भले ही वह यूएनओ पहुंच गया है और कहां-कहां पहुंच गया है, लेकिन हम इसकी शुरुआत अपने घर से ही करें। जब हम अपने घर के लोगों से बात करेंगे, तभी हम परायों से बात करेंगे। Moderates के साथ जो दूसरी mainstream parties के लोग हैं या जो other stakeholders हैं, अगर आप उनसे बात करेंगे, तो शायद आज के हालात को ठीक करने में कुछ मदद होगी।

तीसरा, आज हो या हफ्ते बाद हो, क्या पार्लियामेंट से all party delegation कश्मीर जाएगा? बहुत-बहुत धन्यवाद।

[चौधरी मुनव्वर सलीम]

†**قائد حزب اختلاف (جناب غلام نبی آزاد) :** سر، مانئے ہوم منسٹر جواب دے ہیں، میں بھاشن نہیں کروں گا، میں نے سے صرف دو سوال پوچھنا چاہوں گا اور امید کرتا ہوں کہ ہوم منسٹر صاحب ان سوالوں کا جواب دیں گے۔

مجھے بہت خوشی ہے کہ ابھی پونے آٹھ گھنٹے تک سدن میں کشمیر پر چرچا ہوئی اور جب تک مانئے گرہ منتری جی جواب دیں گے، تب تک شاید پونے نو گھنٹے ہو چکے ہوں گے۔ میں اپنے 36-35 سال کے عرصے میں، اتنے بھرے ہوئے ہاؤس میں، اتنے بھرے ہوئے ہاؤس میں، کشمیر پر کبھی بھی اتنی بحث ہوتے ہوئے نہیں دیکھی۔ اس کا مطلب یہ ہے چاروں طرف سے، سبھی ایمپیز اور سبھی پارٹیز نے اس کی گمبھیرتا کو محسوس کیا ہے اور سبھی نے بہت ہی اچھے واتاورن میں، بہت ہی اچھے ماحول میں یہاں بات کی ہے۔ مجھے امید ہے کہ اس کے بعد جناب ہوم منسٹر صاحب، پارلیمنٹ کی طرف سے، کشمیری عوام کو اپیل بھی کریں گے۔

سر، میرے دو سوال ہیں۔ ایک یہ کہ اس وقت کشمیر وادی میں یہ عام بات چل رہی ہے کہ ہفتے یا دس دن کے اندر، جیوں ہی امرناتھ یاتر ختم ہوگی، اس کے بعد ویلی کو آرمی کے حوالے کر دیا جائے گا۔ میرے خیال میں ہوم منسٹر صاحب کو یہ کلئیر کرنا چاہئے، کیوں کہ اگر یہ بات پھیل گئی، تو کچھ نہ ہونے سے پہلے ہی کچھ ہو جائے گا۔ کشمیر کے حالات کو ٹھیک کرنے میں اس بات اسپشٹیکرن کرنا بہت ضروری ہے۔

†Transliteration in Urdu script.

دوسرا، آج صبح سے ہی لیڈر آف دی ہاؤس اور جناب ہوم منسٹر صاحب نے سبھی پولیٹکل پارٹیز کو سنا۔ سبھی نے یہ بات کہی اور سبھی کا یہ ماننا ہے کہ صرف نوکری دینے سے یہ معاملہ حل نہیں ہوگا اور اکونومک پیکیجس دینے سے بھی یہ معاملہ حل نہیں ہوگا۔ اب تک ہم اکونومی پیکیجس، نوکری، سڑک، بجلی، اسکول، انسٹی ٹیوشن وغیرہ کو بہت پیچھے چھوڑ چکے ہیں۔ اس وقت کے حالات میں ان سے بات کرنے کی ضرورت ہے۔

میں ہوم منسٹر صاحب سے یہ گزارش کروں گا کہ آپ مین اسٹریم پولیٹکل پارٹیز کے ساتھ، جو موڈریٹس ہیں، ان کے ساتھ اور کشمیر میں جو دوسرے اسٹیک-ہولڈرس ہیں، ان کے ساتھ بات کرنا شروع کریں گے؟ پاکستان کے ابھی وہ حالات نہیں ہیں، بھلے ہی وہ یو۔این۔او۔ پہنچ گیا ہے اور کہاں کہاں پہنچ گیا ہے، لیکن ہم اس کی شروعات اپنے گھر سے ہی کریں۔ جب ہم اپنے گھر کے لوگوں سے بات کریں گے، تبھی ہم پراؤں سے بات کریں گے۔ موڈریٹس کے ساتھ جو دوسری مین-اسٹریم پارٹیز کے لوگ ہیں یا جو دوسرے اسٹیک-ہولڈرس ہیں، اگر آپ ان بات کریں گے، تو شاید آج کے حالات کو ٹھیک کرنے میں کچھ مدد ہوگی۔

تیسرا، آج ہو یا ہفتے بعد ہو، کیا پارلیمنٹ سے آل پارٹی ڈیلی گیشن کشمیر جائے گا؟ بہت بہت دھنیواد۔

गृह मंत्री (श्री राजनाथ सिंह): डिप्टी चेयरमैन सर, राज्य सभा और लोक सभा का मिला कर मेरा 19 वर्ष से अधिक का समय हो गया है, लगभग 20 वर्ष मैंने पूरे किए हैं। लोक सभा की भी और राज्य सभा की भी कार्यवाही में मैंने कई बार हिस्सा लिया है और उसे देखने का भी अवसर मिला है, लेकिन इन बीस वर्षों के इतिहास में कभी भी जम्मू-कश्मीर के संबंध में इतनी लम्बी चर्चा न कभी देखी थी, न सुनी थी। मेरे लिए सबसे सुखद स्थिति यह है कि जो यह चर्चा हुई है, इसे हम केवल स्तरीय चर्चा नहीं कहेंगे, बल्कि इस सदन में उच्च-स्तरीय चर्चा हुई है। इसके लिए मैं एक बार सभी को अपनी तरफ से बधाई देना चाहता हूँ। हेल्दी डेमोक्रेसी, स्वस्थ लोकतंत्र की बात की जाती है, हो सकता है कि यदि कोई अदना ऐसा व्यक्ति हो, जिसको हेल्दी डेमोक्रेसी की डेफिनेशन न समझ में आती हो, स्वस्थ लोकतंत्र कहते किसे हैं, यह न समझ में आता हो, तो डिप्टी चेयरमैन साहब, वह यदि दिन भर बैठकर हमारे राज्य सभा की कार्यवाही को देख लेगा, उसे समझ में आ जाएगा कि हेल्दी डेमोक्रेसी कहते किसे हैं? आज की जैसी चर्चा हुई है, सचमुच हम सबको नाज होना चाहिए कि हमारे भारत की संसद ऐसी

[श्री राजनाथ सिंह]

है। बहुत से माननीय सदस्यों ने इस चर्चा में भाग लिया है और मैं अपनी जिम्मेदारी समझता हूँ, क्योंकि जब मैं नाम लेता हूँ, तो नाम लेने के पीछे हमारा मकसद यह होता है कि उन्होंने जो कुछ भी कहा है, पॉजिटिव कहा है, निगेटिव कहा है, न्यूट्रल रहे हैं, सबके प्रति एक सम्मान के भाव की अभिव्यक्ति करनी होती है, यह उसके पीछे उद्देश्य होता है। इस चर्चा को इनीशिएट करने का काम हमारे ऑनरेबल लीडर ऑफ अपोजीशन, गुलाम नबी आज़ाद साहब ने किया है और जम्मू-कश्मीर के श्री शमशेर सिंह मन्हास, प्रो. राम गोपाल जी यादव, श्री ए. नवनीतकृष्णन जी, श्री देरेक ओब्राईन जी, श्रीमान् शरद यादव जी, श्रीमान् सीताराम येचुरी, श्री दिलीप कुमार तिर्की, श्री मुनक़ाद अली जी, श्री डी.पी. त्रिपाठी जी, श्री स्वपन दासगुप्ता, नज़ीर अहमद साहब, आदरणीय डा. कर्ण सिंह जी, श्री जितेन्द्र सिंह जी, श्री के.टी.एस. तुलसी, श्री प्रताप सिंह बाजवा, डा. विनय पी. सहस्रबुद्धे जी, मीर मोहम्मद फ़ैयाज़ जी, श्री विवेक के. तन्खा, डा. के. केशव राव, श्री डी. राजा, श्री टी.के.एस. एलंगोवन, श्री राम जेठमलानी, श्री अब्दुल वहाब, श्री बिश्वजीत दैमारी, श्री सुखदेव सिंह ढिंडसा, श्री रामदास अठावले, श्री अनिल देसाई और चौधरी मुनव्वर सलीम, इन 29 लोगों ने चर्चा में अपने विचार व्यक्त किए हैं।

श्रीमन्, बैठे-बैठे मैं यह सोच रहा था कि अपनी चर्चा की शुरुआत कहां से करूं, लेकिन मैं अपना यह एक फर्ज समझता हूँ कि कश्मीर की सिचुएशन को लेकर जो इस संसद ने चिंता व्यक्त की है, तो इस समय की सिचुएशन के बारे में एक मोटी-मोटी जानकारी दे दूं। मैं संसद को यह भी जानकारी देना चाहता हूं कि मैं 23 और 24 जुलाई को कश्मीर गया था। वहां पर जाने के बाद मैंने क्या-क्या किया है, वह मैं सदन को बताना चाहता हूं। हमने 23, 24 जुलाई को श्रीनगर और अनंतनाग, दोनों का दौरा किया था और वहां पर हमने लगभग तीस से अधिक डेलीगेशंस से बातचीत की थी। उनमें सब्जी उत्पादक थे, नौका चलाने वाले थे, विभिन्न समुदायों के संगठन थे, विकास मंचों के प्रतिनिधि थे, चेंबर ऑफ कॉमर्स से थे, कार्यरत, सेवा-निवृत्त थे और साथ ही साथ मुख्य मंत्री जी भी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ मिली थी, सभी राजनीतिक दलों के लोग भी मुझसे मिले थे। उन्होंने कश्मीर की सिचुएशन पर भी गंभीरतापूर्वक चर्चा की थी। कश्मीर में लगातार 9 जुलाई से ही जो वहां सो-कॉल्ड लीडर्स हैं, उनके द्वारा आह्वान किया जा रहा है, जिन्हें हम अलगाववादी नेता कहते हैं, उनके द्वारा भी आह्वान किया जा रहा है। कश्मीर में 9 तारीख से लगातार हड़ताल रहेगी, यह आह्वान बराबर उनके द्वारा चल रहा है। जिन शहरों में, जिन स्थानों में कर्फ्यू नहीं भी होता है, वहां भय से बाजार नहीं खुल पाते हैं। एक धारणा बनी हुई है कि पूरी कश्मीर वैली में कर्फ्यू ही कर्फ्यू है, ऐसा नहीं है। लगातार कर्फ्यू लगा हुआ है, ऐसा नहीं है। कभी कुछ समय के लिए कर्फ्यू लगता है, उसके बाद कर्फ्यू को रिमूव भी करते हैं, लेकिन भय से भी बाजार बंद रहते हैं। यह मैंने वहां देखा था और आज भी, जब मैं जानकारी प्राप्त करता हूँ, तो कमोबेश वही स्थिति है। मैं यह बात कह सकता हूँ कि जो कुछ भी वहां हो रहा है, वह केवल कश्मीर के

6.00 P.M .

लोगों के द्वारा ही हो रहा है, ऐसा नहीं है, बल्कि मैं दावे के साथ कह सकता हूँ कि जो कुछ भी कश्मीर में हो रहा है, वह पाकिस्तान sponsored है। यह कहने में मुझे संकोच नहीं है। वहां जो भी कुछ नेताओं के so-called leaders के द्वारा एक प्रकार की strategy अपनाई गई है, उसके बावजूद मैं राज्य सरकार को भी बधाई देना चाहता हूं। इन कठिन परिस्थितियों में जिस तरीके से मेहबूबा मुफ़्ती जी के नेतृत्व में वहां की राज्य सरकार काम कर रही है, उसकी भी निश्चित रूप से सराहना करनी चाहिए, क्योंकि जनता की सुविधाओं का वहां की मुख्य मंत्री ने पूरा ध्यान रखा है। मैं एक नज़ीर पेश करना चाहता हूँ कि उन्होंने क्या-क्या ध्यान रखा है। वहां पर लंबे समय से कर्फ्यू लगे होने के बावजूद भी 'नेशनल फूड सिक्युरिटी स्कीम' के तहत 95 परसेंट फूड ग्रेन के distribution का काम पूरा हुआ है। औसत बांटी जाने वाली करीब 48 हजार क्विंटल चीनी की तुलना में 34 हजार क्विंटल चीनी का वितरण हुआ है। जब normal situation होती है, तब प्रायः औसत 48 हजार क्विंटल चीनी का distribution होता है, लेकिन इन वितरीत परिस्थितियों में भी लगभग 34 हजार क्विंटल चीनी का वितरण हुआ है। इसी अवधि में वहां पर लगभग 3,10,000 एलपीजी गैस सिलिंडर्स की बिक्री भी हुई है।

डिप्टी चेयरमैन सर, घाटी में सभी प्रकार की वस्तुओं का स्टॉक उपलब्ध है। जैसे यह कहा जाता है कि वहां वस्तुओं का स्टॉक उपलब्ध नहीं है। जैसे यह कहा जाता है कि वहां वस्तुओं का स्टॉक उपलब्ध नहीं है, ऐसे में लोग कहां से सामान खरीदें, क्या करें? लेकिन ऐसा नहीं है, वहां पर स्टॉक उपलब्ध है। मैं उदाहरण के लिए बताना चाहूंगा कि श्रीनगर में करीब 2,300 क्विंटल चीनी आज भी उपलब्ध है और वहां पर कई पेट्रोलियम कपनीज़ हैं, उनके पास 18 दिन का एलपीजी स्टॉक, 19 दिनों के लिए पेट्रोल और 32 दिनों के लिए मिट्टी का तेल भी इस समय श्रीनगर में उपलब्ध है। इसी प्रकार घाटी में आम रूप से उपलब्ध फल, सब्जी का भी क्रय-विक्रय राज्य सरकार समय-समय पर कर्फ्यू में ढील देकर insure करती है, सुनिश्चित करती है। इसी प्रकार सुबह होने से पूर्व बच्चों के लिए दूध का जो वितरण करना होता है और लोगों के व्यक्तिगत प्रयोग में जो दूध आता है, उसका भी वितरण होता है।

सर, सदन को मैं यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि इतनी वितरीत परिस्थितियों में भी 14 जुलाई से लेकर आज तक आवश्यक वस्तुओं को लेकर यानी फल, सब्जी आदि को लेकर 5,600 ट्रक घाटी में पहुंच रहे हें। मैं यह नहीं कहना चाहता हूं कि इस समय कश्मीर घाटी में रहने वाले लोग पूरी तरह से सामान्य जीवन जी रहे हैं। मैं यह दावा नहीं करना चाहता हूं, लेकिन सारी विपरीत परिस्थितियों के बावजूद वहां की राज्य सरकार के द्वारा भरपूर कोशिश हो रही है कि वहां के रहने वाले लोगों को कम से कम कठिनाइयों का सामना करना पड़े, लेकिन जो स्थिति घाटी में कुछ vested interest और misguided elements ने पैदा की है, उस स्थिति में आम जनता को जो भी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं, उन्हें राज्य सरकार ने अपनी तरफ से उपलब्ध कराने की पूरी कोशिश की है।

[श्री राजनाथ सिंह]

जहां तक medical facilities का सवाल है, कश्मीर में जो भी हिंसा हुई है, आज तक लगभग 2,656 मरीज विभिन्न अस्पतालों में पहुंचे, जिनमें से 2,564 को इलाज के बाद डिस्चार्ज किया जा चुका है। अब करीब 100 मरीज भर्ती हैं, जिनमें से 51 मरीज ऐसे हैं, जिनकी आंखों में चोट आई है। दुर्भाग्यवश tone pelting से करीब 100 एम्बुलेंसेज़ पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं, वे पूरी तरह से damage हो गई हैं, उसके बावजूद इस अवधि में 400 से अधिक एम्बुलेंसेज़ इस समय काम कर रही हैं। इसी अवधि में लगभग 5 लाख सामान्य मरीजों का भी ओपीडी में इलाज किया गया, जिनमें से करीब 33 हजार इन्डोर पेशेंट्स थे। लगभग 8 हजार छोटी-बड़ी सर्जरी भी इसी अवधि में की गई है और जहां आवश्यक हुआ है, मरीजों को दिल्ली में भी इलाज हेतु लाया गया है।

दिल्ली के एम्स तथा मुम्बई के आदित्य ज्योति अस्पताल में आई सर्जरी करने वाले दल श्रीनगर होकर आए और उन्होंने वहां चल रहे इलाज पर संतोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि श्रीनगर में pellet guns के कारण जिनकी आंखों में चोट पहुंची है, उनका इलाज ठीक तरीके से चल रहा है। इस पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया है। जहां तक non-lethal weapons का प्रश्न है, इसकी चर्चा चूंकि आज के डिस्कशन में आई है, इसका प्रयोग हम लोगों ने पहली बार नहीं किया है, इसके पहले भी इसका प्रयोग हुआ है। लेकिन यह कह कर कि पहले भी इसका प्रयोग हुआ है, हमने भी प्रयोग किया है, इसको मैं जस्टिफाई नहीं करना चाहता हूं। लेकिन हमारा कहना है कि मैंने वहां जाकर सिचुएशन को रिव्यू किया है, उसमें मैंने देखा है और मैंने कहा है कि non-lethal weapons के दूसरे ऑप्शंस क्या हो सकते हैं, इस पर भी विचार होना चाहिए। मैंने आते ही तुरन्त एक्सपर्ट्स की एक कमेटी बना दी थी और मैंने कहा था कि दो महीने के अंदर वह अपनी रिपोर्ट दे। कोई यह सवाल मुझसे पूछ सकता था कि क्या दो तक लगातार ये pellet guns चलती रहेंगी। मेरी तरफ से या सरकार की तरफ से सिक्योरिटी फोर्सेज को इंस्ट्रक्शंस मिले हुए हैं कि जितना मैक्सिमम रेस्ट्रेंट होल्ड कर सकते हैं, उतना करें, यह हम लोगों की तरफ से निर्देश मिला हुआ है।

उपसभापति महोदय, 18 जुलाई को जब इस सम्मानित सदन में इस मुद्दे पर पहले चर्चा हुई, तब उस समय agitations की लगभग 567 घटनाएं हो चुकी थीं। मैं 18 जुलाई के पहले की बात बतला रहा हूं, उन घटनाओं में 33 सिविलियंस और एक सिक्योरिटी फोर्स का जवान मारा गया। उस समय 1,948 सिविलियंस तथा 1,739 सिक्योरिटी फोर्स के जवान घायल हुए थे। लेकिन उसके बाद 18 जुलाई से लेकर 8 अगस्त तक 451 घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें से 10 सिविलियंस और सिक्योरिटी फोर्स के जितने जवान घायल हुए हैं, उनका नम्बर 4,515 है और जो सिविलियंस घायल हुए हैं, उनका नम्बर 3,356 है। यह जो निर्देश सिक्योरिटी फोर्सेज के जवानों को मिला कि जितना संयम बरत सकते हों, उतना संयम बरतें, जल्दी pellet guns का भी प्रयोग न करें। यही परिणाम है कि जो सिक्योरिटी फोर्सेज के जवान घायल हुए हैं, वे 4,500 से अधिक है।

डिप्टी चेयरमैन सर, हम सभी जानते हैं कि सर्वधर्म समभाव और equality for all के आधार पर हम लोगों को आज़ादी हासिल हुई है। इन्हीं को हमारे संविधान की प्रस्तावना का केन्द्र बिन्दु भी बनाया गया है। इस हकीकत को भी समझना चाहिए और कश्मीर में रहने वाले लोगों को भी हर हकीकत को समझना चाहिए। जितना बिहार और बंगाल के लिए हम लोगों का दिल धड़कता है, जितना गुजरात और राजस्थान के लिए दिल धड़कता है, जितना ओडिशा और असम के लिए दिल धड़कता है, उतना ही, डिप्टी चेयरमैन सर, सारे हिन्दुस्तानियों का दिल जम्मू-कश्मीर, लद्दाख के लिए भी धड़कता है, इस हकीकत को समझना चाहिए। इसमें कहीं किसी को संदेह नहीं होना चाहिए।

डिप्टी चेयरमैन सर, चर्चा के दौरान यह भी बात आई कि प्रधान मंत्री जी बाहर क्यों बोले, लोक सभा, राज्य सभा में बोलना चाहिए। मैं भी गृह मंत्री हूं और कल मेरी भी संवेदनशीलता देखिए। प्रधान मंत्री जी ने मंत्री बनाया, कुछ अधिकार मुझे भी प्रदत्त हैं, उन्हें भरोसा है। ऐसा नहीं है कि जो मैं बोलता हूं, वह प्रधान मंत्री जी की मंशा के खिलाफ बोलता हूं। ऐसा नहीं है। उनके भी भाव उसी में सम्मिलित हैं। हमारी उनसे चर्चा होती है। कश्मीर की स्थिति ऐसी है, जिस पर वे भी चिंता व्यक्त करते हैं कि इसमें क्या करना चाहिए, क्या कदम उठाने चाहिए। यह सारी बातचीत लगातार चलती ही है। उन्होंने कल जिन वाक्यों का प्रयोग किया है, उससे सहज रूप से ही कोई अंदाज लगा सकता है कि उनके दिल में कश्मीर को लेकर किस प्रकार के भाव हैं। उन्होंने सीधी-सीधी बात कही है - "अटल जी ने कश्मीर की समस्या के समाधान के लिए जो मार्ग प्रशस्त किया है - इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत, हम उसी मार्ग पर आगे बढ़ेंगे।" उन्होंने कहा, "जम्हूरियत का रास्ता बातचीत का रास्ता है, संवाद का रास्ता है, लोकतंत्र के उसूलों का रास्ता है। देश की आज़ादी के दीवानों ने जो ताकत हिन्दुस्तान को दी, वही ताकत कश्मीर को भी दी है। जो आज़ादी हिन्दुस्तान अनुभव करता है, वही आज़ादी कश्मीर को भी है। जिन नौजवानों-बच्चों के हाथों में क्रिकेट का बल्ला, वॉलीबॉल, किताब या लैपटॉप होना चाहिए, उन्हें पत्थर पकड़ा दिए गए हैं। मासूम युवाओं के हाथों में पत्थर देखकर बड़ी पीड़ा होती है। इससे कुछ लोगों की राजनीति जरूर चमक सकती है, लेकिन उन निर्दोष और भोले बच्चों का क्या होगा? कश्मीर के नौजवानों से मैं आग्रह करता हूँ कि आइए, मिल-जुलकर एक बार फिर कश्मीर को स्वर्ग बनाएँ।" इस प्रकार प्रधान मंत्री जी ने अपने भाव व्यक्त किए हैं।

डिप्टी चेयरमैन सर, बातें बहुत सारी हैं। यहाँ पर यह प्रश्न भी आया है कि इस संबंध में एक ऑल पार्टी मीटिंग होनी चाहिए। मैं सदन को यह जानकारी देना चाहता हूं कि हम लोगों ने यह तय किया है कि जब 12 तारीख को सदन का सत्र समाप्त होगा, तो 12 बजे के आस-पास ऑल पार्टी मीटिंग होगी, जिसमें प्रधान मंत्री जी स्वयं मौजूद रहेंगे। सर, मैं एक जानकारी यह भी देना चाहता हूं कि वहाँ पर लश्कर-ए-तैयबा के कुछ मिलिटैंट्स आकर, हमारे सरकारी अधिकारियों, हमारे सुरक्षाकर्मियों के परिवारों को भी इस समय धमकी देने का काम कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर की स्थिति इस समय यह भी है।

[श्री राजनाथ सिंह]

सर, चर्चा के दौरान unemployment को लेकर भी बात आई। मैं ऐसा नहीं मानता कि कश्मीर की जो समस्या है, वह unemployment के कारण ही इतनी गंभीर हुई है, इतनी क्रिटिकल हुई है, ऐसा नहीं है। देश के कई राज्यों में unemployment की प्रॉब्लम है। West Pak refugees की भी बात आई। West Pak refugees को तो proper citizenship मिलनी चाहिए, उनको जमीन खरीदने का अधिकार मिलना चाहिए, उनको नौकरी का अधिकार मिलना चाहिए। उनको कुछ नहीं मिला है, लेकिन वे शांतिपूर्वक बैठे हुए हैं। इसलिए मैं ऐसा नहीं मानता कि उसके कारण जम्मू-कश्मीर में ये संकट पैदा हुआ है।

डिप्टी चेयरमैन सर, मैं यह भी कहना चाहूंगा कि दो हफ्ते पहले पाकिस्तान के प्रधान मंत्री नवाज़ शरीफ साहब ने एक स्टेटमेंट दी। उन्होंने कहा कि उनको उस दिन का इंतजार है जब कश्मीर उनका होगा। मैं जान-बूझकर उस स्टेटमेंट का उल्लेख यहाँ पर कर रहा हूं। अभी मैं यह देख रहा था कि यूनाइटेड नेशंस के सेक्रेटरी जनरल को भी उन्होंने इधर एक पत्र लिखा है और कहा है कि कश्मीर के मुद्दे पर plebiscite होना चाहिए, जनमत संग्रह होना चाहिए।

सर, सदन में जो भी विचार हमने सुने हैं और उनकी feelings को हमने जो समझा है, उनकी भावनाओं को हमने जो समझा है और सभी के द्वारा जो ताकत मिली है, उस आधार पर मैं कह सकता हूं कि दुनिया की कोई ताकत हमसे जम्मू-कश्मीर को नहीं ले सकती है। जहाँ तक बातचीत का सवाल है, पाकिस्तान से बात होनी चाहिए। अब जब बात होगी तो कश्मीर पर बात नहीं होगी; डिप्टी चेयरमैन सर, पाक अधिकृत कश्मीर पर बात होगी। कश्मीर पर बात नहीं होगी, बात करने का कोई सवाल ही नहीं है। मैं कश्मीर के नौजवानों और वहां की जनता से भी एक अपील करना चाहता हूं। वहाँ पर कभी-कभी आईएसआईएस के झण्डे भी फहराए जाते हैं। वे कभी-कभी दिखाई देते हैं। सर, आईएसआईएस ने क्या किया है? उसने इस्लाम में यक़ीन करने वाले लोगों का ही सरेआम कत्ल किया है। इस हकीकत को भी हिन्दुस्तान को समझना चाहिए। हिन्दुस्तान दुनिया का इकलौता देश है, जहां पर चाहे हिन्दू हो, मुसलमान हो, सिख हो, ईसाई हो, पारसी हो, कोई हो, सबके जज्बात की, सबकी भावनाओं की इज्जत और कद्र करने वाली धरती यदि दुनिया में कोई है, तो उसका नाम है भारत।

मैं अपने कश्मीर के नौजवानों से कहना चाहता हूँ कि वे इस्लाम की हिस्ट्री को उठाकर देखें। इस्लाम कभी भी इस बात की इजाजत नहीं देता है कि किसी की गर्दन उतार दो, किसी की जिंदगी ले लो, किसी के दिल को चोट पहुंचाओ। ऐसे लोग जो झंडा फहराते हैं, मैं समझता हूं कि वे इस्लाम को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। नारा, "पाकिस्तान जिंदाबाद", डिप्टी चेयरमैन सर, मैं नहीं बोलना चाहता हूं, लेकिन मैं बोल रहा हूं कि भारत की धरती पर यह नहीं चलेगा।

डिप्टी चेयरमैन सर, कोई बोले कि हमारा हिन्दू धर्म बहुत अच्छा है, बेहतरीन है, इस्लाम धर्म बहुत अच्छा है, ईसाई धर्म बहुत अच्छा है, बेहतरीन है, बौद्ध धर्म बहुत अच्छा है, ये सारी चीज़ें हो सकती हैं, लेकिन कम से कम देश की धरती पर खड़े होकर देश के विरुद्ध नारेबाज़ी नहीं करनी चाहिए। इसलिए मैं कश्मीर के लोगों से भी विनम्रतापूर्वक अपील करना चाहता हूं कि जो ऐसा करने वाले हों, उन्हें ऐसी हरकत करने से रोकें। यह केवल हमारी भावना नहीं है। जो बातें संसद के सम्मानीय सदस्यों द्वारा कही गई हैं, उन्हीं की भावना के आधार पर मैं कश्मीर की जनता से यह अपील कर रहा हूं। मुझे और अधिक कुछ नहीं कहना है।

जहां तक ऑल पार्टी डेलिगेशन भेजने की बात है। मैं समझता हूं कि इसके बारे में हमारे आदरणीय डा. कर्ण सिंह जी ने भी सुझाव दिया है और सीताराम येचुरी जी भी कह रहे थे कि एक बार वहां पर ग्राउंड वर्क हो जाना चाहिए। हम देखते हैं, हम वहां के सी.एम. से भी बात करेंगे कि यदि कभी डेलिगेशन जाता है, तो वह किन-किन लोगों से मिलेगा, किन-किन के साथ उनकी बातचीत होगी। ग्राउंड वर्क के बारे मे हम उनके साथ बातचीत करेंगे।

डिप्टी चेयरमैन सर, वहां की सरकार ने भी काफी प्रभावी कदम उठाए हैं। वहां पर कुछ नौजवानों की नियुक्तियों का भी सिलसिला प्रारम्भ किया है। उन्होंने एसपीओज़ की भी 10,000 पोस्टें निकाली हैं। सेंट्रल गवर्नमेंट से भी हम लोगों ने जम्मू-कश्मीर में एक बटालियन सेंट्रल आर्म्स फोर्स की रिक्रूटमेंट के लिए आदेश पहले ही कर दिया है। नेशनल हाईवे डेवलपमेंट के प्रोजेक्ट भी काफी तेजी के साथ चल रहे हैं। वहां पर दो "एम्स" भी खोले गए हैं, आईआईएम खोला गया है और वहां के बच्चों को पहले जितनी स्कॉलरशिप मिलती थी, उससे ज्यादा स्कॉलरशिप मिल रही है। कश्मीर के बच्चों के संबंध में यह था कि देश के दूसरे भागों में जिन भी शिक्षा संस्थाओं में वे पढ़ रहे हैं, उनकी सिक्योरिटी का जहां तक सवाल है, उसके संबंध में, मैं सभी राज्यों के मुख्य मंत्रियों का स्वयं अपनी तरफ से पत्र लिखूंगा। जहां-जहां पर अधिक संख्या में कश्मीरी बच्चे पढ़ते हैं, वहां के लिए मैं कहूंगा कि कोई ऐसा सिस्टम बनाइए, ताकि कश्मीर से जाने वाले बच्चे और वहां के रहने वाले बच्चों के आपस में रिश्ते बेहतर हों और उनके अंदर भाईचारे का भाव पैदा हो। किसी माननीय सदस्य ने पूछा था कि कितने बच्चों को स्कॉलरशिप मिल रही है, तो उनकी संख्या 14,500 के आसपास है। घाटी के लगभग 1,400 स्टूडेंट्स को इंजीनियरिंग, नर्सिंग, मेडिकल, और होटल मैनेजमेंट में एडमिशन्स मिले हुए हैं। हर अच्छे कॉलेज में दो की जगह पर दस एडमिशन्स दिए गए हैं। पहले इंजीनियरिंग में केवल 250 एडमिशन्स हुए थे, अब वह संख्या बढ़कर 1,400 हो गई है। डिप्टी चेयरमैन सर, इतनी जानकारी देने के बाद मैं यही कहना चाहूंगा कि...

श्री गुलाम नबी आज़ादः हमने भी दो सवाल पूछे थे, एक तो moderates के साथ talks के बारे में था और दूसरा कश्मीर में आर्मी के बारे में था।

[श्री गुलाम नबी आज़ाद]

† قائد حزب اختلاف (جناب غلام نبی آزاد) : ہم نے بھی دو سوال پوچھے تھے، ایک تو moderates کے ساتھ talks کے بارے میں تھا اور دوسرا کشمیر میں آرمی کے بارے میں تھا۔

श्री राजनाथ सिंहः जहां तक यह है कि valley में अमरनाथ यात्रा समाप्त होने के बाद कश्मीर आर्मी के हवाले कर दिया जाएगा, तो ऐसा कभी सोचा भी नहीं जा सकता। मैं समझता हूं कि जानबूझकर इस प्रकार की अफवाह फैलाई जा रही है। यह कभी सोचा ही नहीं जा सकता। ...(**व्यवधान**)... आज कल तो सोशल मीडिया है, उसमें क्या हो जाए, कहा नहीं जा सकता।

जहां तक बातचीत का सवाल है, तो आपने कहा है कि जो mainstream political parties हैं, moderates हैं और दूसरे organizations हैं, वे बातचीत करने के लिए तैयार हैं। मैं वहां की मुख्य मंत्री जी से भी कहूंगा। मैं उनसे कहूंगा कि किन-किन लोगों से बात करनी है, आप भी बात शुरू करिए। हम लोग भी बात करने के लिए तैयार हैं और हम सारे लोग मिलकर बात करने के लिए तैयार हैं, इसीलिए मैंने ऑल पार्टी डेलिगेशन की बात कही है। हम सबसे बातचीत करेंगे, इसमें कहीं कोई समस्या नहीं है।

डिप्टी चेयरमैन सर, आप से भी बात हुई थी, कुछ सम्मानित सदस्यों से भी बात हुई थी तथा जो हमारे different political parties के leaders हैं, उनसे भी बातचीत हुई थी। यह तय हुआ कि जम्मू और कश्मीर की जनता से अपील करते हुए यहां से एक प्रस्ताव भी होना चाहिए।

संकल्प

यह सभाः-

(i) कश्मीर घाटी में लम्बे समय से चली आ रही अशांति, हिंसा और कर्फ्यू की स्थिति के प्रति अपनी गंभीर चिंता व्यक्त करती है;

(ii) बिगड़ती हुई स्थिति के कारण होने वाली मौतों तथा घायल लोगों के प्रति गहरी संवेदना और चिंता व्यक्त करती है;

---

†Transliteration in Urdu script.

